चैत्र मास, शुक्ल पक्ष 8, वर्ष 11, अंक 336, पृष्ठ 12, मूल्य: 5.00

प्रयागराज, बुधवार, 29 मार्च, 2023

परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ, कानपुर एवं गोरखपुर से प्रकाशित




अन्दर : रोहित को क्रिकेट किट के लिए दूध के पैकेट बेचने पड़े थे : प्रज्ञान



अन्दर : मंहगाई के बोझ तले दबता आम आदमी


नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news


# अतीक समेत तीन दोषियों को उम्रकैद

## किडनैपिंग केस में अशरफ समेत 7 बरी, उमेश की मां बोलीं- फांसी होनी चाहिए

**प्रयागराज।** माफिया अतीक अहमद को मंगलवार को प्रयागराज की एमपी-एमएलए कोर्ट ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। 17 साल पुराने उमेश पाल अपहरण केस में यह सजा सुनाई गई है। पुलिस रिकॉर्ड में अतीक गैंग पर 101 मुकदमे दर्ज हैं। यह पहला मामला है, जिसमें अतीक को दोषी ठहराया गया और सजा मिली है। इस बीच उसे साबरमती जेल वापस भेजने का ऑर्डर हो गया है।

जज दिनेश चंद्र शुक्ल ने अतीक के अलावा खान सौलत हनीफ और दिनेश पासी को भी उम्रकैद की सजा सुनाई है। तीनों पर एक-एक लाख का जुर्माना भी लगाया गया है। यह रुपए उमेश के परिवार को दिए जाएंगे। वहीं, अतीक के वकील दया शंकर मिश्रा ने कहा कि हम फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील करेंगे। वहीं, अशरफ उर्फ खालिद अजीम समेत फरहान, जावेद उर्फ बज्जू, आबिद, इसरार, आशिक उर्फ मल्ली, एजाज अख्तर को बरी कर दिया गया है। सजा सुनाने के बाद दोपहर 3.30 बजे अतीक और अशरफ को वापस नैनी जेल ले जाया गया। इस दौरान मीडियाकर्मियों ने अतीक-अशरफ से सवाल किए, लेकिन उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। अतीक को वापस साबरमती और अशरफ को बरेली जेल भेजने के लिए नैनी जेल में समन पहुंच चुका है। हालांकि दोनों को कब ले जाया जाएगा, यह अभी साफ नहीं है। उधर, अतीक को नैनी जेल वापस लाया गया है, लेकिन उसे जेल के अंदर नहीं लिया गया है। दोनों प्रिजन वैन जेल गेट पर खड़ी हैं। वरिष्ठ जेल अधीक्षक शशिकांत सिंह ने अतीक को जेल में लेने से मना कर दिया है। नैनी जेल सुपरिन्टेंडेंट के मुताबिक माफिया अतीक अहमद को गुजरात और अशरफ को बरेली भेजा जाएगा। नैनी जेल में लेने का अभी कोई आदेश नहीं मिला है। कोर्ट के फैसले के बाद उमेश की मां शांति देवी ने कहा- अतीक अहमद ने मेरे बेटे का मर्डर कराया। तीन-तीन लोगों की जान गई। वो पुराना खूंखार बदमाश और डकैत है वो अपने पैसों के बल पर कुछ भी कर सकता है। मुख्यमंत्री से मेरी मांग है कि उसे फांसी दी जाए। उसे अपहरण मामले में भले ही उम्रकैद की सजा हुई है, लेकिन मर्डर केस में उसे फांसी दी जाए। वहीं, उमेश पाल की पत्नी जया पाल ने कहा- मैं घर पर अकेली हूं। मुख्यमंत्री से मांग करती हूं कि मेरी सुरक्षा का ख्याल रखा जाए। अतीक को अपहरण मामले में उम्रकैद की सजा कोर्ट ने सुनाई है। इस फैसले पर मैं कुछ नहीं कहना चाहती हूं, लेकिन मेरे पति के मर्डर केस में अतीक को फांसी की सजा दिलाई जाए।

### कसा शिकंजा

**अतीक को वापस साबरमती और अशरफ को बरेली जेल भेजा जाएगा**

**उमेश की मां बोलीं- अतीक पैसों के बल पर कुछ भी कर सकता है**



### वकीलों ने लगाए 'फांसी दो...फांसी दो' के नारे

जब कोर्ट में अतीक को ले जाया जा रहा था, तभी परिसर में वकीलों ने 'फांसी दो...फांसी दो' के नारे लगाए। नाराज वकीलों का कहना था कि उसने (अतीक) उनके साथी उमेश की हत्या की है। इसलिए उसे फांसी की सजा होनी चाहिए। अतीक को जेल से जिस पुलिस वैन में लाया गया, उसमें सीसीटीवी लगे थे। जेल से कोर्ट तक की 10 किमी की दूरी 28 मिनट में तय हुई। अतीक को सोमवार शाम को अहमदाबाद की साबरमती जेल से और उसके भाई अशरफ को बरेली जेल से प्रयागराज लाया गया था। दोनों को नैनी सेंट्रल जेल में हाई सिक्योरिटी बैरक में रखा गया था।

### फैसले से पहले अतीक को सुप्रीम कोर्ट से झटका

इस बीच, उमेश पाल मर्डर केस में सुप्रीम कोर्ट ने अतीक अहमद की सुरक्षा देने की अपील खारिज कर दी है। अतीक ने याचिका में कहा था कि जब तक वो उत्तर प्रदेश पुलिस की कस्टडी में है, उसे सुरक्षा दी जाए। अतीक ने कहा था कि वह यूपी की जेल में शिफ्ट नहीं होना चाहता। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने अतीक के वकील से कहा कि अपनी शिकायत लेकर हाईकोर्ट जाइए।

# अतीक को 44 साल में पहली बार सजा

## माफिया के खिलाफ 14 मुकदमों में गवाह पलटे

**प्रयागराज।** माफिया अतीक अहमद को उम्रकैद की सजा हुई। अतीक की क्राइम हिस्ट्री बहुत लंबी है। उस पर पहला केस 1979 में दर्ज हुआ था, अब 44 साल बाद उसे पहली बार सजा हुई है। पहली ही सजा में उसे उम्रकैद मिली है। उस पर 101 मुकदमे दर्ज हैं, इनमें से करीब 50 केस कोर्ट में चल रहे हैं। पहली सजा में इतना समय इसलिए लगा, क्योंकि अतीक और उसकी गैंग के खिलाफ दर्ज ज्यादातर मुकदमों में गवाह पलटते रहे।

उसके खिलाफ दर्ज 14 मुकदमों में अब तक गवाह मुकर चुके हैं। 4 मुकदमे तो राज्य सरकार ही वापस ले चुकी है। उसके खिलाफ दर्ज 12 मुकदमों में ट्रायल तक नहीं हो पा रहा था। यूपी पुलिस के डोजियर के अनुसार, माफिया अतीक अहमद और उसके गैंग कर- 227 के खिलाफ 101 मुकदमे दर्ज हैं। अतीक पर अभी कोर्ट में 50 मामले चल रहे हैं, जिनमें ठरअ, गैंगस्टर और गुंडा एक्ट के डेढ़ दर्जन से अधिक मुकदमे हैं। अतीक पर पहला मुकदमा 1979 में दर्ज हुआ था। हत्या, लूट, रंगदारी, अपहरण के न जाने कितने मुकदमे उसके खिलाफ दर्ज होते रहे। मुकदमों के साथ ही उसका राजनीतिक कद भी बढ़ता रहा।

अतीक अहमद का 30-35 साल से प्रयागराज समेत आसपास के 8 जिलों में वर्चस्व रहा है। यूपी पुलिस के डोजियर के अनुसार, अतीक के गैंग आईएस- 227 के खिलाफ 101 मुकदमे दर्ज हैं। अभी कोर्ट में 50 मामले चल रहे हैं। इनमें एनएसए, गैंगस्टर और गुंडा एक्ट के मुकदमे भी हैं। अतीक पर पहला मुकदमा 1979 में दर्ज हुआ था। यानी 44 साल में अतीक पहली बार दोषी ठहराया गया है और उसे सजा मिली है।

### ऐसी थी धमक

**अतीक गैंग पर 100 से ज्यादा केस, पहले केस में सजा मिली**

**12 मुकदमों में ट्रायल तक नहीं हो पा रहा था**






# अब पैन को आधार से 30 जून तक करा सकेंगे लिंक



**नई दिल्ली।** पैन को आधार कार्ड से लिंक करने की डेडलाइन 31 मार्च से बढ़ाकर 30 जून कर दी गई है। अगर आप इस जरूरी काम को 30 जून से पहले नहीं करते हैं। ऐसे में आपका पैन कार्ड निष्क्रिय हो जाएगा। इस स्थिति में आप पैन कार्ड से जुड़े कई जरूरी कार्यों को नहीं कर पाएंगे। पैन कार्ड इनऑपरेटिव होने के बाद इनकम टैक्स रिटर्न दाखिल करने से लेकर बड़ी ट्रांजैक्शन करने में लोगों को कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। इसके अलावा आप स्टॉक मार्केट में भी निवेश नहीं कर पाएंगे। ऐसे में आपके पास अब 30 जून तक का ही मौका है। आपको जल्द से जल्द इस काम को कर लेना चाहिए। इसी कड़ी में आज हम आपको उस प्रोसेस के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसकी मदद से आप अपने पैन को आधार कार्ड से लिंक कर सकते हैं। पैन को आधार कार्ड से लिंक करने की प्रक्रिया काफी आसान है। इसमें आपको किसी भी प्रकार की दिक्कतों का सामना नहीं करना होगा। अपने पैन को आधार कार्ड से लिंक करने के लिए सबसे पहले आपको इनकम टैक्स की आधिकारिक वेबसाइट https://www.incometax.gov.in/iec/foportal/ पर विजिट करना है। वेबसाइट ओपन होने के बाद आपको लिंक आधार के ऑप्शन को सेलेक्ट करना है।






# 18 दवा कंपनियों के लाइसेंस रद्द

### फैसला

**नकली और खराब गुणवत्ता की दवा बनाने वाली फार्मा कंपनियों पर सरकार का शिकंजा**

**कफ सिरप पीने से गांबिया और उज्बेकिस्तान में बच्चों की मौत की आई थी खबरें**



**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने नकली दवाओं के निर्माण के आरोप में 18 फार्मा कंपनियों के लाइसेंस रद्द कर दिए हैं। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार ड्रग्स कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया ने 20 राज्यों में 76 दवा कंपनियों का निरीक्षण करने के बाद यह फैसला लिया है। आधिकारिक सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि देश में नकली दवाओं के निर्माण का उद्भेदन करने के लिए फार्मा कंपनियों के खिलाफ विशेष कार्रवाई अभियान चला रहा है। बताया जा रहा है कि डीसीजीआई ने 26 फार्मा कंपनियों को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया है। ये अभियान पिछले 15 दिनों से जारी है। जिन 70 कंपनियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है उनमें हिमाचल प्रदेश की 70, उत्तराखंड की 45 और मध्य प्रदेश की 23 कंपनियां हैं। इन सभी कंपनियों पर नकली दवाओं के निर्माण के आरोप लगे थे। बीते दिनों में ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया की ओर से दवाओं के मामले में अमेजन और फ्लिपकार्ट को भी नोटिस भेजा गया था। दोनों पर ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक एक्ट 1940 के उल्लंघन का आरोप लगाया था। ऐसे नोटिस अमेजन और फ्लिपकार्ट समेत 20 कंपनियों को भेजा गया था। बता दें कि बीते कुछ महीनों में भारतीय कंपनियों की ओर से बनाए गए कफ सिरप पीने से गांबिया और उज्बेकिस्तान में बच्चों के मौत की खबरें आई थी। इस प्रकरण के बाद से भारतीय दवा कंपनियां सवालों के घेरे में आ गईं थी। दवा कंपनियों के खिलाफ सरकार की ओर से की जा रही ताजा कार्रवाई को उसी से जोड़कर देखा जा रहा है। सरकार दवाओं के निर्माण मामले में कोई भी ढिलाई नहीं बरतने के संकेत दिए हैं। इसी कड़ी में लगातार दवाओं कंपनियों और उनकी कार्यप्रणाली का निरीक्षण किया जा रहा है। इस बीच यूपी समेत कई राज्य सरकारों ने भी कई दवा कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई की है।

# मुझसे जो कहा गया है, उसे मैं पूरा करूंगा: राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने लोकसभा सचिवालय की चिट्ठी के जवाब में कहा है कि उनसे जो कहा गया है, उसे वो पूरा करेंगे। सरकारी बंगला खाली कर देंगे। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष को मानहानि के एक केस में सूरत की अदालत ने दो साल की सजा सुनाई है, जिसके बाद उनकी लोकसभा सदस्यता खत्म हो गई। इस कारण लोकसभा सचिवालय ने उन्हें 12 तुगलक लेन स्थित मिला सरकारी बंगला खाली करने को कहा है। सचिवालय ने चिट्ठी जारी कर राहुल गांधी से कहा है कि वह 23 अप्रैल तक सरकारी बंगला खाली कर दें। राहुल गांधी ने 2019 में केरल के वायनाड लोकसभा सीट पर जीत दर्ज की थी। उससे पहले लगातार तीन बार उत्तर प्रदेश की अमेठी सीट से लोकसभा सांसद रहे थे।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने लोकसभा के डिप्टी सेक्रेटरी मोहित रंजन के नाम चिट्ठी लिखकर कहा है कि 12-तुगलक लेन पर हमारे आवास 27 मार्च 2023 तक वापस लिए जाने के संबंध में लिखी चिट्ठी के लिए आपका धन्यवाद। राहुल गांधी ने कहा कि पिछले 4 बार से लोकसभा सांसद के तौर पर जनता का दायित्व पूरा करते हुए यहां बिताए वक्त की मेरे पास खुशहाल यादें हैं। अपने अधिकारों के प्रति बिना किसी पूर्वग्रह के मैं आपकी चिट्ठी में लिखी बातों का पालन करूंगा।

### दिया जवाब

**बंगला खाली कर देंगे, लोकसभा सचिवालय को लिखा पत्र**



# ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव की तैयारी

**नई दिल्ली।** संसद के बजट सत्र के बचे वक्त के लिए विपक्षी दलों ने नई रणनीति बनाई है। सूत्रों के मुताबिक, विपक्षी दल सोमवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव ला सकते हैं। कांग्रेस सांसदों की बैठक में इससे जुड़ा प्रस्ताव रखा गया था। कांग्रेस इस संबंध में अन्य विपक्षी दलों से बात कर रही है। जानकारी के मुजाबिक, 19 विपक्षी पार्टी के सांसद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव ला सकते हैं। अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए 50 विपक्ष के लोकसभा सांसद के हस्ताक्षर की जरूरत है। जिसकी तैयारी शुरू हो चुकी है। विपक्ष को सदन नहीं बोलने देने के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया जा रहा है।

इस बीच खबर यह भी है कि राहुल गांधी के मामले में कांग्रेस पार्टी अगले हफ्ते सेशन कोर्ट जा सकती है। अभिषेक मनु सिंघवी की अगुवाई में जमानत और सजा पर रोक के लिए लीगल टीम पुख्ता तैयारी कर रही है। सीआरपीसी के कानून के मुताबिक, सजा पर रोक के लिए हाईकोर्ट में अपील करना होगा। कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने बताया कि यह सरकार अदाणी घोटाले पर कुछ भी सुनना नहीं चाहती है। आज भी हमने इस घोटाले की जेपीसी जांच की मांग की। अगर सरकार दोषी नहीं है, तो इस मुद्दे पर जेपीसी बनाने से क्यों भाग रही है?

दिल्ली पुलिस ने मशाल मार्च निकाल रहे कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश रावत ने कहा कि ये लोकतंत्र की हत्या है। हमने मशालें जलाईं, जिन्हें पुलिस ने बुझाने का काम किया। हम दिल की मशाल जलाएंगे, हर जुल्म से लड़ेंगे। इससे पहले कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के सभी सांसद और नेता लाल किले से टाउन हॉल तक 'लोकतंत्र बचाओ मशाल शांति मार्च' में हिस्सा लेंगे। अगले 30 दिनों में देश भर में ब्लॉक, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं की भागीदारी से 'जय भारत सत्याग्रह' का आयोजन किया जाएगा।

### एकजुट हुआ विपक्ष

**विपक्षी दलों ने बनाई रणनीति कांग्रेस ने सरकार के खिलाफ खोला मोर्चा**



### डीमैट अकाउंट के लिए नॉमिनेशन की डेडलाइन 6 माह बढ़ी

**नई दिल्ली।** नए वित्त वर्ष की शुरूआत से पहले ही बाजार नियामक सेबी की ओर से निवेशकों के लिए राहत की खबर है। सेबी ने डीमैट अकाउंट नॉमिनेशन की समयसीमा को 6 महीने के लिए बढ़ा दिया है। सेबी की ओर से जारी सर्कुलर के मुताबिक, डीमैट खातों का नॉमिनेशन अब 30 सितंबर 2023 तक कराया जा सकेगा। पहले यह समयसीमा 31 मार्च 2023 थी। बाजार नियामक सेबी ने कहा कि यह निर्णय हितधारकों से प्राप्त रिप्रजेंटेशन और उन ट्रेडिंग और डीमैट खातों के आकलन के आधार पर लिया गया है जिनमें नॉमिनेशन को अपडेट नहीं किया गया है। इसके साथ ही सेबी ने कहा कि जिन खातों में नॉमिनेशन पर कोई अपडेट नहीं है, उन्हें 30 सितंबर के बाद ट्रेडिंग और डेबिट के लिए बंद कर दिया जाएगा।

# जेपीसी की मांग को लेकर हंगामा

**नई दिल्ली।** अडाणी मामले पर जांच के लिए जेपीसी के गठन की मांग को लेकर विपक्षी दलों के हंगामे के कारण मंगलवार को भी लोक सभा में सुचारु ढंग से कोई कामकाज नहीं हुआ। हंगामे के कारण लोक सभा की कार्यवाही को पहले दोपहर 2 बजे तक और फिर दिन भर के लिए स्थगित करना पड़ा। दोपहर बाद 2 बजे दुबारा लोक सभा की कार्यवाही शुरू होते ही काले कपड़े पहने कांग्रेस सांसदों ने वेल में आकर अडानी मसले पर जेपीसी के गठन की मांग को लेकर नारेबाजी करना शुरू कर दिया। डीएमके और एनसीपी सहित कई अन्य विपक्षी दलों के सांसद भी अपनी-अपनी सीट पर खड़े होकर नारेबाजी में कांग्रेस सांसदों का साथ दे रहे थे। हंगामे और नारेबाजी के बीच पीठासीन सभापति रमा देवी ने सदन की कार्यवाही को चलाने का प्रयास किया। उन्होंने आवश्यक कागजों को सदन के पटल पर रखवाना शुरू किया। इस दौरान विपक्षी दलों की तरफ से जोरदार नारेबाजी और हंगामा भी जारी रहा जिसके कारण पीठासीन सभापति रमा देवी ने सदन की कार्रवाई को दिन भर के लिए यानी बुधवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया।इससे पहले, सुबह 11 बजे भी लोक सभा की कार्यवाही शुरू होते ही वेल में आने वाले कई विपक्षी सांसदों ने कागज फाड़-फाड़कर अध्यक्ष के आसन पर बैठे पीठासीन सभापति मिथुन रेड्डी की तरफ फेंकना शुरू कर दिया। इस दौरान विपक्षी सांसद लगातार अध्यक्ष के आसन पर बैठे पीठासीन सभापति को काले कपड़े भी दिखाते नजर आए।

### लोक सभा

**सदन की कार्यवाही बुधवार तक के लिए स्थगित**

**कांग्रेस सांसद काले कपड़े पहन वेल में आकर हंगाम करते रहे**



# ईपीएफओ के सात करोड़ लोगों को मिली खुशखबरी

**नई दिल्ली।** दिल थामकर बैठे करोड़ों पीएफ खाताधारकों के लिए आखिर कर खुशखबरी आ ही गई। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के ट्रस्ट ने मंगलवार को चालू वित्तवर्ष (2022-23) के लिए ब्याज दरें बढ़ाने का फैसला किया है। अब ईपीएफओ के 7 करोड़ से अधिक खाताधारकों को 8.15 फीसदी का ब्याज मिलेगा। ईपीएफओ के सेंट्रल बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज (सीबीटी) की दो दिन चली बैठक के बाद पीएफ की ब्याज दरों में 0.05 फीसदी बढ़ोतरी का फैसला किया गया। पिछले वित्तवर्ष में इसकी ब्याज दर 8.10 फीसदी थी, जो अब बढ़कर 8.15 फीसदी हो गई है। इससे पहले पीएफ की ब्याज दर सबसे कम 1977-78 में 8 फीसदी रही थी।

ऐसा नहीं है कि ईपीएफओ के ट्रस्टीज की मुहर के बाद पीएफ खाते पर नई ब्याज दर लागू हो जाएगी। इसके लिए अभी सरकार की मंजूरी लेना भी जरूरी है। 2022-23 के लिए तय की गई ब्याज दर की वित्त मंत्रालय भी समीक्षा करेगा और उसकी मुहर लगने के बाद ही ब्याज का पैसा खाते में भेजने का रास्ता साफ होगा। गौरतलब है कि वित्तवर्ष 2021-22 के ब्याज का पैसा भी अभी तक पीएफ खाताधारकों को नहीं मिल सका है।

### ब्याज दर बढ़ी

**खाताधारकों को 8.15 फीसदी का ब्याज मिलेगा**

### पीएम के खिलाफ 11 भाषाओं में 'आप' ने जारी किया पोस्टर

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में आम आदमी पार्टी ने प्रधानमंत्री के खिलाफ 11 भाषाओं में पोस्टर जारी किए। पोस्टर हिंदी, अंग्रेजी, मराठी, पंजाबी, मलयालम, उड़िया, कन्नड़, बांग्ला, गुजराती, उर्दू और तेलुगु भाषाओं में तैयार कराए गए हैं। आम आदमी पार्टी 30 मार्च को पूरे देश में ये पोस्टर लगाएगी। आप के प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने कहा कि देश में भाजपा की अघोषित तानाशाही लागू हो चुकी है। वह लोकतंत्र खत्म करने में लगी हुई है। भाजपा चुनाव आयोग व सीबीआई-ईडी को अपने इशारे पर चलने पर मजबूर कर रही है। उनका काम केवल विपक्ष के नेताओं के ऊपर फर्जी मुकदमे चलाकर जेल के अंदर बंद करने तक सीमित रह गया है। साथ ही गोपाल राय ने कहा कि न्यायपालिका को भी कंट्रोल करने की कोशिश कर रही है, वहीं वह राज्य सरकारों को स्वतंत्र रूप से काम नहीं करने दे रही है, लेकिन अब देश और विपक्ष के नेता किसी भी तरह के षड्यंत्र व फर्जी एफआईआर से डरने वाले नहीं है।

# कड़ी लड़ाई के लिए तैयार रहें सांसद और नेता : पीएम

## भाजपा की ताकत बढ़ने के साथ ही विपक्ष का हमला भी तेज होगा

**नई दिल्ली।** संसद से लेकर सड़क तक कांग्रेस सहित विरोधी दलों की ओर से राजनीतिक हमलों का सामना कर रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा संसदीय दल की बैठक में सभी सांसदों और नेताओं से कड़ी लड़ाई के लिए तैयार रहने का आह्वाहन किया है। सूत्रों के मुताबिक, भाजपा संसदीय दल की बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भाजपा जितनी तेजी से आगे बढ़ेगी, चुनावों में जैसे-जैसे जितनी तेजी से जीत हासिल करेगी, विपक्षी दलों की तरफ से भाजपा के ऊपर हमला उतना ही ज्यादा तेज होता जाएगा। इसकारण सभी को एक कड़ी लड़ाई के लिए तैयार रहना चाहिए। प्रधानमंत्री के आह्वान को विपक्षी दलों की एकता की मुहिम के मद्देनजर आगामी चुनावों खासकर 2024 के लोक सभा चुनाव के मद्देनजर काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक, बैठक में पीएम मोदी ने सभी सांसदों को अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रियता बढ़ाने, सरकार की उपलब्धियों और योजनाओं की जानकारी को लोगों तक पहुंचाने के साथ ही गैर राजनीतिक कार्यों एवं अभियानों में भी बढ़-चढ़कर शामिल होने को कहा है। प्रधानमंत्री मोदी के निर्देश को सांसदों के लिए चेतावनी के तौर पर भी बताया जा रहा है कि लोक सभा चुनाव के लिए तैयारी शुरू कर दीजिए अन्यथा चुनाव जीतने के लिए पार्टी को उनके विकल्प पर विचार करना पड़ सकता है।सूत्रों के मुताबिक, प्रधानमंत्री मोदी ने सभी सांसदों को अगले 15 दिनों में अपना ब्लूप्रिंट उनके कार्यालय भेजने को कहा है कि वे 15 मई से 15 जून के एक महीने के दौरान केंद्र द्वारा 9 साल के कार्यकाल के दौरान चलाई योजनाओं का अपने-अपने क्षेत्र में किस तरह से प्रचार प्रसार करने वाले हैं। दरअसल, भाजपा संसदीय दल की बैठक में पीएम मोदी ने पार्टी के सभी सांसदों को केंद्र सरकार के 9 साल की उपलब्धियों और केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं को देश की जनता तक पहुंचाने के लिए अपने-अपने क्षेत्रों में एक महीने तक विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया है।



संसदीय दल की बैठक की जानकारी देकर केंद्रीय संसदीय कार्य राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने बताया कि बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने सभी सांसदों को 15 मई से 15 जून यानी एक महीने तक केंद्र सरकार द्वारा 9 साल के कार्यकाल के दौरान चलाई गई योजनाओं का प्रचार प्रसार करने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री मोदी ने गुजरात का उदाहरण देकर धरती बचाओ, धरती मां पुकार रही है जैसे गैर राजनीतिक कार्यक्रमों से भी सभी सांसदों को जुड़ने का आह्वान किया। केंद्रीय मंत्री मेघवाल ने बताया कि 6 अप्रैल को भाजपा का स्थापना दिवस है और 14 अप्रैल को बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का जन्मदिन है। पार्टी 6 से लेकर 14 अप्रैल तक के सप्ताह को सामाजिक न्याय सप्ताह के रूप में मनाएगी। वहीं संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने सभी सांसदों से नई-नई तकनीक से जुड़ने और अपडेट रहने का आह्वाहन किया।

# विकास खंड बहरिया में भ्रष्टाचार का बोलबाला

● पात्रों को नहीं दिया जा रहा है प्रधानमंत्री आवास ● अधिकारियों ने मिलीभगत कर अपात्रों को दे दिया आवास

**भ्रष्टाचार**

**प्रधानमंत्री आवास में आवंटन में की जा रही है धांधली**

**आरोप है कि ब्लाक के अधिकारियों और कर्मचारियों ने क्षेत्र के कुछ सफेदपोश नेताओं के दबाव में आकर मिलीभगत करते हुए अपात्र लोगों को आवास आवंटित कर दिया**



इन्द्रावती का पक्का मकान इन्हे मिला आवास का लाभ



पात्र ऊषा देवी का कच्चा मकान व जांच करते बीडीओ बहरिया

**बहरिया।** एक तरफ जहां यूपी की योगी सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम करने का दावा कर रही हैए वहीं विकास खंड बहरिया में इन दिनों अधिकारियों और कर्मचारियों की मिलीभगत के चलते भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच गया है। अधिकारियों और कर्मचारियों की मनमानी करते हुए अपात्रों को योजनाओं का लाभ देते हुए पात्रों को सरकार की योजनाओं के लाभ से वंचित कर दे रहे हैं। ताजा मामला विकास खंड बहरिया के मीरकपुर ग्रामसभा का है। जहां ब्लाक के अधिकारियों और कर्मचारियों ने मिलीभगत करते हुए पात्र व्यक्तियों को अपात्र करते हुए अपात्रों को प्रधानमंत्री आवास का लाभ दे दिया।

मिली जानकारी के अनुसार मीरकपुर गांव निवासिनी इंद्रावती देवी पत्नी रामानंद के पास पक्का मकान है। किंतु विकास खंड बहरिया के अधिकारियों और कर्मचारियों ने उसे पात्र करते हुए प्रधानमंत्री आवास को आवंटित कर दिया। जबकि मीरकपुर गांव की ही ऊषा देवी पत्नी राकेश कुमार गरीब और पात्र होने के बाद भी ब्लाक के अधिकारियों और कर्मचारियों ने ऊषा देवी को अपात्र करते हुए प्रधानमंत्री आवास के लाभ से वंचित कर दिया। आरोप है कि ब्लाक के अधिकारियों और कर्मचारियों ने क्षेत्र के कुछ सफेदपोश नेताओं के दबाव में आकर मिलीभगत करते हुए अपात्र लोगों को आवास आवंटित कर दिया। इस संबंध में खंड विकास अधिकारी बहरिया श्रीश गुप्ता का कहना है कि इंद्रावती के पास पक्का मकान है जो अपात्र है। इसके बाद भी इंद्रावती को पात्र कर आवास को आवंटित कर दिया गया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए इंद्रावती की किस्त को रोक दी गई है। जो किस्त जारी हो चुकी है उसकी वसूली की कार्यवाही की जाएगी। इसके साथ ही ऊषा देवी की जांच की गई तो जांच में पाया गया कि ऊषा देवी पत्नी योगेश के पास कच्चा मकान है और मजदूरी करती है। इसके बाद भी उसे अपात्र कर दिया गया। ऊषा देवी को पात्र करके उसे आवास को आवंटित किया जाएगा। मामले को गंभीरता से लेते हुए दोषी अधिकारियों और कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया गया है। दोषी अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी।

फोटो. ऊषा देवी और इंद्रावती के आवास की जांच करते बीडीओ बहरिया श्रीश गुप्ता।

# निकाय चुनाव के लिए हरि झंडी मिलते ही मऊआइमा में चर्चाओं का बाजार गर्म

**निकाय चुनाव**

**आरक्षण सूची का सभी संभावित उम्मीदवारों को है सिद्दत से इंतजार**

**आर. फैयाज मंसूरी**



**मऊआइमा।** निकाय चुनाव कराने के लिए सुप्रीम कोर्ट के हरि झंडी देते ही नगर पंचायत मऊआइमा में चुनावी चचाओं का बाजार गर्म हो गया है।आरक्षण सूची का लोगों को बेसब्री से इंतजार है।

मऊआइमा नगर पंचायत जनपद की सबसे पुरानी टाउन एरिया है।अभी तक यहां कुल तेरह चेयरमैन हो चुके हैं। प्रथम चेयरमैन फैज उल्ला के बाद अय्यूब मियां, तुफैल मियां के आकस्मिक निधन के बाद निर्विरोध अब्दुल समद को चेयरमैन पद मिला। उसके बाद मोहम्मद इसहाक, अब्दुल हकीम, मोहम्मद उमर एडवोकेट के बाद उन्नीस साल सीट रिक्त रही। फिर चुनाव में अब्दुल रशीद, उनकी पत्नी इस्लाहुन निशां, मोहम्मद नोमान, के बाद मोहम्मद शोएब अंसारी, फिर मोहम्मद शोएब अंसारी, फिर उनकी पत्नी फात्मा अंजुम 19 जनवरी 2023 तक चेयरमैन पद पर रही। आरक्षण के कारण निकाय चुनाव टल जाने से मामला न्यायालय में चला गया। सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने निकाय चुनाव कराए जाने के लिए हरि झंडी दे देने से नगर पंचायत मऊआइमा में चुनावी चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है। परन्तु आरक्ष सूची का सभी को बेसब्री से इंतजार है। आरक्षण सूची आते ही चुनाव का जोर पकड़ना तय है। फिलहाल नगर पंचायत मऊआइमा में चौदह वार्ड हैं यहां इस बार पिछले बार चौदह हजार पांच सौ मतदाता थे। इसबार बढ कर सोलह हजार के करीब पहुंच गया है। जनपद की सबसे पुरानी टाउन एरिया मऊआइमा को कहा जाता है। सन् 1921 में टाउन एरिया की घोषणा हुई तथा सन 1939 में नजरी नक्शा बन कर नगर पंचायत कार्यालय की स्थापना हुई। फिलहाल चौदहीं बार होने जा रहे चुनाव के लिए संभावित उम्मीदवारों को आरक्षण सूची का इंतजार है। बहरहाल नगर पंचायत मऊआइमा में चुनावी चर्चा चाय पान अन्य स्थानों पर चलने लगा है।

## शार्ट सर्किट चिंगारी से तीन बीघे गेहूं की फसल खाक

**मेजा।** क्षेत्र के सोनाई गांव में शार्ट सर्किट के कारण गेहूं के खेत में आग लग गई। जिससे करीब तीन बीघे गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। किसानों ने कड़ी मशक्कत कर आग बुझाने में जुटे रहे तब तक फायरबिग्रेड की गाड़ी पंहुच गई। गौरतलब हो कि मंगलवार दोपहर सोनाई गांव निवासी राजेंद्र दुबे, अशोक तिवारी, सजन तिवारी, पवन कुमार, जगदीश दुबे व लाल साहब दुबे के खेत के ऊपर से हाईटेंशन तार गया है। वहीं शार्ट सर्किट से निकली चिंगारी से खेत मे आग लग गई जिससे हड़कंप मच गया। शोर शराबा पर गांव के लोग आग बुझाने में जुट गए। इसी बीच फायरबिग्रेड को सुचना दी गई। फायर ब्रिगेड के पंहुचने तक ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया था ।

# ग्रामीण बैंक स्थानांतरण के खिलाफ खड़े हुए ग्रामीण, सौंपा ज्ञापन

**ज्ञापन**

**ग्राम प्रधान समेत दर्जनों खाताधारकों ने शाखा प्रबंधक से की भेंट**

**राम वन गमन पथ निर्माण में आ रहा बैंक का भवन**



ज्ञापन सौंपने जाते ग्रामीण

**लालगोपालगंज।** लखनऊ हाईवे पर मंसूराबाद और लालगोपालगंज कस्बे के मध्य में स्थित ग्रामसभा अंधियारी में स्थापित यूपी ग्रामीण बैंक आफ बड़ौदा का स्थानांतरण किए जाने पर ग्रामीणों ने खासा रोष जताया है। ग्रामीणों का कहना है कि लालगोपालगंज और मंसूराबाद में पहले से बैंकिंग व्यवस्था उपलब्ध है, जबकि अंधियारी में पहले स्थापित बैंक को दूसरी ग्रामसभा में ले जाने की तैयारी की जा रही है। जहां बैंक ले जाया जा रहा है, वह स्थान मंसूराबाद के काफी नजदीक है। ऐसे में ग्रामसभा अंधियारी और यहां से जुड़े हजारों ग्राहकों को फिर से बैंकिंग सुविधा के लिए व्यर्थ की भागदौड़ करनी पड़ेगी।

बैंक शाखा के स्थानांतरण की सूचना पर ग्राम प्रधान सीता देवी के साथ ग्रामीणों की तरफ से शाखा प्रबंधक को दिए गए ज्ञापन में बताया गया है कि मौजूदा समय में जहां बैंक का संचालन किया जा रहा है, वहां से लालगोपालगंज और मंसूराबाद की एक समान दूरी है। अंधियारी और आसपास के गांवों को मिलाकर यहां की आबादी 50 हजार से अधिक है। ऐसे में व्यवसाय की दृष्टि से भी यहां पर बैंक का संचालन बैंक प्रबंधन को भी फायदे में रखेगा।

ग्राम प्रधान के द्वारा प्रेषित ज्ञापन में प्रधान सीता देवी, आशीष पांडेय, कुंवर सिंह, कुलदीप तिवारी, शैलेंद्र कुमार विश्वकर्मा, गोलू तिवारी, मनीष कुमार मौर्य, विवेक विश्वकर्मा, छोटेलाल सरोज, मुन्ना सिंह, राजेश कुमार, राजकुमार मौर्य आदि का कहना है कि बैंक के स्थानांतरण के लिए ग्रामसभा अंधियारी को ही चुना जाए। इसके लिए क्षेत्र में सर्वे भी करवाया जा सकता है। ग्राम प्रधान ने ज्ञापन की छायाप्रति क्षेत्रीय प्रबंधक को भी प्रेषित की है।बताते चलें कि मौजूदा समय में जिस स्थान पर बैंक का संचालन किया जा रहा है। वह स्थान रामबन गमन मार्ग के लिए सरकार द्वारा अधिग्रहित कर लिया गया है।

## सांसद अतुल राय की गैंगस्टर एक्ट में जमानत अर्जी खारिज

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने घोसी से बसपा सांसद बाहुबली गैंगस्टर अतुल राय को दुष्कर्म व धोखाधड़ी के आरोप में वाराणसी के लंका थाने में दर्ज आपराधिक केस में जमानत पर रिहा करने से इन्कार कर दिया है। कोर्ट ने कहा, जब भी जमानत मिली, कई बार छूटने के बाद गंभीर अपराधों में लिप्त पाए गए। यह गैंगस्टर एक्ट की धारा 19(4) की शर्तों का उल्लंघन है।कोर्ट ने कहा अपराधों की लिस्ट है। यदि ऐसे अपराधी को गैंगस्टर नहीं मानेंगे तो किसे मानेंगे। सरकारी वकील ने कहा कि आरोपी छूटने पर गवाहों को धमका सकता है। कोर्ट ने 2 नवंबर 21 से जेल में बंद अतुल राय की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। यह आदेश न्यायमूर्ति डी के सिंह ने दिया है। राजनीति में आने वाले अपराधी गणतंत्र के लिए गंभीर खतराराय के खिलाफ लंका थाने में गैंगस्टर एक्ट में एफआईआर दर्ज है। 24 केसों का इतिहास है। जिसमें से 12 अभी भी लंबित है। कुछ में बरी हो चुका है। कोर्ट ने कहा सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि अपराधी राजनीति में आकर कानून बनाने वाले बन रहे हैं, जो न केवल चुनावी राजनीति को दूषित कर रहे अपितु ये गणतंत्र के लिए गंभीर खतरा बनते जा रहे हैं।याची के खिलाफ दो आपराधिक केसों के आधार पर गैंगस्टर एक्ट लगा है। उसका कहना है कि उसमें से एक में बरी हो चुका है। सरकार ने अपील दाखिल की है। दूसरे केस की कार्यवाही पर कोर्ट से रोक लगी है। वह बाहुबली या गैंगस्टर नहीं है। वह राजनेता हैं। उसे फंसाया गया है। किंतु कोर्ट ने जमानत देने से इन्कार कर दिया है।



महाविद्यालय प्रांगण में वृक्षारोपण के दौरान उपस्थित लोग

# महाविद्यालय में बृहद वृक्षारोपण हुआ

**नैनी।** हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नैनी प्रयागराज में लार्सन एंड टूब्रो कंपनी के सहयोग से महाविद्यालय प्रांगण में वृक्षारोपण का कार्य संपन्न हुआ उक्त वृक्षारोपण में छाया फल एवं औषधीय महत्व के 100 पौधे रोपित किए गए। उक्त कार्यक्रम में प्रो मंजुलता,प्रो नीतू सिंह, डॉ धीरेंद्र, डॉ भास्कर शुक्ल, डॉ दीपक, डॉ संदीप कुमार, अनुभा श्रीवास्तव,डॉ पूनम शुक्ल, डॉ सुरेश पटेल, डॉ हरगोविंद, डॉ मंजरी मिश्रा, डॉ निरुपमा यादव, डॉ होशिता गुप्ता एवं महावीर प्रसाद ने वृक्षारोपण किया। लार्सन एंड टुब्रो के वेद प्रकाश, राजपाल सिंह, पवन जायसवाल, राजा सिंह, अमित चौधरी, संतोष तिवारी, रवि शंकर का विशेष सहयोग रहा।

## शिक्षा संस्कार युक्त एवं विरासत की रक्षा करने वाली होनी चाहिए : दिव्य कांत शुक्ल

**प्रयागराज।** जनपद स्तरीय टी.एल.एम. मेला प्रतियोगिता का आयोजन जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान प्रयागराज में संपन्न हुआ। इस टी.एल.एम. मेले में प्रयागराज जनपद के समस्त विकासखंडों के प्राथमिक विद्यालय, उच्च प्राथमिक विद्यालय एवं निजी डीएलएड कॉलेजों के शिक्षकों, छात्रों एवं प्रशिक्षुओं ने प्रतिभाग किया। जिसमें प्राथमिक विद्यालय वर्ग में प्रथम स्थान कौड़िहार, द्वितीय कौंधियारा एवं तृतीय सैदाबाद विकासखंड एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय वर्ग में प्रथम कौड़िहार, द्वितीय चाका एवं तृतीय सैदाबाद तथा डीएलएड प्रशिक्षुओं में प्रथम डायट प्रयागराज, द्वितीय शंभू नाथ डी.एल.एड. कॉलेज द्वितीय एवं मंगला देवी स्मारक महाविद्यालय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# इंटर हाउस क्रिकेट प्रतियोगिता में ब्लू हाउस विजयी



विजेता टीम के खिलाड़ी

**नैनी।** शुआट्स के प्रांगण में इंटर हाउस क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन हुआ। मुख्य अतिथि कार्यवाहक कुलसचिव डाक्टर एस. डी .मैक्कार्टी थे। उन्होंने खिलाड़िओ का हौसला अफजाई की और उन्हे अच्छे से खेल खेलने की अपील की। उन्होंने शारीरिक शिक्षा विभाग की पूरी टीम को क्रिकेट प्रतियोगिता कराने के लिए बंधाई भी दी। इससे पहले एथलेटिक कमेटी की सचिव वा शारीरिक शिक्षा विभाग की हेड डॉ सुनीता बी. जॉन ने मुख्य अतिथि को पौधे का गमला देकर उनका स्वागत किया ।

प्रतियोगिता ब्लू हाउस और पिंक हाउस के बीच खेली गई जिसमें ब्लू हाउस ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। ब्लू हाउस ने पहले खेलते हुए 7 विकेट पर 131 रन बनाए किन्तु पिंक हाउस की पूरी टीम 99 रनों पर सिमट गई।ब्लू हाउस की तरफ से विपिन सिंह ने 38 रन और अभय कुमार ने 20 रन का योगदान दिया जबकि पिंक हाउस की तरफ से सौरभ निषाद ने नाबाद 29 रन और अजय कुमार ने 26 रन का योगदान दिया। गेंद बाजी में पिंक हाउस की तरफ से अजय कुमार ने 13 रन देकर तीन विकेट और सूर्यांश ने 23 रन देकर तीन विकेट लिए।

उद्घाटन सत्र के दौरान श्री अजय कुमार ,श्री आशीष मैसी डॉक्टर अचिंत टेरेंस, डाक्टर दीप्ती जोशी, मोहम्मद तनवीर अहमद, बिपिन कुमार सिंह, प्रवीण राय सत्यम केसरी तथा युनिवर्सिटी के बहुत सारे छात्र छात्राएं उपस्थित थे। इस प्रतियोगिता का देख रेख क्रिकेट इंचार्ज राकेश साहू वा अचिंत टेरेंस के द्वारा किया गया। यह जानकारी श्री राकेश साहू द्वारा दी गई।

## शहर पश्चिमी झलवा में ईपीएफ कार्यालय भवन निर्माण का भूमि पूजन सम्पन्न

**प्रयागराज।** प्रयागराज शहर पश्चिमी के ट्रिपल आईटी झलवा और राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के बीच ईपीएफ भवन का केंद्रीय मंत्री मा0 भूपेंद्र यादव जी वर्चुअल से जुड़े की उपस्थिति में भूमि पूजन विधि विधान के साथ उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री व शहर पश्चिमी विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह ने किया। के कल कमलों से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए शहर पश्चिमी विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कहा कि केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव जी को धन्यवाद देता हूँ कि उन्होंने ई.पी.एफ. कार्यालय निर्माण के लिए मेरी विधानसभा शहर पश्चिमी प्रयागराज को चुना। आज उनके साथ भवन निर्माण के लिए भूमि पूजन किया। इस कार्यालय के निर्माण से जनपद प्रयागराज, कौशांबी, अयोध्या, सुल्तानपुर, अमेठी और प्रतापगढ़ के कर्मचारियों के कर्मचारी भविष्य निधि संबंधित कार्य हो सकेंगे। सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कहा जिस शहर पश्चिमी प्रयागराज में कभी आतंक के अड्डे स्थापित होते थे।आज उन्हें ध्वस्त कर विकास के भवन बनाए जा रहे हैं। एयरपोर्ट, हॉस्पिटल, नया ब्लॉक एवं लॉ यूनिवर्सिटी जैसे अनगिनत निर्माण के बाद आज इसी कड़ी में केंद्रीय भविष्य निधि कार्यालय के भवन निर्माण के लिए भूमि पूजन किया। कभी माफियाओं का गढ़ रहा, अब विकास की पहचान बनते हुए शहर पश्चिमी क्षेत्र में कार्यालय खुलने की एक और उपलब्धि से जुड़ गया है।

## संदिग्ध परिस्थितियों मे बुजुर्ग की मौत

**मेजा।** कोतवाली क्षेत्र के टुडिहार के कपुरीकापूरा मजरे मे घर के पास संदिग्ध परिस्थितियों में एक बुजुर्ग का शव मिलने से हड़कंप मच गया। सुचना पर पंहुची पुलिस मामले की जांच पड़ताल मे जुटी हुई है। गौरतलब हो कि क्षेत्र के टुडिहार गाँव के (कपुरी का पूरा) मजरा निवासी खलील अली (50) पुत्र स्व वंदे अली का घर के ही पास रास्ते के किनारे संदिग्ध परिस्थितियों में शव पाया गया । परिजनों की सुचना पर पंहुची पुलिस जांच पड़ताल मे जुटी हुई है। परिजन व पुलिस के अनुसार खलील रात लघुशंका के लिए उठा और संदिग्ध परिस्थितियों में उसका शव पाया गया । फिलहाल सूचना पर पहुंची पुलिस मौत के सभी पहलुओं पर जांच पड़ताल में जुटी रही ।

# ईमानदारी से जिम्मेदारी का निर्वहन करें पदाधिकारी : विधायक

**शपथ ग्रहण**

**साधन सहकारी समिति जादीपुर में शपथ ग्रहण कार्यक्रम में बोले विधायक**





कार्यक्रम में शपथ दिलाते विधायक

**कोरांव।** साधन सहकारी समिति के सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें ताकि क्षेत्रीय किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके । उक्त बातें विधायक राजमणि कोल ने मंगलवार को क्षेत्र के जादीपुर में साधन सहकारी समिति के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाने के दौरान कहीं। इस दौरान उन्होंने कहा कि सरकार समितियों के माध्यम से खाद बीज सहित अन्य जरूरी सुविधाएं किसानों के लिए मुहैया करवाने को तत्पर हैं ऐसे में पदाधिकारियों की भी जिम्मेदारी है कि किसानों को लाभ दिलाना सुनिश्चित करे । अध्यक्ष पद पर लक्ष्मीकांत मिश्र उपाध्यक्ष पद पर गुलाब कली के अलावा सदस्य पद पर कृष्णावती द्विवेदी अमर बहादुर सिंह त्रिलोचन पाल राजधर निषाद शोभा कोल श्रीकांत मिश्र शिव कुमार प्रजापति ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। इस दौरान प्रमुख रूप से ब्लाक प्रमुख मुकेश कोल निवर्तमान चेयरमैन नरसिंह कुमार केसरी जिला पंचायत सदस्य पिंटू चौबे गुलाब मिश्रा विधायक पीआरओ रामाश्रय शुक्ला नयन मिश्रा सहित कई लोग मौजूद रहे अध्यक्षता इंद्रजीत सिंह एवं संचालन बबुआन द्विवेदी ने किया।

## सड़क हादसे में घायल युवक की मौत, बच्चे अनाथ

**लालापुर।** सोमवार को घूरपुर के पास सड़क हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई।युवक की मौत से उसके दो बच्चे अनाथ हो गये हैं।लालापुर थाना क्षेत्र के डेराबारी गांव निवासी राम बली पाल 40 वर्ष पुत्र चंद्रभान पाल सोमवार को प्रयागराज से वापस घर लौट रहे थे।घूरपुर के कंजासा पास सड़क हादसे में घायल हो गए थे।परिजन उनका इलाज घूरपुर क्षेत्र के एक निजी अस्पताल में करा कर इलाज करा रहे थे।मंगलवार भोर अचानक उनकी स्थिति बिगड़ गई तो अस्पताल से उन्हें प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया।जहां उनका इलाज शुरू हुआ कुछ देर बाद डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।मृतक रामबली के एक पुत्री अंजली 17 वर्ष पुत्र राहुल 15,अमिल 13 वर्ष हैं।पत्नी सुधा की मौत तीन वर्ष पहले ही हो चुकी है।राम बली की मौत से बच्चे अनाथ हो गये हैं।

## बाला जी का दो दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम शुरू



यात्रा शुरू करने के दौरान पूजन करते गुरु जी

**मेजा।** क्षेत्र के बक चूंदा गाँव में नवनिर्मित बाला जी के मंदिर में बालाजी की दो दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम मंगलवार से शुरू हुआ । बाला जी दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष पीएसी वाले गुरु जी के नेतृत्व में मंगलवार को डीजे बैंड बाजा के साथ बालाजी की मूर्ति के साथ सैकड़ों भक्तों ने निवाईया,पहाड़पुर,बकचूंदा गाँव मे पैदल भ्रमण किया । भ्रमण के दौरान जय बालाजी जय श्री राम के नारों से क्षेत्र गूंज उठा उसके बाद नवनिर्मित मंदिर में बाला जी की स्थापना पूजन हवन के बाद अखंड कीर्तन का पाठ शुरू हुआ । बालाजी की प्रतिमा स्थापना के आयोजक रामकृष्ण शर्मा ने बताया कि बुधवार को आज पूणार्हुति एवं प्रसाद वितरण का कार्यक्रम होगा । इस दौरान सैकड़ों बालाजी के भक्त मौजूद रहे ।

# उत्तराखंड से मेजा पहुंचा गंगा ज्योति का कारवां, पटना के लिए रवाना



गंगा ज्योत कारवां

**मेजा।** उत्तराखंड के गंगोत्री से पन्द्रह सदस्यी टीम द्वारा गंगा सफाई, स्वच्छ भारत, स्वच्छ गंगा की नारेबाजी के साथ पटना के लिए 1630 किमी की दूरी यात्रा तय करने के लिए बीते 11 मार्च की सुबह से दौड़ की शुरूआत की गई। उक्त यात्रा मंगलवार की दोपहर उत्तराखंड से मेजा पहुँची। यात्रा में मानक के अनुरूप गंग ज्योति-अखंड ज्योति की नारेबाजी के साथ प्रत्येक सदस्यों को 150 किमी की दौड़ का हिस्सेदार बनाया गया है।

गौरतलब हो कि उक्त टीम के नेतृत्वकर्ता आशुतोष मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि यात्रा का मुख्य मकशद गंगा की साफ सफाई सहित भारत देश को निर्मल, स्वच्छ बनाना पर्यावरण वरण संरक्षण तथा नारी सशक्तिकरण को लेकर देश वाशियो को जागरूक करने करना है। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड (गंगोत्री) से पटना की कुल दूरी 1630 किलोमीटर है। इसमें 150 किमी प्रत्येक सदस्यों के दौड़ का मानक रखा गया। दौड़ के उपरांत गंगा एवम अखंड ज्योति की नारेबाजी हुए यात्रा गंतव्य की ओर बढ़ रही है। उक्त यात्रा में आकाश, मनोज नेगी, अभिनव, दीपक झा, हरभजन झा, धीरज चौधरी, आदित्य, प्रियांशू, तनवीर, धीरज मंडोली, राहुल, दिवाकर सहित कई जिलों के युवा सदस्य शामिल हैं। टीम ने बताया कि यात्रा पूर्ण होने के बाद पटना में तीन दिवसीय गंगा सफाई अभियान चलाया जाएगा। इसके बाद स्नान कर टीम यात्रा का समापन करेगी।

# कुअँर पट्टी के सोनाभवन भवन पर 22 मार्च से चल रहा नौ दिवसीय सतचंडी महायज्ञ




**मेजा।** क्षेत्र के कुँअरपट्टी जेवनियाँ स्थित सोनाभवन में डीजीएस परिवार द्वारा पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी नवरात्र के अवसर पर 22 मार्च से नौ दिवसीय शतचंडी महायज्ञ का आयोजन किया गया है । नवरात्रि के प्रथम दिन से ही माँ शीतला का भव्य आरती पूजन एवं श्रंगार किया जा रहा है । मंदिर पर प्रति दिन सैकड़ों भक्त दर्शन के लिए उमड़ रहे हैं । पूरा क्षेत्र माँ की भक्ति में डूबा हुआ है। डीजीएस परिवार के भाजपा नेता इंद्रदेव शुक्ल उर्फ राजू भैया ने बताया कि 30 मार्च को सतचंडी पाठ पूणार्हुति कन्या पूजन और 31 मार्च को नवरात्र व्रत पारण एवं भण्डारे का आयोजन किया जाएगा । डीजीएस परिवार के शुक्ल बंधुओं में सूरज देव शुक्ल,ब्रह्मदेव शुक्ल व ईश्वरदेव देव शुक्ल ने बताया कि धार्मिक आयोजनों की कड़ी में यह सतचंडी महायज्ञ किया जा रहा है।

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरा इलाहाबाद विश्वविद्यालय वर्ष 2008 अनुक्रमांक 856158, इनरोल नंबर ए 0520124, बीए माइग्रेशन सर्टिफिकेट वास्तव में कहीं खो गया है। **गरिमा मिश्रा पुत्री कृष्णनेंद्र शंकर मिश्रा निवासी- धनुहा डांडी, इलाहाबाद, प्रयागराज। मोबाइल नंबर 6386703076**



# प्रयागराज



# उमेश पाल अपहरण केस में अतीक समेत तीनों दोषियों को आजीवन कारावास, अशरफ समेत सात आरोपी बरी

**मौसम**



| | |
|---|---|
| अधिकतम : | 33.00 |
| न्यूनतम : | 20.00 |
| सूर्योदय : | 06.03 |
| सूर्यास्त : | 06.15 |

## हर घर राहुल गांधी का घर के लगाए नारे, कांग्रेस का जोरदार प्रदर्शन

**प्रयागराज।** लोकसभा से अयोग्य घोषित होने के बाद अब लोकसभा आवास समिति ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को सरकार द्वारा आवंटित बंगला खाली करने का नोटिस दिया है। नोटिस के मुताबिक राहुल गांधी को 22 अप्रैल तक बंगला खाली करना होगा। इससे बिफरे कांग्रेसियों ने देशव्यापी सत्याग्रह शुरू किया है। वहीं देशभर में भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ प्रदर्शन किया। मंगलवार को सिविल लाइन्स पत्थर गिरजाघर स्थित धरना स्थल पर गंगापार कांग्रेस के बैनर तले जुटे पदाधिकारी और कार्यकताओं ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेसियो ने आरोप लगाया की भाजपा राज में लोकतंत्र पर हमले में इजाफा हुआ है। गंगापार कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सुरेश यादव ने कहा की सरकार लोकतंत्र की हत्या कर रही है। जिस तरीके से पहले राहुल गांधी की सदस्यता समाप्त की गई। अब घर खाली करने के लिए नोटिस दिया गया। जो सरासर गलत है। प्रदेश महासचिव मुकुंद तिवारी ने कहा की हर एक घर राहुल गांधी का घर है और देश राहुल गांधी के साथ है। प्रदर्शन के दौरानः संजय तिवारी, जिला प्रवक्ता हसीब अहमद, राकेश पटेल, मनोज पासी, ओमप्रकाश तिवारी, रईस अहमद, लल्लू यादव, एहतेशाम अहमद, सुनील यादव, महेन्द्र प्रसाद सिंह, भानु कुशवाहा, शादाब अहमद, नीरज पासी, उमेश केसरवानी, सूरज शुक्ला, संजय सिंह, धर्मेंद्र भारतीय, शाहनवाज अख्तर, दिनेश भारतीय, प्रदीप कनौजिया, सोनू सोनकर, राजेश यादव, लाल बिहारी समेत आदि लोग मौजूद रहें।



**प्रयागराज।** राजू पाल हत्याकांड के गवाह रहे उमेश पाल अपहरणकांड में एमपीएमएलए कोर्ट ने माफिया अतीक, दिनेश पासी व अधिवक्ता खान शौलत हनीफ को उम्रकैद की सजा सुनाई है। कोर्ट ने आरोपियों पर 9300 रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। इसके साथ ही एक-एक लाख रुपये क्षतिपूर्ति देने का भी आदेश दिया है। यह क्षतिपूर्ति पीड़ित परिवार को दी जाएगी। सबूत के अभाव में अदालत ने अतीक के भाई खालिद अजीम उर्फ अशरफ समेत सात आरोपियों को बरी कर दिया।अतीक के खिलाफ 101 मामले दर्ज हैं। उसके 44 साल के अब तक के आपराधिक इतिहास में वह किसी अन्य मामले में दोषी साबित नहीं हुआ था। पहली बार किसी मामले में उसे सजा सुनाई गई है। उसके साथ खान शौलत हनीफ और दिनेश पासी भी पहली बार दोषी ठहराए गए हैं। इन दोनों के खिलाफ भी कई अन्य मामले दर्ज हैं। सजा के साथ ही अतीक अब कभी चुनाव भी नहीं लड़ पाएगा। अदालत के फैसले से असंतुष्ट दोनों पक्षों ने इसे हाईकोर्ट में चुनौती देने की बात कही है।विशेष न्यायाधीश (एमपीएमएलए कोर्ट) डॉ. दिनेश चंद्र शुक्ला ने अपने 142 पन्ने के फैसले में यह भी कहा कि अभियुक्तगण फरहान एवं खालिद अजीम उर्फ अशरफ, जावेद उर्फ हनीफ, आबिद, इसरार, आशिक उर्फ मल्ली, एजाज अख्तर, अंसार बाबा (मृतक) किसी और मामले में वांछित न हो तो उन्हें अविलंब रिहा किया जाए।इसके साथ ही तीनों दोषियों को सजायाबी वारंट जारी बनाकर कारागार भेजने का आदेश दिया। हालांकि, अशरफ अभी राजू पाल हत्याकांड सहित कई अन्य मामलों में आरोपी है। जिसमें जांच सहित ट्रायल कोर्ट में सुनवाई जारी है। इस वजह से वह अभी जेल में ही रहेगा।रना पड़ा। अधिवक्ताओं ने अतीक के खिलाफ उमेश पाल के समर्थन में नारेबाजी भी की। कोर्ट ने अपनी कार्यवाही दोपहर 12.30 बजे शुरू की। दोपहर दो बजे उसने तीनों आरोपियों के खिलाफ सजा सुनाई। सजा सुनाते वक्त अतीक कोर्ट परिसर में मौजूद रहा। इस दौरान अशरफ से गले मिला तो दोनों भाई भावुक भी हो उठे। सुनवाई शुरू होते ही अतीक ने कोर्ट के सामने अपना पक्ष भी रखा।उसकेबाद कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया।मंगलवार को कोर्ट परिसर छावनी में तब्दील रहा। अदालत में अतीक और अभियोजन के अधिवक्ताओं के अलावा किसी को भी प्रवेश नहीं करने दिया गया। हर जगह पुलिस, पीएसी, आरएएफ तैनात की गई थी। इस दौरान अतीक, अशरफ को अधिवक्ताओं के आक्रोश का सामना भी कवकीलों ने आरोपियों के खिलाफ की नारेबाजी।



सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट के बाहर तैनात फोर्स

### उमेश पाल ने धूमनगंज थाने में दर्ज कराई थी रिपोर्ट

हाल ही में मारे गए उमेश पाल ने पांच जुलाई 2007 को धूमनगंज थाने में माफिया अतीक अहमद, उसके भाई खालिद अजीम उर्फ अशरफ, दिनेश पासी, खान शौलत हनीफ, अंसार बाबा के खिलाफ अपहरण कर विधायक राजूपाल हत्याकांड मामले में अपने पक्ष में गवाही करने का आरोप लगाया था। धूमनगंज पुलिस ने आईपीसी की धारा 147, 148, 149, 364, 323, 341, 342, 504, 506, 34, 120बी और सेवन सीएल अमेंडमेंट एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान जावेद उर्फ बज्जू, फरहान, आबिद, इसरार, आसिफ उर्फ मल्ली, एजाज अख्तर का नाम सामने आया था।

2009 में आरोप दाखिल होने के बाद अभियोजन की ओर से कुल उमेश पाल सहित आठ गवाह पेश किए गए। जबकि, बचाव पक्ष की ओर से कुल 54 गवाह पेश किए गए। कोर्ट ने 17 फरवरी को सुनवाई पूरी कर 28 फरवरी को फैसला सुनाने की तिथि निर्धारित की थी। कोर्ट ने अतीक अहमद, दिनेश पासी और खान शौलत हनीफ को दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट के आदेश के बाद तीनों को जेल भेज दिया गया। तीनों दोषियों की सजाएं एक साथ चलेंगी।

### 54 गवाह किए गए थे पेश

पक्षकारों की तरफ से (अतीक अहमद, अशरफ सहित अन्य आरोपियों) अपने बचाव के लिए कुल 54 गवाह पेश किए गए। केस की सुनवाई में देरी होने पर वादी उमेश पाल ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर केस की सुनवाई जल्दी पूरी करने की मांग की। कोर्ट ने तथ्यों और परिस्थितियों को देखते हुए ट्रायल कोर्ट को दो महीने में सुनवाई पूरी करने का आदेश दिया था। उसके बाद से ही उमेश पाल अपहरण कांड में रोजाना सुनवाई होने लगी।24 फरवरी को जिस दिन उमेश पाल की हत्या हुई, इसी केस के सिलसिले में वह कोर्ट से ही लौटे थे। उस दिन बचाव पक्ष की ओर से बहस हो रही थी। उमेश सुनवाई के बाद तकरीबन साढ़े चार बजे जैसे ही घर पहुंचे, बदमाशों ने उनकी हत्या कर दी। इस मामले में भी अतीक, अशरफ, अतीक के बेटे सहित उसकी पत्नी को आरोपी बनाया गया। इस मामले में कोर्ट ने 17 फरवरी को सुनवाई पूरी कर ली थी और 28 फरवरी को फैसला सुनाने की तिथि निर्धारित की गई थी।



माफिया अतीक अहमद को ले जाती पुलिस

### तीनों को इन धाराओं में मिली सजा

**खान शौलत हनीफ-** 364ए, 120बी सश्रम आजीवन कारावास, पांच हजार रुपये का अर्थदंड।

**अतीक और दिनेश पासी-** 364ए/34 में सश्रम आजीवन कारावास, पांच हजार- पांच हजार रुपये का अर्थदंड। 147 में एक वर्ष, एक-एक हजार रुपये का अर्थदंड। 323/149 में छह माह पांच सौ-पांच सौ रुपये का अर्थदंड। 341 में 15 दिन तीन-तीन सौ रुपये का अर्थदंड। 342 छह माह पांच-पांच सौ रुपये का अर्थदंड। 504 एक वर्ष पांच-पांच रुपये का अर्थदंड। 506(2) तीन वर्ष एक-एक हजार रुपये का अर्थदंड7 सीएलए एक्ट में छह-छह माह कारावास व पांच सौ पांच सौ रुपये का अर्थदंड।

### उमेश पाल का अपहरण कर किया था टॉर्चर

उमेश पाल ने पांच जुलाई 2007 को धूमनगंज थाने में उस समय सांसद रहे अतीक अहमद, उसके भाई खालिद अजीम उर्फ अशरफ, दिनेश पासी, खान सौकत हनीफ, अंसार बाबा के खिलाफ अपहरण कर विधायक राजू पाल हत्याकांड मामले में अपने पक्ष में बयान करने का आरोप लगाया था। धूमनगंज पुलिस ने उमेश पाल की तहरीर पर आईपीसी की धारा 147, 148, 149, 364, 323, 341, 342, 504, 506, 34, 120बी और सेवन सीएल अमेंडमेंट एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की।

### अतीक के वकील बोले- फैसले को हाईकोर्ट में देंगे चुनौती

माफिया अतीक अहमद के वकील दयाशंकर ने कहा कि वह स्पेशल कोर्ट के फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती देंगे।

### उमेश के वकील बोले- फैसले से संतुष्ट नहीं

उमेश पाल के वकील राजेश का कहना है कि वह फैसले से संतुष्ट नहीं हैं। आर्डर का अध्ययन करने के बाद आगे का निर्णय लिया जाएगा। कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने अतीक अहमद को साबरमती जेल में शिफ्ट करने का आदेश दिया है।

### उमेश की पत्नी ने कहा- फांसी की सजा से कम कुछ भी मंजूर नहीं

फैसला आने के बाद उमेश पाल की पत्नी जया पाल ने सात लोगों को बरी किए जाने पर नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि फांसी की सजा से कम कुछ भी मंजूर नहीं है।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस पर नगर आयुक्त ने सुनी समस्याएं, अधिकारियों को किया निर्देशित



सम्पूर्ण समाधान दिवस पर समस्याएं सुनते नगर आयुक्त

**प्रयागराज।** मंगलवार को नगर आयुक्त नगर निगम प्रयागराज, चन्द्र मोहन गर्ग द्वारा जन सुनवाई करते हुए नगर निगम में आये हुए फरियादियों की शिकायतों को सुना गया। जिसमें कुल 42 शिकायतें प्राप्त हुई। जन शिकायतों के अविलम्ब गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराये जाने हेतु नगर आयुक्त द्वारा सम्बन्धित अधिकरियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये, और यह भी निर्देशित किया गया कि गुणवत्तापूर्ण शिकायतों का निस्तारण में किसी भी प्रकार की शिथिलिता न बरती जाय।

सम्भव जनसुनवाई बैठक के दौरान अपर नगर आयुक्त अरविन्द राय, जोनल अधिकारी अमरजीत यादव संजय ममगई, मदन गोपाल, अमरजीत यादव मुख्य कर निर्धारण अधिकारी/जन सम्पर्क अधिकारी पी0के0द्विवेदी, पर्यावरण अभियन्ता उत्तम वर्मा, मुख्य अभियन्ता सतीश कुमार, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा0 अभिषेक सिंह, पशुधन अधिकारी डा0 विजय अमृत राज, अधिषाशी अभियन्ता विद्युत राधे कृष्ण लाल, लेखाधिकारी, अक्षय कुमार, तथा सचिव नगर आयुक्त सूर्य शंकर त्रिपाठी आदि अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## व्यापारियों संग कैबिनेट मंत्री ने जमकर खेली होली

**फाफामऊ।** व्यापार मंडल फाफामऊ द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में मंगलवार को व्यापारियों ने जमकर धमाल किया। समारोह के मुख्य अतिथि रहे कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी को सभी व्यापारियों को अबीर गुलाल लगाकर एक दूसरे को होली की बधाई दी। व्यापार मंडल फाफामऊ द्वारा आयोजित होलिमिलन समारोह मंगलवार को बनारस रोड पर मनाया गया। होली मिलन समारोह में मुख्य अतिथि मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने होली का पर्व भाईचारे का पर्व बताते हुए व्यापारियों को रंग लगा और उनसे गले मिलकर उन्हें बधाई दिया और हर समय उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन शशि अग्रवाल ने किया। समारोह में व्यापारियों ने भी अबीर गुलाल उड़ाकर जमकर धमाल किया। होली मिलन समारोह में उपेंद्र सिंह, रिंकी यादव, जय सिंह, रामकुमार यादव, अशोक अग्रवाल, धीरेंद्र केशरवानी उर्फ धीरू, निर्दोष सिंह गोलू, गौरव अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, गोपी केशरवानी, आरडी वर्मा, महिमा पटेल, सोनू जायसवाल, श्यामबाबू केसरवानी,अमित केसरवानी सहित भारी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक सम्पन्न

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में मंगलवार को संगम सभागार में जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित विभागों को निर्देशित किया है कि उद्योग बन्धुओं से सम्बंधित प्रकरणों को शीर्ष प्राथमिकता पर निस्तारित कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने सभी एजेण्डा बिंदुओं की विस्तार से समीक्षा करते हुए ससमय प्रकरणों को निस्तारित किए जाने के निर्देश दिये है। उन्होंने रोजगार परक योजनाओं, ग्लोबल इंवेस्टर समिति में धरातल की स्थिति की समीक्षा करते हुए सभी सम्बंधित अधिकारीगणों को निर्देश दिया है कि जो भी औपचारिकताएं है, उसकों पूर्ण करते हुए कार्यों को किया जाये तथा साथ बैठक कर जो भी समस्या आ रही है, उसका समाधान किया जाये। उन्होंने कहा कि उद्योग बंधुओं से जुड़े प्रकरणों पर किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता न बरती जाये। उन्होंने निवेश पोर्टल पर दर्ज आवेदन पत्रों को समय से निस्तारित करने का निर्देश सभी सम्बंधित विभागों को दिया है। साथ ही साथ यह भी हिदायत दी कि निर्धारित समय सीमा के अंदर आवेदन पत्रों का निस्तारण न करने वाले अधिकारियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने उद्योग बन्धुओं से प्रकरणों के निस्तारण की स्थिति के बारे में जानकारी लेते हुए कहा कि जो भी प्रकरण लम्बित है, उसे सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ निस्तारित कराने के निर्देश दिये है। इस अवसर पर जीएमडीआईसी लालजी सिंह, उद्योगबंधु से मुरारी लाल अग्रवाल, नटवर लाल भारतीय, गुलाटी जी सहित सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण तथा उद्योग बंधु के सदस्यगण उपस्थित रहे।



बैठक की अध्यक्षता करते जिलाधिकारी

## सिपाही का रेलवे जेई पद पर हुआ चयन, दी विदाई



**फाफामऊ।** फाफामऊ थाना में पोस्ट सिपाही का रेलवे विभाग में जेई पद पर चयन हुआ है। मंगलवार को फाफामऊ थाना में विदाई समारोह का आयोजन कर सिपाही को विदाई की। फाफामऊ थाना प्रभारी ने बताया कि फाफामऊ थाने में तैनात सिपाही मनीष यादव का पिछले महीने रेलवे में जेई पद पर चयन हुआ है। जिस पर सिपाही मनीष यादव ने उत्तर प्रदेश पुलिस की नौकरी को इस्तीफा देकर रेलवे विभाग में ज्वाइन कर लिया है। जिस पर मंगलवार को थाना परिसर में विदाई समारोह का आयोजन कर पुलिस कर्मियों ने सिपाही को विदाई दी। विदाई समारोह में उप निरीक्षक विश्वेंद्र यादव, वरुणकांत, बृजेश यादव, वीरेंद्र प्रताप सिंह, कमला यादव, दिग्विजय सिंह, ज्योति, सपना पांडेय, श्रीनारायण पांडेय, ओम प्रकाश, गिरधारी यादव सहित भारी संख्या में पुलिसकर्मी उपस्थित रहें।

## उप महानिदेशक हेमा जयसवाल पहुंची प्रयागराज

### अनुरागिनी सिंह एआरपी नगर क्षेत्र को जिले विद्यालय भ्रमण के दौरान कराए गए सहयोग के लिए प्रशस्ति पत्र की मिली संस्तुति

### शिक्षा अभियान को लेकर हुई चर्चाएं

**प्रयागराज।** भारत सरकार के वित्त मंत्रालय से उप महानिदेशक हेमा जायसवाल मंगलवार को प्रयागराज पहुंची। उप महानिदेशक हेमा जयसवाल का खंड शिक्षा अधिकारी डॉ प्रज्ञा सिंह व ए आर पी अनुरागिनी सिंह ने स्वागत किया इसके पश्चात उप महानिदेशक निदेशक हेमा जयसवाल को नगर के विद्यालयों का भ्रमण कराया। उच्च प्राथमिक विद्यालय बैरहना व संविलियन विद्यालय राजापुर जहां पर जाकर उन्होंने बच्चों से बातचीत की शिक्षकों से बात की बच्चों की शैक्षणिक गुणवत्ता को परखा , तत्पश्चात नगर क्षेत्र के प्रधानाध्यापक खंड शिक्षा अधिकारी बैठक में वह सम्मिलित हुई। खंड शिक्षा अधिकारी द्वय विनोद कुमार मिश्र व डॉ प्रज्ञा ने पुष्पगुच्छ देकर उपनिदेशक का स्वागत किया। इस अवसर पर संबोधित करते उप महानिदेशक सभी प्रधानाध्यापकों, इं.प्रधानाध्यापकों के विचार जाने और उन्हें संदेश दिया की मुश्किलें हैं पर कार्य उन्हें ही दिया जाता है जो उस कार्य को करने के योग्य हों, अतः आप सभी योग्य है और किसी भी कार्य को कर पाने में सक्षम है। उन्होंने इस अवसर पर नगर क्षेत्र के मार्च माह में सेवानिवृत्त होने वाले 6 शिक्षकों का भी सम्मान किया। सम्मानित होने वालों में शाहीन बानो , सुशीला, प्रमिला वर्मा अरुण कुमार पांडे नरेश कुमार श्री विनोद कुमार पांडे रहे। साथ ही बेस्ट टीचर ऑफ द मंथ अमानुल्लाह व शिक्षामित्र आशीष कुमार को भी उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राज्य परियोजना से सुश्री कृतिका गर्ग ने अनुरागिनी सिंह ए आर पी नगर क्षेत्र को जिले विद्यालय भ्रमण के दौरान कराए गए सहयोग के लिए प्रशस्ति पत्र की संस्तुति की । खंड शिक्षा कार्यालय में उप महानिदेशक महोदया हेमा जायसवाल विनोद मिश्रा डॉ प्रज्ञा सिंह जी के कर कमलों द्वारा एआरपी को उक्त प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। बैठक में निपुण विद्यालय हेतु सभी योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई स्कूल चलो अभियान के लिए विशेष बल दिया गया, विद्यालयों में नामांकन हेतु बैनर, पोस्टर, हैंड बिल के द्वारा प्रचार प्रसार करने के लिए कहा गया इस अवसर पर ए आरपी अजय कुमार, श्रीमती अनुरागिनी सिंह, डॉ स्मिता श्रीवास्तव, अशोक कुमार, अनीता आदि के साथ नगर के समस्त हेड उपस्थित रहे।



शिक्षिकाओं को सम्मानित करतीं उप महानिदेशक हेमा जयसवाल

## संक्षेप

### जनपद स्तरीय टी एल एम मेला में सैदाबाद के प्रतिभागी रहे अव्वल



**प्रयागराज।** जनपद स्तरीय पीएल मेला में सैदाबाद के प्रतिभागियों ने बाजी मारी है जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान की ओर से प्रयागराज में आयोजित शिक्षा उप शिक्षा निदेशक डायट प्राचार्य राजेंद्र प्रताप के निर्देशन में टीएलएम मेला का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि माध्यमिक शिक्षा सचिव दिव्य कांत शुक्ला रहे। इस प्रतियोगिता में जनपद की डीएलएड प्रशिक्षु, प्रत्येक ब्लाक के प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया ।जिसमें प्रथम स्थान कौड़िहार को दूसरा कौंधियारा ।तथा तृतीय स्थान सैदाबाद को मिला। प्रतियोगिता के सफल आयोजन पर डायट प्राचार्य ने सभी का धन्यवाद किया । इस अवसर पर मुख्य अतिथि दिव्य कांत शुक्ला ने कहा कि राष्ट्र विकास हेतु शिक्षा एक अहम भूमिका रोल करती है इसलिए संस्कार युक्त शिक्षा हमें गतिविधियों एवं टी एल एम विधियों द्वारा देना चाहिए। उन्होंने पाठ्यक्रम शिक्षा का आधार स्तंभ। सैदाबाद ब्लॉक के तृतीय स्थान प्राप्त करने पर वहां के डायट मेंटर वीरभद्र प्रताप सिंह व खंड शिक्षा अधिकारी अखिलेश ने वहां के अध्यापकों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

### 18 कवि व मेधाश्री महिलाओं का हुआ सम्मान



**प्रयागराज।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार महिला मंडल एवं नारी गुरुकुल प्रयागराज के तत्वावधान में शक्ति उपासना पर्व काव्य गोष्ठी एवं मेधावीश्री सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी रहीं। जबकि विशिष्ट अतिथि डॉ प्रमिला भारती साहित्य भूषण रही। वहीं कार्यक्रम की शुरूआत में महापौर जी ने सरस्वती जी के तस्वीर पर माल्यार्पण कर काव्य गोष्ठी का शुभारंभ किया। वहीं मुख्य अतिथि ने डॉ. प्रमिला जी को धार्मिक पुस्तक और चुनरी भेंट कर उनका सम्मान किया। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता कर डॉ. स्नेह सुधा मुख्य अतिथि महापौर अभिलाषा गुप्ता माल्यार्पण कर धार्मिक पुस्तक और अंगवस्त्र भेंट कर उनका स्वागत और सम्मान किया । इस काव्य गोष्ठी के अवसर पर प्रयागराज के मशहूर कवित्री ,कवि और साहित्यकार मंच पर उपस्थित रहे। वहीं नीलिमा मिश्रा ने अपनी कविता में, दिल में कुछ एतबार रहने दो...., स्वाती निरखी ने ,चेहरा है या चांद ...., प्रदुम्ननाथ तिवारी करुणेश, हम संवेदनहीन हो गए ...., अजामिल जी ने सुनाया, दरवाजे खोलो और दूर तक देखो..., अमिता ने सुनाया, जिंदगी तेरी पनाहों में .... और प्रमिला भारती ने सुनाया ,मुझे गोद ले लो रिटायर हूं मैं...., सहित अन्य कवियों ने अपनी अपनी कविताएं प्रस्तुत की। जहां उपस्थित लोगों ने तालियां बजाकर कवियों का उत्साह वर्धन किया। वहीं काव्य गोष्ठी के बाद सभी कवि , कवित्रियों और साहित्यकारों को मुख्य अतिथि ने अंग वस्त्र और धार्मिक पुस्तक भेंट कर सभी को सम्मानित किया। वहीं इस कार्यक्रम का संचालन क्षमा द्विवेदी व स्वाति निरखी ने की। महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी ने कहा कि लोग कहते हैं कि महिलाएं घर तक ही सीमित है लेकिन आज वह अपने शिक्षा और गुणों के द्वारा हर एक पद को सुशोभित कर रही हैं और कहीं ना कहीं बहुत ऊंचे पायदानो पर रहकर समाज में आगे बढ़ कर एक ऊर्जा का संचार कर रही हैं। उसी के तहत बहुत सारी मातृशक्तियां मिलाकरआज यहां पर इस कार्यक्रम आयोजन किया है।

## संक्षेप

### भाभी की बहन को लेकर युवक हुआ फरार

**सैय्यद सरावां, कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र के नगर पंचायत चायल की एक दलित नाबालिंग बालिका अपने दीदी के देवर के साथ फरार हो गयी है। घटना 25 मार्च की शाम की बताई जाती है। मामले की जानकारी मिलते ही परिजन परेशान हो गए। बालिका के परिजनों का कहना कि उसकी बहन का देवर अपने बहनोई और माता के साथ घर आया था। इतना ही नहीं घर पर रुका भी। उसका स्वागत सत्कार किया गया। लेकिन उन्हें क्या पता था कि वह उनके ही घर पर सेंध कर देगा। आरोप है कि जब परिजन अपने खेत के काम में लग गए तो मौका मिलते ही वह बालिका को लेकर फरार हो गया। मामले की सूचना बालिका के भाई ने पुलिस चैकी चायल को दिया है। दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि उक्त लोग चरवा थाना क्षेत्र के सटई गांव के रहने वाले हैं और उसके रिश्तेदार प्रयागराज के बमरौली के निवासी बताए जाते है। बड़ी बात यह है कि लिखित तहरीर देने के बाद भी पुलिस मामले में रत्ती भर कार्यवाही करती नहीं दिख रही है। जबकि पीड़ित परिवार का आरोप है कि यदि पुलिस आरोपी युवक के परिवारीजनों से खोजबीन करे तो इसका सुराग लग सकता है। हालांकि पीड़ित परिवार में अनहोनि की आशंका जताते हुए एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव का ध्यान आकृष्ट कराया है।

### भैला मकदूमपुर में नियमित सफाई की मांग

**कौशाम्बी।** सदर तहसील के भैला मकदूमपुर गांव में तैनात सफाईकर्मी के नियमित गांव नहीं आने से गांव में जगह-जगह गंदगी का अंबार लगा है। नालियां गंदगी से पट चुकी है। ऐसे में लोगों के घरों का गंदा पानी रास्ते में जमा रहता है। ग्रामीणों का आरोप है कि शिकायत के बाद भी सफाई की व्यवस्था नहीं की जा रही है। लोगों ने गांव में नियमित सफाई की मांग की है।

# एचटी लाइन करंट से राख हुई सवा बीघा गेहूं की फसल, आक्रोश

**कौशाम्बी।** सदर तहसील के म्योहर गांव एचटी लाइन मतलब 11000 वोल्टेज की तार गिरने से लगभग सवा बीघा गेहूं की फसल जलकर हुई राख हो गई। बता दें कि सराय अकिल विद्युत सबस्टेशन से आने वाली मंझनपुर फीडर की मेन सप्लाई म्योहर- म्योहरिया सर्विस लाइन की तार टूट कर गेहूं के खेत में गिर गई। ऐसे में गेहूं का खेत जलकर हुआ राख हो गया। खेत में आग लगा हुआ देख आसपास के लोग पहले विद्युत सबस्टेशन सराय अकिल सूचना दी। हालांकि ग्रांमीणों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। कहा जा रहा है कि ग्राम सभा म्योहर निवासी कमलेश प्रसाद त्रिपाठी पुत्र स्वर्गीय हनुमान प्रसाद त्रिपाठी के खेत से होते हुए मंझनपुर फिडर की 11,000 वोल्टेज तार गई हुई है, दोपहर के दो बजे टूट कर किसान के खेत में गिर गई, और गेहूं



एचटी लाइन से जले गेहूं की फसल पर खड़े लोग

की फसल में आग लग गईं। आग की लपटों को जब लोगों ने देखा तो दौड़ कर आसपास के लोग पहुंचकर बहुत मुश्किलों में आग पर काबू पाया। किसान कमलेश प्रसाद ने बताया कि 3 वर्ष पूर्व भी विद्युत फाल्ट के कारण उनकी फसल जल गई थी। आरोप है कि मंझनपुर फीडर की तार जर्जर हो चुकी है, लगभग 12 गांव को विद्युत सप्लाई जाती हैं ऐसे में हमेशा हादसे की संभावनाएं प्रबल रहती हैं।

## भागवत कथा सुनने से धुल जाते हैं पाप

**कौशाम्बी।** नगर पंचायत के कैथन बाग मोहल्ले में श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ सोमवार को हुआ। कथा व्यास ने कहा कि कलयुग में सत्संग के बिना विवेक व बिना सौभाग्य सत्संग सुलभ नहीं हो सकता है। श्रीमद्भागवत कथा का सात दिनों तक सुनने से मनुष्य के सात जन्मों के पाप धुल जाते है। जय श्री राधे-कृष्ण के जयघोष से कथा पंडाल गुंजायमान हो उठा। कथा व्यास आचार्य डॉ. अखिलेश ने कहा कि मनुष्य अपने जीवन में सातों दिन किसी न किसी देवी देवता की पूजा करता है लेकिन मानव जीवन में आठवां दिन परिवार के लिए होता है। भजन करने से मानव का मन सीधे प्रभु से जुड़ जाता है। श्रीमद्भागवत कथा सुनकर श्रद्धालु भगवान की भक्ति में सराबोर हो गए। कथा का समापन आरती से हुआ। इस मौके पर सरजू प्रसाद पांडेय, गिरजा पांडेय, अनिरूद्ध पांडेय आदि मौजूद रहे। जय श्रीकृष्ण के जयघोष से कथा पंडाल गुंजायमान हो उठा। इसके बाद लोग प्रसाद लेकर घर गए।

## ...तो गोआश्रय केंद्र बेरौंचा में एक मवेशी की हुई है मौत

**सीवीओ व डीपीआरओ ने किया बेरौचा गौआश्रय केंद्र का निरीक्षण**

**कनैली, कौशाम्बी।** विकास खंड कौशाम्बी के बेरौचा मजरा कैलाशपुर स्थित गौशाला में हुई मवेशियों की मौत के मामले की जांच करने सोमवार को सीवीओ और डीपीआरओ पहुंचे। गौशाला के कर्मचारी अधिकरियों के आने से पहले व्यवस्था ठीक कर दिए थे ऐसा गांव के ग्रामीणों का आरोप है। हालांकि इसके बाद भी अधिकारियों ने एक मवेशियों की बीमार मौत होने की बात कही है। जबकि अन्य पशुओं को स्वास्थ बताया गया। हालांकि उक्त गांव स्थित गौशाला में रविवार को तीन गोवंशों की मौत की चर्चा गांव से छन कर मिली थी। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है की गौशाला में गेहूं की फसल की जगह सरसो का भूसा खिलाय जाता है। हालांकि गौशाला का एक वीडियो भी वायरल हुआ था, जिसमें कर्मचारी दो मवेशियों के शव को टांग कर ले जाते दिख रहे थे। एक मवेशी की लाश पड़ी हुई दिख रही थी मामला,अखबारो में छपने के बाद सोमवार को सीवीओ डॉ एके सागर और डीपीआरओ डॉ बाल गोविन्द श्रीवास्तव गौशाला पहुंचे। अपसरो ने गौशाला का निरीक्षण किया। सीवीओ ने बताया कि तीन नही एक मवेशी की मौत हुई है। वह भी कई दिनो से बीमार था, और दो मवेशी जख्मी है। जिनका इलाज किया जा रहा है। गौशाला में पांच बोरी चोकर और करीब 20 क्विटंल भूसा रखा गया। ग्राम प्रधान व सचिव को निर्देशित किया गया है कि गौशाला की साफ सफाई दुरूस्त रखा जाए।

## पाइप लाइन बिछाने में सड़क क्षतिग्रस्त कर छोड़ा, दिक्कत

**कौशाम्बी।** जल निगम ने पाइप लाइन बिछाने में 1200 मीटर सड़क को क्षतिग्रस्त कर दिया है। सर्वे कराने के बाद पीडब्ल्यूडी ने जल निगम से मरम्मत के लिए 21 लाख रुपये मांगे हैं। तीन दिन में भुगतान न होने पर एफआईआर कराने की चेतावनी दी गई है।

बता दें कि जल शक्ति मिशन के तहत हर घर नल योजना का काम गांव-गांव शुरू है। घर-घर पानी पहुंचाने के लिए पाइप लाइन बिछाई जा रही है। चयनित कंपनी मनमाने तरीके से काम कर रही है। सड़क किनारे खुदाई करके पाइप लाइन बिछाने के बाद कंपनी उसका समतलीकरण सही तरीके से नहीं कर रही है। इससे सड़क क्षतिग्रस्त हो रही है। सिराथू तहसील के कल्यानपुर से अहिरारा तक पीडब्ल्यूडी की 12 सौ मीटर सड़क है। जल निगम ने यहां पाइप लाइन बिछाई गई है। लोगों की मानें तो पाइप लाइन बिछाने में जल निगम के ठेकेदार जमकर मनमानी की। इससे सड़क क्षतिग्रस्त हो गई। सड़क क्षतिग्रस्त होने की जानकारी पीडब्ल्यूडी विभाग को मिली तो सर्वे कराया गया। पता चला कि आबादी के अंदर 400 मीटर इंटरलाकिंग मार्ग और बाहर 800 मीटर सीसी रोड क्षतिग्रस्त हुई है। पीडब्ल्यूडी प्रांतीय खंड के एक्सईएन हरबंश सिंह ने मामले को गंभीरता से लिया है। जल निगम एक्सईएन को पत्र भेजकर पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन ने सड़क की मरम्मत के लिए 21 लाख 88 हजार रुपये मांगे हैं। यह रकम तीन दिन में जमा करने के लिए कहा गया है। साथ ही चेतावनी दी गई है कि यदि रकम न जमा कराई गई तो संबंधित फर्म के खिलाफ एफआईआर दर्ज करा दी जाएगी। सड़क क्षतिग्रस्त होने से आम जनमानस को तमाम दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

# 'हमारा आंगन, हमारे बच्चे' के तहत आयोजित हुई कार्यशाला

**कार्यशाला**

**शिक्षक संदर्शिका-स्कूल रेडिनेस पुस्तक का किया गया विमोचन**

**बच्चों का भविष्य ही आने वाले भारत का भविष्य : सीडीओ**

**कौशाम्बी।** कलक्ट्रेट के उदयन सभागार में मंगलवार को मुख्य विकास अधिकारी डा. रवि किशोर त्रिवेदी की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय ह्लहमारा आंगन, हमारे बच्चेह्व उत्सव के तहत बुनियादी साक्षरता एवं पूर्ण अंकिय दक्षता प्राप्त करने के लिए पूर्व प्राथमिक शिक्षा के सार्वभौमिकरण के सम्बन्ध में कार्यालय आयोजित हुई। कार्यक्रम का सीडीओ ने दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया तथा शिक्षक संदर्शिका-स्कूल रेडिनेस पुस्तक का विमोचन किया।

इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि आगामी शैक्षिक



कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सीडीओ

सत्र में जिस प्रकार से टास्क लेकर के अपने कार्यो को पूरी तरह से अन्जाम देना है, उसकी रूपरेखा के विषय में आज की कार्यशाला में विस्तार से जानकारी दी गयी। उन्होंने कहा कि हमें उन लोगों पर विशेष ध्यान देना होगा, जो कम पढे-लिखे तथा शिक्षा के प्रति जागरूक नहीं है एवं उन्हें अहसास कराना है कि पढाई का क्या महत्व है,ऐसे लोगों को जागरूक कर उनके बच्चों को विद्यालय लाना है तथा बच्चों को ऐसा वातावरण का माहौल देना है, जिससे बच्चें विद्यालय आने के लिए आकर्षित हो सकें। उन्होंने कहा कि यह प्रयास किया जाय कि जो बच्चें 03 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके है, वे सभी आंगनवॉडी केन्द्र अवश्य आये। उन्होंने कहा कि बच्चों का भविष्य ही आने वाले भारत का भविष्य है। बच्चों के साथ अच्छा व्यहार करते हुए ऐसा महौल बनाना है जिससे विभिन्न गतिविधियों के आयोजन से बच्चों में सीखने की क्षमता विकसित हो सकें। मुख्य विकास अधिकारी ने आंगनवॉडी कार्यकत्रियों एवं शिक्षक शिक्षिकाओं से अपेक्षा की कि आप लोग समाज के लिए कार्य कर रहे है, अपने दायित्वों का जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन कर बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान करते हुए उनका भविष्य उज्जवल बनायें। उन्होंने कहा कि एक अप्रैल को उत्सव जैसा माहौल बनाया जाय तथा नव प्रवेशी बच्चों का स्वागत किया जाय। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रकाश सिंह ने निपुण भारत तथा स्कूल रेडिनेस के तहत किये जाने वाले विभिन्न गतिविधियों के विषय में जानकारी देते हुए बताया है कि स्कूल रेडिनेस में दिवसवार-मॉर्निंग सर्कल टाइम, स्वतंत्र खेल, भाषा और साक्षरता, कला, गणित ईवीएस वैज्ञानिक सोच, बाहरी खेल एवं गुड बाय सर्कल गतिविधियों के अन्तर्गत शिक्षण कार्य करना है। उन्होंने सभी शिक्षक शिक्षिकाओं से जनपद कौशाम्बी को निपुण कौशाम्बी बनाने का आवाहन भी किया। शिक्षिका रिचा शर्मा एवं शिक्षक कौशल कुमार ने निपुण भारत पर गीत प्रस्तुत कर शिक्षा का महत्व बताया सभी का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी सुरेश कुमार गुप्ता, सभी खण्ड शिक्षा अधिकारी एवं सभी सीडीपीओ सहित आंगनवॉडी कार्यकत्री शिक्षक, शिक्षिकायें उपस्थित रहीं।

# छठे दिन भगवती कात्यायनी का भक्तों ने किया पूजन

**आस्था**

**कड़ा के शीतला सहित विभिन्न देवी मंदिरों में रहा भक्तों का तांता**

**दारानगर, कौशाम्बी।** चैत्र नवरात्रि के सप्तम दिन भक्तों ने भगवती के कालरात्रि स्वरूप का भव्य श्रृंगार किया। इस दौरान कड़ा स्थित भगवती शीतला मंदिर पहुंच भक्तों ने भगवती के सप्तम स्वरूप का विधि विधान से पूजन अर्चन कर दर्शन किया। इस तरह से जिले के विभिन्न देवी मंदिरों भक्तों का तांता रहा।

मान्यता के अनुसार कहा जा रहा है नौ देवियों में सप्तम देवी कालरात्रि का अपना अलग ही महत्व है। इनकी पूजन अर्चन से साधक के पाप नाश होते हैं और उसके अलग ही उर्जा मिलती है। इसी मान्यता के चलते लोग नवरात्रि में अलग-अलग दिन नौ देवियों की पूजन अर्चन करते हैं। कडाधाम नवरात्रि



कड़ा स्थित भगवती शीतला के दर्शन को उमड़ा भक्तों का सैलाब

के सातवें दिन भारी संख्या में श्रद्धालु भक्त पहुंचे। मेला में कोई अप्रिय घटना हो सके इसलिए भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रही, वही थानाध्यक्ष प्रिंस दीक्षित मय फोर्स मेले का निरीक्षण करते रहे।

## ...तो फूल की खेती के लिए नहीं बनता मुआवजा

**कौशाम्बी।** फूलों की खेती करने वाले किसानों को प्रशासन की ओर से कोई मुआवजा नहीं मिलने वाला है। न ही इनको सर्वे में शामिल किया गया है। किसानों के अनुसार, आंधी, बारिश व ओलावृष्टि से लगभग आठ हेक्टेयर फसलों का नुकसान हुआ है। इनमें फूलों की खेती को शामिल नहीं किया गया है। फूलों की खेती करने वालों को भारी नुकसान हुआ है, लेकिन उनके बारे में तहसील प्रशासन चर्चा तक नहीं करना चाहता। जिला कृषि अधिकारी मनोज गौतम ने बताया कि लगभग आठ हजार हेक्टेयर फसल का नुकसान हुआ है। किसानों की रिपोर्ट भेज दी गई है। जल्द ही इनको मुआवजा दिलाया जाएगा। फूलों की खेती के लिए फिलहाल कोई व्यवस्था नहीं है।

## एसपी ने भगवती शीतला में टेका मत्था



भगवती शीतला का दर्शन पूजन करते एसपी

**दारानगर, कौशाम्बी।** नवरात्रि के पावन अवसर पर सोमवार की रात को समय 9:00 बजे की आरती में एसपी बृजेश कुंमार भी मौजूद थे। एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव अपने परिवार के साथ 51शाक्तिपीठ मां शीतला की विधिवत पूजन अर्चन करने के बाद आरती किया। इस दौरान अध्यक्ष उदय पांडेय मौजूद कड़ाधाम थानाध्यक्ष प्रिंस दीक्षित मौजूद नायब तहसीलदार अंकिता पाठक मौजूद थी, हमराही के साथ मौजूद थे।

## टेंट हाउस से लाखों का सामान चोरी

**कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र के नसीरपुर गांव में सोमवार रात टेंट हाउस में सेंध लगाकर चोरों ने लाखों रुपये का सामान पार कर दिया। सुबह जानकारी मिलने के बाद टेंट मालिक के होश उड़ गए। वह बदहवास हालत में दुकान पहुंचा। भुक्तभोगी ने थाने में घटना की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

शेरगढ़ गांव निवासी विद्यासागर ने नसीरपुर गांव में टेंट और लाइट साउंड की दुकान है। सोमवार को वह दुकान बंद करके घर चले गए। इसी दौरान रात में चोर उनकी दुकान में सेंध लगाकर अंदर घुस गए। विद्या के अनुसार चोरों ने दुकान में रखे डीजे साउंड की मशीन, मिक्सर और कुर्सियां आदि लगभग एक लाख रुपये का सामान पार कर दिया। सुबह जानकारी मिलने के बाद बदहवास हालत में मालिक दुकान पहुंचा। वहां का नजारा देख अवाक रह गया। भुक्तभोगी ने थाने में घटना की तहरीर दी।

## गैरइरादतन हत्या में पिता और पुत्रों को सात साल की कैद

**कौशाम्बी।** कोखराज के नौढ़िया गांव में वर्ष 2003 में दावत खाने आए एक युवक को पीट-पीट कर मार डाला गया था। इस मामले में गैर इरादतन हत्या का केस चला। मंगलवार को मामले में न्यायालय ने फैसला सुनाया। आरोप साबित होने पर आरोपित पिता-पुत्रों को सात-सात साल के कैद की सजा सुनाई गई। साथ ही 10-10 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया गया।

करारी के हिसामपुर निवासी बहोरेलाल तीन अक्तूबर 2003 को अपने भाई जगदीश के साथ नौढ़िया गांव दावत खाने गया था। बहोरेलाल के फूफा खुद्दन के यहां दावत थी। दावत खाने के बाद जगदीश अपने फूफा की दुकान में बैठा था। इसी दौरान गांव का ही फूलचंद्र बीड़ी लेने पहुंचा। खुद्दन ने रुपये मांगे तो फूलचंद्र गाली-गलौज करने लगा। इसका जगदीश ने विरोध किया तो फूलचंद्र ने मारपीट शुरू कर दी। फूलचंद्र के शोर मचाने पर उसका भाई लल्लन व पिता मोतीलाल लाठी-डंडा लेकर आए। जगदीश को मारापीटा गया। शोर मचाने पर गांव के तमाम लोग इकट्ठा हुए तो आरोपित भाग निकले। घायल जगदीश को भरवारी के एक अस्पताल लाया गया। जहां उसकी मौत हो गई। बहोरेलाल की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर विवेचना की। आरोप पत्र न्यायालय पेश किया गया। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम ने इस मामले में मंगलवार को फैसला सुनाया। शासकीय अधिवक्ता ने गवाहों को परीक्षित कराया। पत्रावली में उपलब्ध साक्ष्यों का अवलोकन किया गया। आरोप साबित होने पर अभियुक्त फूलचंद्र, लल्लन व मोतीलाल को सात साल के कैद की सजा सुनाई। साथ ही दस-दस हजार रुपये का अर्थदंड लगाया गया है।

### अब्दुल कवि के आठ मददगार भेजे गए जेल

**कौशाम्बी।** माफिया अतीक अहमद के शूटर अब्दुल कवि की गिरफ्तारी न होने पर पुलिस ने मददगारों पर शिकंजा कस दिया है। लगातार कार्रवाई की जा रही है। रविवार को पुलिस ने पुरखास व युसूफपुर गांव में छापा मारकर 21 असलहे बरामद किए थे। इनमें से कई अवैध थे। इस मामले में गिरफ्तार किए गए आठ लोगों को सोमवार को जेल भेज दिया गया। माफिया अतीक अहमद का शूटर अब्दुल कवि राजू पाल हत्याकांड के बाद से फरार है। उमेश पाल हत्याकांड में भी इस शातिर का नाम सामने आया तो जिले की पुलिस अचानक सक्रिय हो गई। अब्दुल कवि के घर को प्रशासन ने जमींदोज कर दिया है। तलाशी के दौरान भारी मात्रा में असलहे मिले तो पिता, भाई समेत परिवार के अन्य सदस्यों को आरोपित बनाया गया। इसके बाद पुलिस की लगातार कार्रवाई चलती रही। सर्च अभियान में अवैध असलहे मिलते रहे। रविवार को पुलिस ने सरायअकिल थाना क्षेत्र के पुरखास व युसूफपुर गांव में सर्च अभियान चलाया था। इस दौरान 21 असलहे पुलिस को मिले। इनमें से कई असलहे अवैध थे। जो लाइसेंसी थे, वह दूसरों के यहां मिले। इस मामले में पुलिस ने नौ लोगों को गिरफ्तार किया था। सोमवार को आठ लोगों का चालान किया गया। कोर्ट ने सभी आरोपितों को 14 दिन की न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा है।

# केपीएस भीटी में आयोजित हुआ वार्षिकोत्सव 2023 कलरव

**कार्यक्रम**

**बच्चों ने अपने प्रदर्शन से उपस्थित अभिभावकों मोहा मन**

**कौशाम्बी।** भीटी स्थित कौशांबी प्रेसिडेंसी स्कूल एंड कॉलेज में सोमवार को वार्षिकोत्सव 2023 का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य रूप से कौशांबी प्रेसीडेंसी स्कूल भीटी के सभी अभिभावक और रिद्धि सिद्धि ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन के समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। केपीएस भीटी के छात्र एवं छात्राओं ने वार्षिकोत्सव के इस मुख्य बेला पर सांस्कृतिक संध्या कलरव का आयोजन किया और अपने प्रदर्शन के बलबूते उपस्थित समस्त जनता जनार्दन को मंत्रमुग्ध कर दिया। बच्चों के प्रदर्शन से उनके माता पिता जो अपने बच्चों की कार्यक्रम को देख रहे थे उनकी आंखों में आंसू थे और एक गर्व की अनुभूति का एहसास भी



रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करते छात्र

उनको हो रहा था। बच्चों ने सरस्वती वंदना गणेश वंदना का मंचन करके जहां भारतीय संस्कृति की परंपरा को जीवंत किया। वही बम बम बोले, राधा रुकमणी एक्ट, रामायण एक्ट, का मंचन करके भक्ति की रस धारा का प्रवाह का संचार केपीएस भीटी के प्रांगण में करवा दिया। मोबाइल थीम एक्ट के माध्यम से समाज में मोबाइल के उपयोग और दुरुपयोग को दर्शार्ने का भी कार्य किया वही रंग मंच के माध्यम से केपीएस भीटी के नन्हे नन्हे बच्चों ने लूंगी डांस फैशन शो आदि का मंचन करके मॉडर्न सोसायटी का नजारा भी पेश करने का प्रयास किया। फनी डांस करके उपस्थित जनता को हंसा हंसा करके सबका मन मोह लिया और अपने अद्भुत प्रतिभा प्रदर्शन के माध्यम से देश भक्ति एक्ट करके देश के प्रति प्रेम को दर्शार्ने का भी कार्य किया। इस दौरान संस्थान के चेयरमैन संजय कुमार गुप्ता ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा एक सशक्त माध्यम होता है समाज को गति प्रदान करने के लिए शिक्षा के माध्यम से ही समाज का सर्वांगीण विकास संभव होता है। हर व्यक्ति को शिक्षा का अधिकार है, कभी भी किसी को शिक्षा से वंचित नहीं किया जा सकता और मैंने हमेशा प्रयास किया है कि बच्चों को उच्च शिक्षा के मापदंडों पर शिक्षा प्रदान करते हुए समाज के विकास में एक रीड की हड्डी हमारे छात्र एवं छात्राएं बने। ऐसा मेरा प्रयास है और यह प्रयास निरंतर जारी रहेगा। कार्यक्रम के दौरान संस्थान की डायरेक्टर सीमा पवार ने भी बच्चों के कार्यक्रम की प्रशंसा किया और कहा कि शिक्षा ही वह सेतु है जिसके माध्यम से परिवार समाज देश का विकास संभव है। कार्यक्रम का संचालन क्लास 12जी की अंजलिना ,महक ,दीपा, नीलू तथा रीता ने बहुत ही सुंदर तरीके से किया। वार्षिकोत्सव के इस शुभ अवसर पर संस्थान के डिप्टी डायरेक्टर डॉक्टर मयंक मिश्रा, केपीएस प्रधानाचार्य रत्नाकर शर्मा, केपीएस भीटी के प्रधानाचार्य सुशील त्रिपाठी, उप प्रधानाचार्य प्रकाश, किड्जी प्रधानाचार्य शिवांगी केसरवानी, एवं संस्थान के समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

## संक्षेप

### बच्चों के विवाद में पड़ोसी ने महिला को जमकर पीटा

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के रमईपुर नेवादा गांव में बच्चों के विवाद में पड़ोसियों ने महिला को मारपीट कर घायल कर दिया ,घायल महिला के परिजन आनन-फानन में कोतवाली लेकर पहुंचे और आरोपियों के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। रमईपुर नेवादा गांव की रहने वाली शकीला पत्नी सद्दाम का आरोप है कि बच्चों के विवाद को लेकर खुन्नस खाए पड़ोसियों ने मंगलवार की शाम 5.00 बजे के आसपास उसे गाली गलौज देते हुए मारना पीटना शुरू कर दिया । इस दौरान आरोप है कि उसे लात घूंसे से बुरी तरह से मारा पीटा गया । जिससे उसे गंभीर चोटें आई हैं ।पीड़ित महिला को परिजन कोतवाली लेकर पहुंचे जहां से पुलिस ने महिला को मेडिकल के लिए सीएचसी पट्टी भेजा ,और मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है ।

# प्रधानों ने सपा राष्ट्रीय महासचिव राम गोपाल का फूंका पुतला, सौंपा ज्ञापन

**प्रतापगढ़।** बाबागंज ब्लॉक में मंगलवार को प्रधानों ने सपा के राष्ट्रीय महासचिव राम गोपाल यादव का पुतला जलाया। प्रधानों ने आरोप लगाया कि 23 मार्च को मुलाकात के दौरान सपा के राष्ट्रीय महासचिव ने अपशब्द कहे थे। प्रधानों ने बताया कि प्रदेश संघठन ने 23 मार्च को सपा के राष्ट्रीय महासचिव प्रोफेसर रामगोपाल यादव से मिलकर प्रधानों की समस्याओं के बारे में बात की थी। मुलाकात के दौरान सपा नेता ने प्रधानों के खिलाफ अमर्यादित भाषा का प्रयोग करते हुए कहा कि सरकार को यह पद ही खत्म कर देना चाहिए। ब्लाक प्रधान संघ अध्यक्ष ओमानंद द्विवेदी ने बताया कि सपा राष्ट्रीय महासचिव की टिप्पणी से पूरे प्रदेश का प्रधान आहत है। राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देश पर उनके खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। इस अवसर पर अध्यक्ष ओमानंद द्विवेदी की अगुवाई में प्रधानों ने सपा महासचिव रामगोपाल यादव का पुतला दहन करते हुए नारेबाजी की। बीडीओ बाबागंज अरुण कुमार को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान प्रधानसंघ अध्यक्ष ओमानंद द्विवेदी, सुनील द्विवेदी पप्पू, पंकज यादव, विनोद यादव, अमित शुक्ला, आलोक शुक्ला, राजेश पटेल, मो0 सरवर, शिवलाल सरोज, शशांक शुक्ला, राजवर्धन सिंह, अंकित मिश्रा, सुमित सिंह, दशरथ पटेल, अनुपम निर्मल, आदि मौजूद रहे।



राम गोपाल का पुतला फूंकते प्रधान

## ढाई महीने का मेडिकल कालेज के सफाईकर्मियों को वेतन का आदेश हड़ताल खत्म

**प्रतापगढ़।** छह दिन से हड़ताल पर रहे सफाईकर्मियों ने मंगलवार को प्राचार्य के सामने तब तक धरना प्रदर्शन किया जब तक कि ढाई महीने का वेतन देने का आदेश जारी नहीं हो गया। मेडिकल कॉलेज में आउटसोर्सिंग पर रखे गए कर्मचारी वेतन न मिलने से हड़ताल पर हैं। हड़ताल से सफाई प्रभावित न हो इसलिए प्राचार्य डॉ. सलिल श्रीवास्तव मंगलवार सुबह खुद दस स्थायी सफाईकर्मियों को लेकर सफाई कराने पहुंच गए। यह देख हड़ताल पर चल रहे सफाईकर्मी आक्रोशित हो गए। विरोध जताने के लिए प्रदर्शन करते हुए गेट बंद करने का प्रयास किया। लेकिन सुरक्षा गार्डों ने गेट से उन्हें हटा दिया तो धरने पर बैठ गए। प्राचार्य ने आउट सोर्सिंग कंपनी से बात कर शाम 5 बजे तक ढाई महीने का वेतन कर्मचारियों के खाते में जमा करने का आदेश दिया। इसके बाद धरना खत्म हुआ।

# बम के साथ दो आरोपी धराए चोरी के सामान बरामद



चोरी के सामान संग पुलिस की गिरफ्त में आरोपी

**प्रतापगढ़।** रानीगंज थाने में कई धाराओं में दर्ज मामलों के आरोपियों को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने सात देशी बम व चोरी के पम्पिंग सेट बरामद किया है। आरोपी शोएब पुत्र इरशाद निवासी इमली डाड व अनवर पुत्र तहमूल निवासी सराय जमुनी थाना रानीगंज ने अपने कारनामों के राज पुलिस को बताया। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि हम लोग अपने अन्य साथियों दिलशाद पुत्र नन्हे इमलीडाड, शकील पुत्र गुलशेर विष्णुपुर कला व साबेज पुत्र ननकऊ रामदेव पट्टी गांवों में कई बार चोरियां कर चुके हैं। चोरों ने लोहारतारा से चोरी के इंजन 8एचपी को भी नाले के पुल के अंदर छिपाकर रखे स्थान पर जाकर बरामद कराया।

### सांसद खेल प्रतियोगिता में गॉव के खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा



**प्रतापगढ़।** सांसद खेल प्रतियोगिता के दूसरे दिन बालक व बालिका खिलाड़ियों ने खेल में अपनी प्रतिभा का हुनर दिखाया। कौशाम्बी विकास परिषद द्वारा कुण्डा, बाबागंज, बिहार, कालाकांकर में आयोजित खेल प्रतियोगिता में ग्रामीण बच्चे उत्साह के साथ भाग लिए। कबड्डी खेल प्रतियागिता में इण्टर व मिडिल स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। खेल प्रतियोगिता में विजयी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। खेल के दौरान दर्शकों ने बच्चों का जमकर उत्साहवर्धन किया। इस दौरान भूपेन्द्र पाण्डेय, कमलेश सोनकर, योगेन्द्र नाथ मिश्र, राजन मिश्र, अभय सिंह पप्पन, संजीव शुक्ल, सौरभ पाण्डेय सहित कई भाजपा नेता व खेल प्रेमी मौजूद रहे।

### मारपीट में घायल किशोर की इलाज के दौरान मौत

**प्रतापगढ़।** बच्चों के महुआ बीनने को लेकर रविवार को मारपीट के दौरान घायल किशोर की सोमवार शाम प्रयागराज में इलाज के दौरान सांसें थम गईं। घटना के दूसरे दिन रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने सोमवार को चार आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। कंधई के वारीकला गांव निवासी बसंतलाल गौतम के परिवारीजनों को पड़ोस के ही कुछ लोगों ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। गंभीर रूप से घायल बसंतलाल के बेटे बजरंगी (13) को प्रयागराज ले जाया गया था। वहां सोमवार शाम उसकी सांसें थम गईं। पुलिस ने घटना के बाद चार के खिलाफ जानलेवा चोटें पहुंचाने की रिपोर्ट दर्ज की थी। सोमवार को सभी चार आरोपितों दयाराम, मनगू, रीता व सविता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मंगलवार को प्रयागराज में बजरंगी के शव का पोस्टमार्टम कराया गया। वह तीन बहन और दो भाई में छोटा था। एसओ धीरेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि आरोपितों को जेल भेज दिया गया है। अब मुकदमा हत्या की धारा में तरमीम किया जाएगा।

### गोगहर ग्राम पंचायत सीएम पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार के लिए चयनित



**प्रतापगढ़।** कुण्डा तहसील के बाबागंज ब्लाक की गोगहर ग्राम पंचायत को मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के लिए चयनित किया गया है। प्रदेश शासन द्वारा जारी सूची में पुरस्कार की घोषणा होने पर प्रधान सहित ग्रामीणों में खुशी है। जिले की चार दर्जन से अधिक ग्राम पंचायतों ने इस योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन किया था। शासन की जांच टीम ने जिले की 5 ग्राम पंचायतों का चयन पुरस्कार के लिए किया है। गोगहर के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विनोद यादव ने मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार का श्रेय जनसत्ता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व कुण्डा विधायक राजा भैया, बाबागंज विधायक विनोद सरोज, डीपीआरओ रविशंकर द्विवेदी व राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त प्रधान प्रभाकर सिंह को दिया है।

### बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ निबंध प्रतियोगिता का आयोजन



**प्रतापगढ़।** बाघराय के बीएन सिंह स्मारक महाविद्यालय पुवासी महाराजपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में स्वयंसेवकों द्वारा क्लीन केंपस ग्रीन केंपस का नारा दिया। पॉलिथीन मुक्त कर वृक्षों के थालों का निर्माण किया। बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ शीर्षक पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि कालेज के प्रबंधक यशवंत बहादुर सिंह, प्राचार्य डॉ0 अशोक सिंह, कार्यक्रम अधिकारी अश्वनी कुमार सिंह, कालेज के शिक्षक स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# उत्कृष्ट कार्यों के लिए गृह सचिव ने प्रशंसा चिन्ह से किया सम्मानित

## एसपी सतपाल अंतिल, कंधई एसओ धीरेन्द्र ठाकुर व विशेष लोक अभियोजक दिनेश चन्द्र तिवारी हुए सम्मानित







**प्रतापगढ़।** जिले में बेकाबू कानून व्यवस्था को कंट्रोल करने के लिए एसपी सतपाल अंतिल को मंगलवार को लखनऊ में गृह सचिव संजय प्रसाद द्वारा प्रशंसा चिन्ह से सम्मानित किया है। इसके अलावा देल्हूपुर थाने के एसओ रहे वर्तमान में कंधई एसओ धीरेन्द्र ठाकुर व विशेष लोक अभियोजक दिनेश चन्द्र तिवारी को भी गृह सचिव ने प्रशंसा चिन्ह से अलंकृत किया है। एपी सतपाल अंतिल द्वारा अपराधियों पर नकल कसने की सराहना जिले से लेकर शासन स्तर तक हो चुकी है। जिले में पहले हर हफ्ते हत्या, लूट, छिनैती, अपहरण, डकैती जैसी घटनाएं होती थीं। घटनाओं पर अंकुश लगाने में नकाम रहे एसपी यहां एक वर्ष का समय नहीं बिता पाते थे। कप्तान सतपाल अंतिल द्वारा जिले की कमान संभालते ही अपराध पर अंकुश लग गया। उन्होंने अपराध नियंत्रण में कई ऐसे कदम उठाये जिसकी चारों ओर सराहना की गई। इसके अलावा एसपी के नेतृत्व में देल्हूपुर के तत्कालीन थानाध्यक्ष रहे धीरेन्द्र ठाकुर ने सराहनीय कार्य करते हुए युवती के साथ गैंगरेप के चार आरोपियों को घटना के महज 110 दिन में आजीवन करावास की सजा दिलाई थी। इस मुकदमे की प्रभावी पैरवी विशेष लोक अभियोजक दिनेश चन्द्र तिवारी ने की थी। जिसमें अदालत ने ठोस साक्ष्य के आधार पर एक हिन्दू व तीन अन्य समुदाय के थे आजीवन कारावास की सजा समेत चारों पर 3 लख 95 हजार का जुमार्ना लगाया था। सम्मान के दौरान पुलिस महा निदेशक यूपी भी मौजूद रहे। आरोपियों पर हुई कार्यवाही से व्यापारियों व आम लोगों ने सराहना की थी। खासकर महिलाओं ने इस सजा पर सरकार के नेतृत्व की सराहना की थी। एसओ बाघराय त्रिलोकी पाण्डेय ने प्रशंसा व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के सम्मान से विभाग का मान बढ़ है। कप्तान साहब के नेतृत्व में काम करने की सुखद अनुभूति महसूस हो रही है। इस सम्मान से हमारे पुलिसकर्मियों में हौसला बढ़ेगा जो और मुस्तैदी से अपने ड्यूटी का निर्वहन करेंगे।

# शाखा प्रबंधक ने महिला लाभार्थी को सौंपा दो लाख का चेक

**लाभ**

**प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत दी गई धनराशि**

**प्रतापगढ़।** भारतीय स्टेट बैंक की शाखा चांदपुर में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत मृतक के परिजनों को शाखा प्रबंधक ने दो लाख का चेक सौंपा। परिजनों ने खुशी जाहिर करते हुए बैंक कर्मियों के प्रति आभार व्यक्त किया। मांधाता विकास खंड के भावलपुर गांव निवासी अजय सिंह की मृत्यु बीमारी की वजह से छः माह पूर्व हुई थी। उन्होंने अपने स्टेट बैंक के खाते में प्रधानमंत्री की महत्त्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत पॉलिसी करा रखी थी। अजय सिंह की मृत्यु के पश्चात उनके खाते में पॉलिसी की जानकारी होने पर खाते की वारिश उनकी पत्नी रेनू सिंह ने चांदपुर शाखा में बीमा राशि पाने के लिए आवेदन किया था। मंगलवार को शाखा प्रबंधक दिग्विजय सिंह ने रेनू सिंह को दो लाख रुपए का चेक प्रदान किया। लाभार्थी रेनू सिंह ने बैंक के प्रति आभार जताते हुए कहा की मुश्किल दौर में यह धनराशि उनके बच्चो के भविष्य को उज्जवल बनाने में मददगार साबित होगी। शाखा प्रबंधक दिग्विजय सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना व प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के माध्यम से खाता धारकों के मृत्यु के बाद उनके परिजनों को मिलने वाली सहायता राशि उनके जीवन यापन को सरल बनाती है। सभी ग्राहकों को इन योजनाओं के तहत पंजीयन कराना चाहिए जिससे उनके आकस्मिक मृत्यु के बाद भी परिजनों को बैंक मदद करने में सहायक हो। इस दौरान अमित पाल, आशीष सिंह, राजेश यादव, शकील अहमद आदि मौजूद रहे।



लाभार्थी महिला को 2 लाख का चेक देते शाखा प्रबंधक

## यदि 02 अप्रैल तक बिजली कर्मियों के साथ हुआ समझौता लागू न हुआ और दमनात्मक कार्यवाही न रूकी तो उठाएंगे कठोर कदम : कर्मचारी संगठन



ज्ञापन सौंपते कर्मचारी संगठन

**प्रतापगढ।** राज्य कर्मचारियों के संगठनों के पदाधिकारियों ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट में सभा आयोजित की। जिसमें बिजली विभाग के हड़ताल के दौरान विभाग के एमडी द्वारा कर्मचारियों पर की गई कार्यवाही का विरोध किया गया। संगठनों के नेताओं ने डीएम के जरिए मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। जिसमें कहा गया है कि बिजली कर्मचारियों का उत्पीड़न वापस लिया जाए। कर्मचारी नेताओं व बिजली विभाग के जिम्मेदारों के बीच 03 दिसम्बर 2022 को हुए समझौते को लागू करने की मांग की गई है। कर्मचारी संगठनों के नेताओं ने आरोप लगाया कि ऊर्जा मंत्री ने कर्मचारियों पर सकारात्मक रूख अपनाया है। बिजली विभाग के एमडी एम देवराज समझौते के बावजूद कर्मचारियों के साथ मनमानी कर रहे हैं। ज्ञापन के जरिए मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप की मांग की गई है। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि 02 अप्रैल तक पूर्व में हुए समझौते को लागू न किया गया और कर्मचारियों पर दमनात्मक कार्यवाही वापस न ली गई तो प्रदेश के 18 लाख कर्मचारी व अधिकारी कठोर कदम उठाने को बाध्य होंगे। जिसकी सारी जिम्मेवारी प्रदेश सरकार की होगी। इस दौरान प्यारे लाल मिश्र, मनोकानिका उपाध्याय, नौशाद अहमद, सुरेश मिश्र, मो0 अब्बास, संदीप कुमार, करूणेश कुमार सिंह, हेमंत नंदन ओझा समेत कई संगठनों के कर्मचारी नेता मौजूद रहे।

## छत के सहारे घर में घुसकर महिला के साथ की छेड़छाड़ जान से मारने दी धमकी

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के बंधवा बाजार गांव निवासिनी ने आरोपित किया है कि बीते दिनों रात को छत के सहारे मेरे घर में पड़ोसी युवक घुसकर मेरे गले पर चाकू रखकर मेरे साथ छेड़छाड़ करने लगा और जान से मारने की धमकी दी पीड़ित कोतवाली पहुंचकर नामजद शिकायत करते हुए कार्यवाही की मांग की है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के बंथवा गांव निवासिनी रेनू गुप्ता पत्नी उदय राज ने आरोपित किया है कि बीती रात को हम लोग खाना खाकर घर के अंदर सो रहे थे इसी बीच छत के ऊपर से चढ़कर पड़ोसी युवक मेरे घर में आ गया और मेरे गले पर चाकू रख कर छेड़छाड़ करने लगा और कहा कि जो मैं करूं उसको करने दो नहीं तो तुम्हें जान से मार दूंगा परेशान पीड़िता हल्ला गुहार करने लगी तो जान से मारने की धमकी देता हुआ चला गया जिसकी सूचना चौकी पृथ्वीगंज को दी कार्यवाही ना होने पर पीड़िता। पट्टी कोतवाली आकर नामजद तहरीर देते हुए कार्यवाही की मांग की है पुलिस तहरीर के आधार पर मामले की छानबीन कर रही है।

# रामनवमी पर निकाली जायेगी राम जन्मोत्सव झांकी



बैठक में शामिल लोग

**प्रतापगढ़।** रामनवमी के दिन नगर में भव्य राम जन्मोत्सव शोभायात्रा निकाली जायेगी। मंगलवार को रामलीला समिति के पदाधिकारियों ने बैठककर यह निर्णय लिया। समिति के अध्यक्ष संजय खण्डेलवाल के नेतृत्व में आयोजित हुई बैठक में शोभायात्रा को भव्य बनाने के लिए कई अहम फैसले लिए गये। रामजन्मोत्सव झांकी नगर के गोपाल मंदिर से निकलकर रेलवे स्टेशन, चौक घण्टाघर होते हुए चिलबिला जायेगी। वापस बेल्हादेवी मंदिर पहुंचकर समापन होगा। समिति के संरक्षक रोशनलाल उमरवैश्य ने बताया कि शोभायात्रा शाम चार बजे निकाली जायेगी। इसे भव्य रूप प्रदान करने के लिए तैयारियॉ पूरी कर ली गई हैं। संयोजक दिनेश सिंह दिन्नू ने कहा कि राम भक्त शोभायात्रा में शामिल होकर भगवान राम का जन्म धूमधाम से मनाएं। समिति के मंत्री विपिन गुप्ता ने बताया कि यात्रा के दौरान नगर में जगह-जगह आरती और जलपान की व्यवस्था की जा रही है। इस बैठक में श्याम शंकर सिंह, मनीष गुप्ता, राजू शर्मा, छेदीलाल, संतोष कुमार, देवानंद, धर्मेन्द्र चौरसिया, विनय केसरवानी, पवन कुमार, सूरज उमरवैश्य, बबलू कसौधन, संजय जैन, दीपक जायसवाल आदि मौजूद रहे।

### गुंडई के बल पर पड़ोसी कर रहे हैं कब्जा

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के आशापुर गांव निवासी ने आरोपित किया है कि मेरे पड़ोस के लोग बीते दिनों शाम को मेरे गेहूं को काट कर उसमें पिलर का गड्ढा खोदने लगे जब हम लोगों को पता चला तो मैं और मेरे पति मौके पर पहुंचे तो गाली गलौज करते हुए मारपीट पर उतारू हो गए पीड़िता कोतवाली आकर पुलिस को सूचित किया है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के आशापुर गांव निवासी ममता पत्नी इंद्रजीत ने आरोपित किया है कि पड़ोस के लोग दबंगई के बल पर मेरे कब्जे की जमीन में गेहूं बोया हुआ था बीती रात पड़ोसियों ने गुंडई के बल पर मेरा गेहूं काटकर पिलर का गड्ढा खोदने लगे जब इसकी सूचना पीड़िता को हुई तो अपने पति के साथ वहां आकर रोकने लगी तो गाली गलौज करते हुए मारपीट पर आमादा हो गए जिसकी सूचना पीड़िता ने पुलिस को दी पुलिस मौके पर पहुंचकर काम को रुकवाया पीड़ित महिला पट्टी कोतवाली आकर नामजद तहरीर देते हुए कार्यवाही की मांग की है पुलिस तहरीर के आधार पर मामले की खोजबीन कर रही है।

## परीक्षाफल पाकर खिला बच्चे का चेहरा, मेधावी हुआ सम्मानित



**प्रतापगढ़।** सेंट मैरिज इंग्लिश मीडियम स्कूल परीक्षाफल मे सफलता को लेकर मेधावी के ननिहाल व परिजनों मे खुशी देखी गयी। पडोसी जिले अमेठी के टीकरमाफी गांव के अरूण कुमार श्रीवास्तव के पुत्र अभिनव श्रीवास्तव को सेंट मैरिज इंग्लिश मीडियम स्कूल में कक्षा छः की परीक्षा में प्रथम स्थान मे सफलता मिली है। सफलता की जानकारी पर परिजनों मे खुशी देखी गयी। वहीं अभिनव के ननिहाल नौबस्ता मे भी पूर्व शिक्षक ज्ञानचंद्र श्रीवास्तव के घर भी लोगों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार करते दिखे।

### बाल श्रमिक मुक्त कराने के साथ ही दो दुकानदारों का हुआ चालान

**प्रतापगढ़।** बच्चों से मजदूरी कराना दो दुकानदारों को मंहगा पड़ गया। एक युद्ध नशे के विरुद्ध व बाल भिक्षावृत्ति एवं बाल श्रम उन्मूलन अभियान के तहत सोमवार को दुकानदारों के कब्जे से दो बच्चों को पुलिस ने मुक्त कराया। देल्हूपुर बाजार में चाइल्ड लाइन के नसीम अंसारी को दुकान पर बच्चों के काम करने की सूचना मिली थी। एएचटीयू के प्रभारी व उनकी टीम को लेकर नसीम अंसारी संबंधित दुकान पहुंचे जहॉ दो दुकानों पर बच्चे काम करते मिले। पूंछने पर दुकानदार ने आनाकानी की। इस पर दुकानों के मालिकों का कोटपा एक्ट के तहत टीम ने चालान कर दिया।

## जनसंपादकीय

# महंगाई के बोझ तले दबता आम आदमी

राजेश माहेश्वरी



महंगाई से आम आदमी परेशान है। बढ़ती महंगाई के कारण मध्यम वर्ग के व्यक्ति को अपने आप को एक स्थान पर बनाए रखने के लिए कठिन संघर्ष करना पड़ रहा है। देशभर में नवरात्रि के चलते फलों और सब्जियो के दाम आसमान छू रहे हैं। पिछले एक सप्ताह से फलों से लेकर सब्जियों के दामों में 20 से लेकर 30 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई है। चिंता की बात यह है कि महंगाई के प्रकोप के लंबे समय से चले आ रहे हालातों में सुधार होने की जगह परिस्थितियां दिन-प्रतिदिन विकट होती जा रही हैं। कोरोना काल के बाद देश में आर्थिक मंदी व सभी क्षेत्रों में बढ़ती महंगाई ने आम जनता के सामने 'वह जीवनयापन कैसे करें'की एक बहुत बड़ी चुनौती खड़ी कर दी है

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर ने पिछले दिनों दावा किया था कि महंगाई का दौर बहुत पीछे छूट गया है। हम महंगाई के प्रभावों से अब देश की अर्थव्यवस्था उबर रही है। गर्वनर ने यह दावा तब किया, जब आकलन किए जा रहे हैं कि वित्त-वर्ष 2023-24 के दौरान खुदरा महंगाई दर 6.8 फीसदी, थोक की दर 11.5 फीसदी और फूड की महंगाई दर 7 फीसदी से अधिक होने के अनुमान हैं। संभावित महंगाई की दर उस लक्ष्मण-रेखा के पार लगती है, जो भारत सरकार और रिजर्व बैंक ने तय कर रखी है। यह लक्ष्मण-रेखा 6 फीसदी की है। अर्थात महंगाई की दर इससे ज्यादा नहीं होनी चाहिए, लेकिन रिकॉर्ड स्पष्ट बयां कर रहे हैं कि बीते 15 माह के दौरान महंगाई ने कमोबेश 10 बार से ज्याद लक्ष्मण-रेखा को लांघा है।

मोटे तौर पर बात करें तो बाजार में महंगाई का घटना और बढ़ना वस्तुओं की मांग एवं आपूर्ति पर निर्भर करता है। वस्तुओं की मांग व्यक्ति की खरीदने की क्षमता पर निर्भर करता है। अगर व्यक्ति के पास पैसे ज्यादा होंगे तो वह ज्यादा चीजें खरीदेगा, ज्यादा चीजें खरीदेगा तो वस्तुओं की मांग बढ़ेगी और उत्पाद की आपूर्ति कम होने के कारण उसकी कीमत बढ़ जाएगी। और इस तरह से बाजार महंगाई की चपेट में आ जाता है। मौजूदा दौर में बाजार आंशिक तौर पर मांग और आपूर्ति के संतुलन को स्थापित नहीं कर पा रहा है जिससे महंगाई बढ़ रही है। लेकिन महंगाई के बेकाबू होने की सबसे बड़ी वजह पेट्रोल, डीजल और एलपीजी, सीएनजी, पीएनजी की कीमतों में भारी वृद्धि है. और इसके पीछे रूस-यूक्रेन युद्ध बड़ी वजह है। हालांकि, सरकार अपने स्तर पर महंगाई दर को रोकने का प्रयास कर रही है, लेकिन वो प्रयास जमीन पर असरदार साबित होते दिखते नहीं हैं।

फरवरी, 2023 में भी खाद्य महंगाई दर करीब 5.95 फीसदी थी और खुदरा दर 6.44 फीसदी रही। शायद आम आदमी इन प्रतिशतों को नहीं जानता होगा, लिहाजा मोटे तौर पर स्पष्ट कर दें कि महंगाई अब भी मौजूद है। बल्कि तय लक्ष्मण-रेखा के बाहर ही है, लिहाजा 'चरम' पर है। बेशक केंद्रीय मंत्री और सत्ता-पक्ष के प्रवक्ता अब भी कोरोना महामारी के दुष्प्रभावों और रूस-यूक्रेन युद्ध की आड़ में छिप कर दलीलें देते रहे हैं, लेकिन 'महंगाई भरे दिन बीते न भैया३' की तर्ज पर एक पुराना गीत लोगों के लबों पर है।

एशिया-प्रशांत के लिए त्रैमासिक आर्थिक जानकारी को अद्यतन करते हुए एसएंडपी ने कहा कि मुद्रास्फीति दर चालू वित्त की 6.8 प्रतिशत से नरम होकर 2023-24 में पांच प्रतिशत पर होगी। वहीं, भारत का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) चालू वित्त वर्ष (2022-23) में सात प्रतिशत की दर से बढ़ेगा लेकिन 2023-24 में यह कम होकर छह प्रतिशत पर आ जाएगा। इसमें कहा गया, "2024-2026 में भारत की औसत वृद्धि दर सात प्रतिशत होगी।" इसके बाद, 2024-25 और 2025-26 में जीडीपी के 6.9 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है, 2026-27 के लिए यह 7.1 प्रतिशत होगी। रेटिंग एजेंसी ने कहा, "भारत में अर्थव्यवस्था को परंपरागत रूप से घरेलू मांग प्रभावित करती रही है। हालांकि बाद में यह वैश्विक चक्र के प्रति अधिक संवेदनशील हो गई, जिसकी एक वजह जिसों के निर्यात में वृद्धि है।

इसमें कोई दो राय नहीं है कि जीवन जीने के लिए बेहद जरूरी दैनिक उपभोग की वस्तुओं व पेट भरने वाली रसोई के बढ़ते बजट ने आम व खास सभी वर्ग के लोगों को सोचने पर मजबूर कर दिया है, प्रत्येक व्यक्ति का घरेलू खर्चे का बजट पूरी तरह से गड़बड़ा गया है, लोग भविष्य में स्थित को नियंत्रित करने के लिए अब अपनी आय के स्त्रोत बढ़ाने के लिए चिंतित नजर आने लगे हैं, लेकिन उनको सरकार के सहयोग के बिना इस गंभीर समस्या का कोई समाधान नजर नहीं आ रहा है। प्रतिदिन के कुछ उदाहरणों से स्पष्ट हो जाएगा कि महंगाई कितने छद्म तरीके से हमें प्रभावित कर रही है। बिस्कुट का 5 रुपए वाले पैकेट का वजन 80 ग्राम होता था, जिसे घटाकर 52 ग्राम कर दिया गया है। चाय की पत्ती का जो 250 ग्राम वाला पैकेट 60 रुपए में मिलता था, उसे घटा कर 200 ग्राम कर दिया गया है। नमकीन का 10 रुपए वाला पैकेट 60 ग्राम से घटा कर 42 ग्राम कर दिया गया है। बेशक ये छोटे-छोटे खर्च हैं, जो आम आदमी को उतने नहीं चुभते होंगे, लेकिन आटा, चावल, दाल, चीनी, सरसों का तेल, मसाला, मांस-मछली, अंडा, दुग्ध उत्पाद, अनाज और सबसे अधिक रसोई गैस का सिलेंडर आदि लगातार महंगे होते रहे हैं, नतीजतन औसत घर का बजट भी डांवाडोल हुआ होगा!

राजधानी दिल्ली में गैस का सिलेंडर 1103 रुपए का बिक रहा है। यह स्थिति तब है, जब अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल के बाजार में दाम 72 डॉलर प्रति बैरल है। यह कीमत 116 डॉलर प्रति बैरल से लुढ़क कर आई है, लेकिन आम आदमी के लिए पेट्रोल और डीजल के खुदरा दाम यथावत हैं। बीते 10 माह से दाम न तो बढ़े और न ही कम किए गए हैं। सवाल है कि जब कच्चा तेल लगातार सस्ता हो रहा है, तो उसका फायदा आम उपभोक्ता को क्यों नहीं दिया जा रहा है? विकास के साथ महंगाई का पुराना रिश्ता है, जहां तरक्की होगी वहां महंगाई होनी स्वाभाविक है, लेकिन सरकार का दायित्व है कि दैनिक प्रयोग में आने वाली वस्तुओं पर बढ़ती महंगाई पर अंकुश लगाए। जिससे कि गरीब और मध्यम वर्गीय परिवार अपना जीवन यापन ठीक प्रकार से कर सकें। आमजन को सुविधा हो।

विशेषज्ञ आशंकाएं जताने लगे हैं कि महंगाई ही नहीं, शीघ्र ही मंदी की मार भी हमें झेलने को तैयार रहना चाहिए! क्या सरकार यह सब कुछ देख-सुन रही है? गरीब वर्ग को सस्ते दाम पर सरकारी राशन दिया जा रहा है। खराब मौसम व अन्य विभिन्न प्रकार के कारकों के चलते फल-सब्जियों के दाम आसमान को छू रहे हैं, अपना घरेलू बजट ठीक रखने के चक्कर में फल, दाल व सब्जियां लोगों की थाली से तेजी से गायब होती जा रही हैं। महंगाई के चलते अब गरीब तबके की तो बात ही छोड़ दो, एक आम ठीक-ठाक मध्यमवर्गीय परिवार के सामने भी अपने घर को चलाना बेहद कठिन कार्य होता जा रहा है। आगामी लोकसभा चुनाव में एक साल का समय शेष है। अगर भाजपा और उसके सहयोगियों को फिर से सत्ता हासिल करनी है, तो महंगाई पर अंकुश लगाना होगा, अन्यथा नतीजे भाजपा की आशाओं के विपरीत भी जा सकते हैं। सरकार को कमरतोड़ महंगाई की इस गंभीर समस्या के निदान के लिए अब जल्द से जल्द धरातल पर नजर आने वाले ठोस प्रयास करने चाहिए, क्योंकि अब देश में वह समय आ गया है जब 'अच्छे दिन आने वालें हैं' का सपना देख रही आम जनता महंगाई से बेहद त्रस्त है।

**(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं)**

(95 वें एकेडमी अवार्ड समारोह में इस बार दो भारतीय फिल्मों को बेस्ट शार्ट डाक्यूमेंट्री और बेस्ट ओरिजनल सांग कैटेगरी में आस्कर अवार्ड मिलने के बाद एक पुरानी बहस फिर से ताजा हो गईं हैं कि अब तक किसी भारतीय फीचर फिल्म को आस्कर अवार्ड क्यों नहीं मिला और अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोहों में भारतीय फिल्मों की उपस्थिति नगण्य क्यों है।. अमेरिकी ब्राडकास्टिंग कंपनी एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर्स आर्ट्स एंड साइंस पिछले 90 सालों से हर साल आस्कर अवार्ड देती आ रही है। 1957 में जब विदेशी भाषा की सर्वश्रेष्ठ फिल्म का आस्कर अवार्ड शुरू किया गया, तब से हर साल भारतीय फिल्में प्रतियोगिता में भाग लेती रही है। दुनिया भर से आई सैकड़ों फिल्मों में से अंतिम दौर में केवल पांच फिल्में पहुंचती है जिन्हें फाइनल अवार्ड के लिए नामांकित किया जाता है। दुर्भाग्य से पिछले साठ सालों में केवल तीन भारतीय फिल्में ही अंतिम दौर तक पहुंच पाई - महबूब खान की मदर इंडिया-1958, मीरा नायर की सलाम बांबे -1989 और आशुतोष गोवारिकर- आमिर खान की लगान-2002)

# भारतीय फिल्मों को क्यों नहीं मिलता आस्कर ?

## फिल्म

अजित राय



भारत के लिए आस्कर अवार्ड हमेशा से एक सपना रहा है जो सच्चे अर्थों में इस साल पूरा हुआ है जिसके कारण समूचे भारतीय फिल्म उद्योग में खुशी का माहौल है। 95 वें एकेडमी अवार्ड समारोह में इसी 12 मार्च की रात लास एंजिल्स के डोल्बी थियेटर में जब कार्तिकी गोंजाल्विस और प्रोड्यूसर गुनीत मोंगा की फिल्म ' एलिफैंट व्हीस्पर्स ' को शार्ट डाक्यूमेंट्री श्रेणी में और एस एस राजामौली की तेलुगू फिल्म ' आर आर आर ' के गीत ' नाटू नाटू ' ( नाचो नाचो) को बेस्ट ओरिजनल गीत की श्रेणी में आस्कर अवार्ड प्रदान किया गया तो भारत में खुशी की लहर दौड़ गई। चंद्रबोस लिखित और एम एम किरवानी द्वारा संगीतबद्ध इस गीत को कुछ ही दिनों पहले प्रतिष्ठित गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड से भी नवाजा जा चुका है। हालांकि दिल्ली के युवा फिल्मकार सौनक सेन की चर्चित फिल्म ' आल दैट ब्रीद ' को बेस्ट डाक्यूमेंट्री श्रेणी में अंतिम दौर की पांच में नामांकित किया गया था जो अपने आप में बड़ी बात थी। पर इस फिल्म को अवार्ड नहीं मिला।

यह भी कम दिलचस्प नहीं है कि' कश्मीर फाइल्स' जैसी कई भारतीय फिल्मों के बारे में उनके निमार्ताओं- निर्देशकों ने झूठी खबरें प्रचारित की कि उनकी फिल्में आस्कर अवार्ड के लिए शार्टलिस्ट हो गई है। चूंकि भारतीय मीडिया में सिनेमा के अंतरराष्ट्रीय समारोहों को लेकर भयानक अज्ञानता और लापरवाही का माहौल है इसलिए अनुपम खेर और विवेक अग्निहोत्री जैसे लोगों की प्रेस कॉन्फ्रेंस की खबरें हिंदी और भाषाई ही नहीं, अंग्रेजी मीडिया में भी प्रमुखता से छपी। जबकि यह सच नहीं था। यह बात वैसे ही हैं कि कोई भारतीय नागरिक पद्म अवार्ड के लिए आवेदन करे और उसका आवेदन स्वीकृत हो जाए तो वह कहने लगे कि उसका नाम शार्टलिस्ट हो गया है। सच यह है कि आस्कर अवार्ड के अंतिम दौर में हर श्रेणी में प्रायः पांच फिल्मों को शार्टलिस्ट किया जाता है जिन्हें अंतिम मुकाबले के लिए नामांकित किया जाता है। दूसरे, विदेशी भाषा की सर्वश्रेष्ठ फिल्म की श्रेणी में हर देश अपने यहां से एक फिल्म को शार्टलिस्ट करके आस्कर अवार्ड के लिए भेजता है। अब इस श्रेणी को बेस्ट इंटरनेशनल फिल्म कैटेगरी कहा जाता है। इस बार इसी श्रेणी में पेरिस में बसे भारतीय फिल्मकार पैन नलिन की गुजराती फिल्म 'छेल्लो शो ' को भारत से भेजा गया था ?। अभी भी भारत को इसी श्रेणी में आस्कर अवार्ड का इंतजार है। इससे पहले हालांकि भारत में बनी डैनी बायल की फिल्म ' स्लमडॉग मिलेनियर ' और रिचर्ड एटनबरो की ' ' गांधी ' को कई आस्कर अवार्ड मिल चुके हैं , पर ये दोनों फिल्में तकनीकी रूप से ब्रिटिश फिल्में थी। यह बात अलग है कि इन्ही फिल्मों के कारण भानु अथैया , रसूल पोकुट्टी, ए आर रहमान और गुलजार को आस्कर अवार्ड मिल सका था।

बेस्ट इंटरनेशनल फिल्म कैटेगरी में इस बार जिन पांच फिल्मों को शार्टलिस्ट करके नामांकित किया गया था, वे थीं- बेल्जियम के लूकास धोंट की' क्लोज ', पोलैंड के जेर्जी स्कोलीमोवस्की की ' ईओ ', आयरलैंड के कोम बेयरिड की ' द क्वाएट गर्ल ' , जर्मनी के एडवर्ड बर्गर की ' आल क्वाएट आन द वेस्टर्न फ्रंट' और अर्जेंटीना के सेंटियागो मित्रे की ' अर्जेंटीना 1985।' आस्कर अवार्ड मिला जर्मन फिल्म ' आल क्वाएट आन दि वेस्टर्न फ्रंट ' को जो एक युद्ध विरोधी फिल्म है।

जर्मनी के एडवर्ड बर्गर की ' आल क्वाएट आन द वेस्टर्न फ्रंट' प्रथम विश्व युद्ध में एक जर्मन सैनिक की सच्ची आत्म स्वीकृतियां है। यह फिल्म इसी नाम से 1929 में प्रकाशित एरिक मारिया रेमार्क के विश्वप्रसिद्ध उपन्यास पर आधारित है जिसे हिटलर के समय में प्रतिबंधित कर दिया गया था और नाजी फौज ने चौराहों पर इसकी होली जलाई थी। फिल्म का नायक पाउल प्रथम विश्व युद्ध के खत्म होने के बाद युद्ध में जर्मन सैनिकों की दिशाहीनता का वर्णन करता है। दिल दहलाने वाली कहानी और वृत्तांत में युद्ध की निरर्थकता पर काफी प्रकाश डाला गया है।

95 वें एकेडमी अवार्ड समारोह में इस बार दो भारतीय फिल्मों को बेस्ट शार्ट डाक्यूमेंट्री और बेस्ट ओरिजनल सांग कैटेगरी में आस्कर अवार्ड मिलने के बाद एक पुरानी बहस फिर से ताजा हो गईं हैं कि अब तक किसी भारतीय फीचर फिल्म को आस्कर अवार्ड क्यों नहीं मिला और अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोहों में भारतीय फिल्मों की उपस्थिति नगण्य क्यों है।. अमेरिकी ब्राडकास्टिंग कंपनी एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर्स आर्ट्स एंड साइंस पिछले 90 सालों से हर साल आस्कर अवार्ड देती आ रही है। 1957 में जब विदेशी भाषा की सर्वश्रेष्ठ फिल्म का आस्कर अवार्ड शुरू किया गया, तब से हर साल भारतीय फिल्में प्रतियोगिता में भाग लेती रही है। दुनिया भर से आई सैकड़ों फिल्मों में से अंतिम दौर में केवल पांच फिल्में पहुंचती है जिन्हें फाइनल अवार्ड के लिए नामांकित किया जाता है। दुर्भाग्य से पिछले साठ सालों में केवल तीन भारतीय फिल्में ही अंतिम दौर तक पहुंच पाई - महबूब खान की ₹ मदर इंडिया ₹ (1958), मीरा नायर की ₹ सलाम बांबे ' ( 1989) और आशुतोष गोवारिकर- आमिर खान की ₹ लगान (2002)।₹ मदर इंडिया के बारे में तो कहा जाता है कि केवल एक वोट से यह फिल्म इटली के मशहूर फिल्मकार फेदेरिको फेलिनी की ₹ नाइट्स आफ कैबीरिया ₹ से पिछड़ गई। यह भी कहा जाता है कि मदर इंडिया के टिपीकल भारतीय जीवन मूल्यों और मां द्वारा अपने ही बेटे को गोली मारने की बात अमेरिकी दर्शकों को समझ नहीं आई। सलाम बांबे को डेनमार्क के विले अगस्त की ₹ पेले द कंक्वेरर₹ ने शिकस्त दी जबकि इसमें गरीबी और सेक्स का अच्छा खासा कंटेंट था जो आस्कर के वोटरों को लुभाने के लिए काफी था। लगान को सर्बिया के डेनिस तैनोविक्क की ₹ नो मैन्स लैंड ₹ ने पछाड़ दिया।

जिन भारतीयों को आस्कर अवार्ड मिले भी हैं तो इसलिए कि उन्होंने विदेशी फिल्मकारों के साथ काम किया है। रिचर्ड एटनबरो की फिल्म गांधी में बेस्ट कास्ट्यूम डिजाइन के लिए भानु अथैया को 1983 में और डैनी बॉयल की फिल्म ₹ स्लम डाग मिलिनेयर ₹ में बेस्ट साउंड के लिए ए आर रहमान, बेस्ट सांग के लिए गुलजार और बेस्ट साउंड मिक्सिंग के लिए रसूल पोकुट्टी को जरूर आस्कर अवार्ड से नवाजा गया है। भारत और आस्कर अवार्ड का किस्सा यहीं खत्म हो जाता है।

हिंदी फिल्मों के लिए भी एकेडमी अवार्ड्स के दरवाजे खुल सकते हैं बशर्ते सही और श्रेष्ठ फिल्मों को भेजा जाए और अमरीका में उनके प्रचार प्रसार के लिए सरकार प्रर्याप्त धन उपलब्ध कराए। भारत में फिल्म निमार्ताओं की संस्था फिल्म फेडरेशन ऑफ इंडिया अलग से एक चयन समिति बनाकर आस्कर अवार्ड में भेजने के लिए फिल्म का चुनाव करती है जो कई बार आत्मघाती होता है और हमारी फिल्में पहले दौर में ही प्रतियोगिता से बाहर हो जाती है। 1974 में तो एम एस सत्थ्यू की फिल्म ₹ गरम हवा ₹ ग्यारह महीने तक सेंसर बोर्ड में अटकी रही। जब पेरिस में इसका प्रीमीयर हुआ तो वहीं से कान फिल्म समारोह में चुन ली गई और फिर आस्कर अवार्ड के लिए चली गई। जब एकेडमी से सत्थ्यू साहब को आमंत्रण आया तो उनके पास खुद अमरीका जाने के पैसे नहीं थे तो फिल्म का प्रोमोशन क्या करते। अधिकतर भारतीय फिल्मकारों की यही कहानी है कि जितने पैसे में वे फिल्म बनाते हैं उससे दोगुना पैसा आस्कर अवार्ड के लिए अमरीका में उनकी फिल्मों के प्रोमोशन के लिए चाहिए जो उनके पास नहीं होते। इसकी वजह यह है कि आस्कर अवार्ड की कोई जूरी नहीं होती। सिनेमा से जुड़े करीब सात हजार लोगों के वोट से आस्कर पुरस्कारों का फैसला होता है।उन सात हजार लोगों में से जितने लोगों को आप अपनी फिल्म दिखाने में सफल होते हैं उतनी ही संभावना अवार्ड की बढ़ जाती है। इसके लिए बड़ी बड़ी नाइट पार्टियां स्पेशल स्क्रीनिंग आयोजित करनी पड़ती है जिसका भारी खर्चा आता है।

विदेशी भाषा की सर्वश्रेष्ठ फिल्म की श्रेणी में दुनिया भर से आई जो फिल्में अंतिम दौर में पहुंचती है और नामांकन हासिल करती है , वे आमतौर पर वे फिल्में हैं जो कान, बर्लिन और वेनिस जैसे दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित फिल्म समारोहों में धूम मचा चुकी होती है। इसलिए अमरीका में इन फिल्मों के प्रोमोशन की कोई खास जरूरत नहीं होती क्योंकि अधिकतर वोटर इन फिल्म समारोहों में इन फिल्मों को पहले से ही देख चुके होते हैं। इन अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोहों में भारतीय फिल्मों की कोई खास उपस्थिति दर्ज नहीं होती इसलिए इनके प्रोमोशन की जरूरत होती है। उदाहरण के लिए 2018 में मैक्सिको की फिल्म ₹रोमा₹ वेनिस फिल्म समारोह में और जापान की फिल्म ₹शाप लिफ्टर ₹ कान फिल्म समारोह में बेस्ट फिल्म का पुरस्कार पा





चुकी थी, इसलिए उनके निमार्ता आश्वस्त थे कि उन्हें अंतिम दौर में नामांकन हासिल हो जाएगा और ऐसा हुआ भी। दक्षिण कोरिया के बोंग जून हो की फिल्म ₹पारा साइट₹ को भी 2019 के कान फिल्म समारोह में बेस्ट फिल्म का पुरस्कार मिल चुका था। आस्ट्रिया के माइकल हेनेके की ₹ आमोर₹ को भी पहले कान फिल्म समारोह में बेस्ट फिल्म का पाम डि ओर मिला और बाद में इस फिल्म ने आस्कर अवार्ड भी जीता। सिनेमा के इतिहास में ऐसे उदाहरण भरे पड़े हैं कि जिन फिल्मों ने कान, बर्लिन और वेनिस फिल्म समारोहों में बेस्ट फिल्म का अवार्ड जीतकर धूम मचाया, अगले साल उन फिल्मों ने आस्कर अवार्ड भी जीता। इसलिए भारत के लिए यह जरूरी है कि यहां की फिल्में बड़े पैमाने पर इन अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोहों में शिरकत करें।

भारत जैसे देशों के लिए जो न तो ओलंपिक में कुछ कमाल कर पाते हैं और न ही यहां से किसी को नोबेल पुरस्कार ही मिल पाता है, आस्कर अवार्ड जीतना विश्व मंच पर अपनी मौजूदगी दर्ज कराने का सहज माध्यम बन सकता है। पिछले सालों में जार्डन ( थीब) कोलंबिया ( ऐंब्रेंसआफ द सरपेंट) , ईरान ( अ सेपरेशन) जैसे देशों ने ऐसा कर दिखाया। अपने देश की संस्कृति को वैश्विक दर्शकों तक ले जाने का यह सबसे सशक्त माध्यम है जिससे दुनिया भर में देश गौरवान्वित होता है। यह शर्मनाक है कि हर साल करीब दो हजार फिल्में बनाने वाला भारत आज तक एक भी आस्कर अवार्ड नहीं जीत पाया। चीन की स्थिति तो हमसे भी ज्यादा खराब है जहां से केवल दो फिल्में ही आस्कर अवार्ड के अंतिम दौर में पहुंच पाई हैं जबकि जापान (12), इजरायल (10), मैक्सिको , ताईवान और हांगकांग से आठ- आठ फिल्में अंतिम दौर तक पहुंच कर नामांकन हासिल कर चुकी हैं।

**( लेखक फिल्म पत्रकारिता में अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त वरिष्ठ पत्रकार हैं, संपर्क 98185 58871)**

# उत्पलदत्त कहते थे, मैं तटस्थ नहीं, पक्षधर हूँ

## जन्मदिवस पर

जाहिद खान



हिंदी पट्टी की बहुधा आबादी उत्पल दत्त को एक हास्य कलाकार के तौर पर जानती है। उन्होंने 'गोलमाल', 'चुपके चुपके', 'रंग बिरंगी', 'शौकीन' और 'अंगूर' जैसी फिल्मों में जबर्दस्त कॉमेडी की। एक इंकलाबी रंगकर्मी के तौर पर वे उनसे शायद ही वाकि फ हों। जबकि एक दौर था, जब उत्पल दत्त ने अपने क्रांतिकारी रंगकर्म से सरकारों तक को हिला दिया था। अपनी क्रांतिकारी सरगर्मियों की वजह से वे आजाद़ हिंदुस्तान में दो बार जेल भी गए। एक दौर था,जब वे देश की सबसे बड़ी थिएटर हस्तियों में से एक थे। आजादी के बाद उत्पल दत्त, भारतीय रंगमंच के अग्रदूतों में से एक थे। उन्होंने नाटककार, अभिनेता, थिएटर निर्देशक और थिएटर एक्टिविस्ट की भूमिका एक साथ निभाई। उत्पल दत्त ने प्रोसेनियम थिएटर, नुक्कड़ नाटक, पारंपरिक लोक नाटक और सिनेमा यानी प्रदर्शनकारी कलाओं के सभी माध्यमों में काम किया। अवाम पर अपना गहरा प्रभाव छोड़ा। उनके लिखे और निर्देशित कई बांग्ला नाटकों ने हंगामा किया। खास तौर पर नाटक 'अंगार', 'कल्लोल' और 'बैरिकेड' काफी चर्चा में रहे। कहने को उनका नाटक 'बैरिकेड' जर्मनी के नाजी अधिग्रहण की कहानी कहता है, लेकिन अप्रत्यक्ष तौर पर यह उन घटनाओं की ओर इशारा करता है, जो देश को इमरजेंसी की तरफ ले गईं। जाहिर है कि इस नाटक ने अपने दौर में काफी हलचल मचाई। उत्पल दत्त ने बंगाल के लोक नृत्य 'जात्रा' में भी अपनी हिस्सेदारी की और इस लोक कला मंच के जरिए राज्य के गाँव-गाँव एवं शहर-शहर तक पहुंचे। उनका पहला जात्रा 'राइफल' था, जिसका लेखन और निर्देशन उन्होंने ही किया था। साल 1968 से 1972 के दरमियान उत्पल दत्त ने 17 जात्रा नाटक का लेखन और निर्देशन किया। आगे चलकर ग्रामीण और अर्धशहरी दर्शकों को ध्यान में रखते हुए, उन्होंने 'विवेक जात्रा समाज' संगठन का भी गठन किया। इसके जरिए जात्रा प्रस्तुतियां दीं।


उत्पल दत्त ने अपने रंगमंच करियर का आगाज विलियम शेक्सपियर के ड्रामों से की। 'ओथेलो' में अदाकारी के साथ-साथ उन्होंने शेक्सपियर के एक और नाटक 'रिचर्ड तृतीय' में राजा का किरदार किया। इस रोल की उनकी दमदार अदाकारी को देखकर, जेनिफिर केंडेल के वालिदैन केंडेल दम्पत्ति जिऑफ्रे केंडल और लौरा केंडल ने उन्हें अपने चलते-फिरते थियेटर ग्रुप 'शेक्सपियराना थियेटर कंपनी' में शामिल होने का ऑफर दिया। जाहिर है कि उत्पल दत्त की जैसे मुंहमांगी मुराद पूरी हो गई। उन्होंने साल 1947 से लेकर 1949 और फिर बाद में 1953-54 के दौरान भारत और पाकिस्तान के मुख़्तलिफ शहरों में इस थियेटर कंपनी के मार्फत़ शेक्सपियर के नाटकों को लोगों तक पहुंचाया। केंडेल दम्पत्ति के भारत से जाने के बाद, उत्पल दत्त ने खुद़ का एक नाट्य ग्रुप 'लिटल थियेटर ग्रुप' बना लिया। इस ग्रुप के जरिए उन्होंने न सिर्फ. शेक्सपियर के ड्रामे किये, बल्कि इब्सन, बर्नाड शॉ, टैगोर और गोर्की के नाटकों की अंग्रेजी प्रस्तुतियां कीं। साठ के दशक में उत्पल दत्त का झुकाव बांग्ला साहित्य की ओर हुआ। उन्होंने बांग्ला की मूल और अनूदित कृतियों के मंचन की शुरूआत की। यहां भी वे कामयाब रहे।

उत्पल दत्त को अभिनय के साथ-साथ पढ़ने का भी शौक था। वे बेहद पढ़ाकू थे। इक्कीस साल की उम्र होने तक उन्होंने मार्क्स, दिदेरो, रूसो, हीगल, कांट, लेनिन, पुश्किन, दास्तोएव्स्की, ट्राट्स्की और बुखारिन आदि को पढ़ लिया था। उनकी मार्क्सवादी समझ सतही नहीं थी। अध्ययन के अलावा उन्हें जमीनी तजुर्बा भी था। जो उनके विचारों में झलकता था। उत्पल दत्त एक सच्चे मार्क्सवादी थे और उन्होंने अपनी राजनीतिक विचारधारा और प्रतिबद्धता को कभी नहीं छिपाया। उनका इस बारे में साफ कहना था, "मैं तटस्थ नहीं, पक्षधर हूं। और मैं राजनीतिक संघर्ष में विश्वास करता हूं। जिस दिन मैं राजनीतिक संघर्ष में हिस्सा लेना बंद कर दूंगा, मैं एक कलाकार के रूप में भी मर जाऊंगा।" ('पॉलिटिकल थिएटर'-उत्पल दत्त) साल 1950-51 के दौरान उत्पल दत्त 'इंडियन पीपुल्स थियेटर एसोसिएशन' यानी इप्टा से जुड़े। उस वक़्त वे अंग्रेजी जबान के नाटकों में पूरी तरह से डूबे हुए थे। शेक्सपियर और बर्नाड शॉ के नाटकों को करते-करते उनके मन में एकरसता का भाव पैदा हुआ। जो उन्हें इप्टा की ओर ले गया। निरंजन सेन, जो उस वक़्त इप्टा के महासचिव थे, ने उत्पल दत्त से इप्टा में शामिल होने का कहा। जिसे उन्होंने खुशी-खुशी मंजूर कर लिया। इप्टा से जुड़ने के बाद उन्हें एहसास हुआ कि "आम अवाम ही अकेली ताकत है, जो नाट्यकर्म में जीवन का स्पंदन पैदा कर सकती है।" ('पॉलिटिकल थिएटर'-उत्पल दत्त) यह वह दौर था, जब कोलकाता में इप्टा का सेंट्रल स्क्वॉड काम कर रहा था। जिसमें नुक्कड़ नाटक के जन्मदाता पानू पॉल, ऋत्विक घटक, मृणाल सेन, काली बनर्जी, संगीतकार हेमंग विश्वास, सलिल चौधरी, निर्मल घोष, बिजन भट्टाचार्य जैसे दिग्गज शामिल थे।

पानू पॉल के साथ उत्पल दत्त ने कई नुक्कड़ नाटक किए। उनका पहला नाटक 'चार्जशीट' (साल 1951) था। यह नाटक उन कम्युनिस्ट नेताओं के ऊपर था, जो उस समय बिना मुकदमे के जेलों में बंद थे। यह नाटक बंगाल भर में मजदूरों और कामगारों के बीच खेला गया। 'चार्जशीट' का विषय और कलाकारों की अदाकारी इतनी प्रभावशाली थी कि नाटक खत्म होने के बाद जनता कम्युनिस्ट लीडरों की रिहाई के जोरदार नारे लगाती थी। इस नाटक की कामयाबी के बाद उत्पल दत्त ने दो दर्जन से ज्यादा नुक्कड़ नाटक लिखे और खेले। जिन्हें जनता ने खूब पसंद किया। उत्पल दत्त ने नदी-नाविक मजदूरों, महेशटोला के दर्जियों और उत्तरपाड़ा के आटोमोबाइल मजदूरों के बीच नुक्कड़ नाटक खेले। पानू पॉल के साथ उन्होंने जो दूसरा नुक्कड़ नाटक किया, वह भी राजनीतिक था। महेशटोला के दर्जियों के बीच उन्होंने इस नाटक के कई प्रदर्शन किए। उत्पल दत्त ने बाद में यह तस्लीम किया, "महेशतल्ला के उस दौर ने मुझे पूरी तरह से बदल दिया। मैं एक सबसे कटे हुए, एकाकी बुद्धिजीवी से एक व्यक्ति में, एक जिंदा इंसान में संघर्षशील अवाम के हिस्से में बदल गया।" ('पॉलिटिकल थिएटर'-उत्पल दत्त)

साल 1959 में उत्पल दत्त ने नाटक 'अंगार' किया। जो कोयला मजदूरों की संघर्षमय ज़िंदगी पर केन्द्रित था। इस नाटक में दशार्या गया था कि किस तरह एक कोयला कंपनी अपने कोयले को आग से बचाने के लिए खदान में पानी भर देती है और दूसरे सिरे पर मजदूर डूबकर मर जाते हैं। यह नाटक भी खासा सफल रहा। जिसके 1100 से ज्यादा प्रदर्शन हुए। इप्टा से जुड़ने के बाद उत्पल दत्त ने जो भी नाटक किए, उनमें एक सियासी पैगाम है। जनता को जागरूक करने के इरादे से ही यह नाटक तैयार किए गए। इन्हें राजनीतिक नाटक कहें, तो गलत नहीं होगा। देश में जब इमरजेंसी लगी, तो उत्पल दत्त ने इसका रचनात्मक विरोध किया। इमरजेंसी के खिलाफ उन्होंने उस वक़्त तीन नाटक 'बैरीकेड', 'सिटी ऑफ नाइटमेयर्स', 'इंटर द किंग' लिखे। सरकार ने उनके इन तीनों नाटकों को बैन कर दिया। लेकिन जहां भी यह नाटक खेले गए, लोगों ने इन्हें खूब पसंद किया।

उत्पल दत्त एक सजग बुद्धिजीवी थे। देश की अहम समस्याओं पर उनकी हमेशा नजर रहती थी। अपने तईं वे इन मुद्दों पर वाजिब हस्तक्षेप भी करते थे। किताब 'टुवड्र्स ए रिवोल्यूशनरी थिएटर', क्रांतिकारी विचारों से ओतप्रोत उनकी एक अहम किताब है। जिसमें उन्होंने अपनी तमाम मुद्दों पर बेलाग राय पेश की है। एक जगह वे लिखते हैं, "भारत का पूंजीपति, जो अज्ञानी है तथा मध्ययुगीन अंधविश्वास में डूबा हुआ है, अपने मुनाफों के लिए खतरा देखता है, तो वहशी बन जाता है और पड़ोसी देशों के साथ युद्ध करना, एक तरह से उसकी सालाना तिकड़म है, जिसका सहारा लेकर काल्पनिक दुश्मनों के खिलाफ भारतीय अवाम का ध्यान मोड़ा जाता है और अवाम के बीच पाशविक कट्टरता को जगाया जाता है और उसे कम्युनिस्टों, जनतंत्रवादियों तथा शांतिवादियों के खिलाफ मोड़ दिया जाता है।" उत्पल दत्त की इस बात की प्रासंगिकता मौजूदा दौर में भी विद्यमान है। देश में आज हम आये दिन इस तरह की हिंसक प्रवृतियों को देख रहे हैं। उत्पल दत्त सरमायेदारी के कट्टर मुखालिफ थे। सरमायेदारी को वे हर समस्या की जड़ मानते थे। फिल्मों और कला में आज पूंजी का जिस तरह से दखल बढ़ा है, इस पर उनका खयाल था, "पूंजीवादी व्यवस्था के आदेश पर निर्मित कला कभी भी कचरे के स्तर से ऊपर नहीं उठ सकती है।" ('पॉलिटिकल थिएटर'-उत्पल दत्त)



उत्पल दत्त ने हिंदी फिल्मों में भी काम किया। मशहूर फिल्मकार और लेखक ख़्वाजा अहमद अब्बास ने फिल्म 'सात हिंदुस्तानी' (1969) में उन्हें पहली दफा अभिनय करने का मौका दिया। उसी साल फिल्मकार मृणाल सेन ने अपनी हिंदी फिल्म 'भुवन सोम' में उन्हें मुख्य किरदार के लिए चुना। इत्तिफाक से मृणाल सेन की भी यह पहली हिंदी फिल्म थी। 'भुवन शोम' में उत्पल दत्त की अदाकारी खूब सराही गई। यहां तक कि उन्हें इस फिल्म में अभिनय के लिए वर्ष 1970 का राष्ट्रीय पुरस्कार मिला। आगे चलकर उत्पल दत्त ने डायरेक्टर ऋषिकेश मुखर्जी की अनेक फिल्मों में काम किया। उन्हीं की फि ल्म 'गोलमाल', 'नरम गरम' और 'रंग बिरंगी' के लिए उत्पल दत्त को कॉमेडी का फि ल्मफेयर पुरस्कार हासिल हुआ। उन्होंने अपने फिल्मी करियर में 100 से ज्यादा फिल्में कीं। सत्यजित राय की आखिरी फि ल्म 'आगुंतक' में अदाकारी के लिए उत्पल दत्त को 'बंगाल फि ल्म पत्रकार संघ पुरस्कार' मिला। यही नहीं साल 1990 में थियेटर में बेमिसाल योगदान के लिए उन्हें 'संगीत नाटक अकादमी फैलोशिप' से भी सम्मानित किया गया। सरकार ने उत्पल दत्त की दीर्घ कला साधना का सम्मान करते हुए उनकी स्मृति मे डाक टिकट जारी किया। 19 अगस्त, 1993 को उत्पल दत्त ने ज़िंदगी के रंगमंच पर आखिरी भूमिका निभाई और हमेशा के लिए विदाई ले ली।

**( लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं, संपर्क : 94254 89944)**

## व्यंग्य



# गाड़ी न पलटने की बीमारी

अरविंद तिवारी

जन्म के बाद पंडित जी ने जो जन्मपत्री बनाई थी,उसमें उम्र भर बीमारी की भविष्यवाणी की थी।मेरे बुढ़ापे में भी जन्मपत्री उसी तरह प्रासंगिक है,जैसे गांधी जी सियासत में हैं।यों तो गोडसे भी प्रासंगिक हैं।इधर उद्धव जी वाली शिवसेना भी खूब प्रासंगिक है।उधर सावरकर जी की प्रासंगिकता, महाविकास आघाड़ी को पिछाड़ी बनाने पर आमादा दिखाई देती है।मुझे सियासत से ज्यादा अपनी बीमारी की चिंता है।पंडित जी ने इस जन्म में बीमारियां दर्ज करते समय कहीं उन्हें अगले जन्म के लिए केरी फॉरवर्ड तो नहीं कर दिया ?मुझे अपने परिवार की कंजूसी पर गुस्सा आता है।ग्यारह रुपए(हालांकि उन्नीस सौ बावन में खूब होते थे)की दक्षिणा में कोई भी पंडित बीमारी के अलावा जन्मपत्री में लिख भी क्या सकता है!

एक दिन पहले ब्लड प्रेशर दो सौ के पार चला गया था।मेरे अनेक साहित्यिक मित्रों के लिए यह खुशखबरी का कारण इसलिए नहीं बना,क्योंकि मैं किसी बड़े सम्मान का दावेदार नहीं रहा।फिर भी एक बड़ा पेड़ रास्ते से साफ हो जाए,तो रास्ता आसान तो हो ही जाता है।इसलिए मित्र मेरी बीमारी से थोड़े संतुष्ट दिखाई दिए।ईको,सीटी स्केन, अल्ट्रासाउंड, लिपिड प्रोफाइल सब सामान्य निकला।डॉक्टरों को अचानक बी पी बढ़ने का कोई कारण समझ में नहीं आया।उनकी समझदारी के लिए मैं कुछ भी नहीं कर सकता था।डॉक्टरों ने मेरे बचपन के मित्रों को बुलवाया।गांव से सूचना आई,कई तो चल बसे हैं।चंद बचे हैं,जो उद्धव जी की शिवसेना के विधायकों की तरह गांव में ही ठहरे हुए हैं।इन्हें बड़े शहर, शिंदे सरकार की तरह आकर्षित नहीं कर पाए।

जैसे किसी शहर में उपद्रव होने पर वहां उन पुलिस अधिकारियों को तैनात किया जाता है,जो पूर्व में वहां कार्यरत रहे होते हैं,उसी तरह मेरे बचपन के मित्रों को मेरे इलाज हेतु बुलवाया गया था।मित्रों ने बताया यह बचपन से ही मूडी है।मूड में हो,तो बेहोश तक हो लेता है।एक बार बचपन में एक बाबा ने क्रुद्ध होकर,इसे शाप दे दिया था,जा तू लेखक हो जा,कवि हो जा!वही शाप यह भुगत रहा है।इस जीवन में यह शापमुक्त नहीं हो सकता।लेखन बंद करवाने के लिए इसे बड़े सम्मानों की दरकार है।साहित्य के मठाधीश इसे बड़े सम्मान मिलने नहीं दे रहे।अतः अगले जन्म में ही इसकी शापमुक्ति संभव है।तब तक यह बीमार ही रहेगा।डॉक्टर हतप्रभ थे।

बचपन के मित्रों ने बीमारी की तह तक जाने के लिए डॉक्टरों को कमरे से बाहर कर दिया,ताकि ब्लड प्रेशर की विस्फोटक स्थिति का असली कारण जान सकें।एक सौ चौंसठ के बयानों की तरह मेरे बयान लिए गए।जैसे ईडी,नेताओं से खोद खोद कर प्रश्न पूछती है,वैसे ही प्रश्न पूछे जाने लगे।मैंने सच सच बता दिया। मैं पिछले चौबीस घंटों से सोया नहीं था।मैं टीवी से चिपका हुआ खबरिया चैनलों के साथ,अहमदाबाद से प्रयागराज की यात्रा कर रहा था।उनके साथ टोल प्लाजा पर रुकता भी रहा।मैंने बचपन के मित्रों को बताया,झांसी पुलिस लाइन के सामने मैंने एक ठेले पर चाय भी पी थी।परिजन समझ गए,मैं माइंड से खिसक गया हूं।सबसे बड़ा कारण यही है बीमारी का।पर मित्र गंभीर हो गए।वे मनोचिकित्सक नहीं थे,पर यह बताने में कामयाब रहे कि इस गम्भीर बीमारी के पीछे मेरा पागलपन है।

मैंने स्वीकार किया कि बज्र वाहन के पलटने की मुझे पूरी उम्मीद थी।लेकिन जब पुलिस ने मीडिया की गाड़ियों को अपने पीछे आने से नहीं रोका,तो मेरा ब्लड प्रेशर बढ़ने लगा।यदि वह बज्र वाहन पलट जाता,तो मैं बीमार नहीं होता।जब आपके अनुरूप नहीं घटता है तो आप बीमार होने के सिवाय कर भी क्या सकते हैं।मैंने वही किया।काफिला जब प्रयागराज सुरक्षित पहुंच गया,तो मैं बेहोश हो गया।मित्रो!अब मेरी स्थित में सुधार है।मेरे कमरे से टीवी और मेरे स्मार्टफोन को हटा दिया गया है।डॉक्टरों ने मेरे बचपन के मित्रों को,अपने से बड़ा डॉक्टर घोषित कर दिया है।

**(लेखक वरिष्ठ व्यंग्यकार हैं)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# आग लगने से छह बीघा गेहूं फसल जलकर राख

**करंजाकला।** सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के अफलेपुर गांव में मंगलवार को अज्ञात कारण से आग लगने पर कई बीघा गेंहू जलकर राख हो गयी। ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया।

**नुकसान**

**सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के अफलेपुर का मामला**

बताया जाता है कि उक्त गांव निवासी रजीद को सुबह गांव के लोगों ने सूचना दी कि उसके खेत में आग लग गई है। आनन-फानन में रजीद घर से निकलकर खेत के समीप पहुंचा तो देखा की उसके खेत के साथ-साथ उसके पड़ोसी अनीस, सैयद, फरियाद के खेत की फसल भी जल रही है। रशीद ने आग के विकराल रूप को देखकर शोर मचाना शुरू कर दिया। शोर सुनते ही आसपास के लोग एकत्रित हो गए और खेत के समीप स्थित ट्यूबवेल पंप को चलाकर आग पर पानी फेंकना शुरू कर दिया। घंटों मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने किसी तरह आग पर काबू पा लिया। पीड़ित के अनुसार आग लगने के कारण 6 बीघे से अधिक की फसल जलकर राख हो गई है। वहीं आग लगने का कारण अभी तक पता नहीं चल सका है।



आग से राख गेहूं की फसल को देखता किसान

सैयद ने बताया कि खेत में लगी फसल परिवार जीवन यापन चलता है। आग लगने के कारण फसल पूरी तरह से जलकर राख हो गई है और सबके सामने आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया। फरियाद ने बताया कि खेत में आग लगने के कारण अधिक फसल जलकर राख हो गई है जिसका भरपाई कर पाना मुश्किल है। हम सब सरकार से मुआवजे की मांग करते हैं।

# परीक्षा और मूल्यांकन केंद्र पर अचानक पहुंचीं कुलपति

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के परिसर की विषम सेमेस्टर परीक्षा मंगलवार से शुरू हो गई है। पहला केंद्र रज्जू भैया और दूसरा केंद्र इंजीनियरिंग संस्थान में बनाया गया है। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने दोनों परीक्षा केंद्र

**जायजा**

**छात्रों से पूछीं समस्याएं, तत्काल पूरा कराने का निर्देश**

और मूल्यांकन केद्र का औचक निरीक्षण किया। कुलपति की मंशा है कि परीक्षा सुचितापूर्ण हो और समय से परिणाम निकल सकें। परीक्षार्थियों की सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए शुचितापूर्ण परीक्षा कराने के निर्देश दिए।

परिसर स्थित रज्जू भैया संस्थान तथा संकाय भवन में बनाए गए केंद्र के केंद्राध्यक्ष डॉ. प्रमोद कुमार ने बताया की आज दोनों पालियों में कुल 850 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। इसमें रज्जू भैया संस्थान, विज्ञान संकाय, एमबीए, एचआरडी, बीई, वित्तीय अध्ययन, व्यवसाय प्रबंध, मास काम, एप्लाइड साइकोलॉजी के छात्रों ने दोनों पालियों में परीक्षा दी। इंजीनियरिंग संस्थान के केंद्राध्यक्ष डा. मनीष प्रताप सिंह ने कहा कि दोनों पाली में सात सौ से अधिक विद्यार्थियों ने परीक्षाएं दी। सुबह की पाली में बीटेक, एमटेक और एमसीए 346 विद्यार्थियों ने और शाम की पाली में 367 विद्यार्थियों ने दी परीक्षा। परीक्षा के दौरान आंतरिक उड़ाका दल की टोली लगातार चेकिंग पर निकल रही थी। कुलपति के साथ प्रो. अविनाश पाथर्डीकर, प्रो. देवराज सिंह, प्रो. राजेश शर्मा, डा. नीतेश जायसवाल, डा. लक्ष्मी प्रसाद मौर्य आदि थे। इसके बाद कुलपति नवीन मूल्यांकन भवन में संचालित मूल्यांकन केंद्र एक एवं दो का निरीक्षण किया। मूल्यांकन केंद्र 2 के समन्वयक डॉ. रसिकेश से मूल्यांकन की प्रगति का हाल जाना और उन्हें व्यवस्था में सुधार के लिए जरूरी उपाय करने को निर्देशित किया।



परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करती कुलपति प्रो. मौर्य

# साथियों पर दर्ज मुकदमे को लेकर पत्रकारों में भड़का आक्रोश

**विरोध**

**कलेक्ट्रेट में बैठक कर एसपी से मिले, सौंपा पत्रक**

**जौनपुर।** केराकत तहसील क्षेत्र के मुफ्तीगंज ब्लाक अन्तर्गत पेसारा गांव में स्थित अस्थायी गौशाला की दयनीय स्थिति को उजागर करने के मामले में उपजिलाधिकारी केराकत नेहा मिश्रा द्वारा द्वेषपूर्ण रवैये का परिचय देते हुये ग्राम प्रधान द्वारा दर्ज करवाये गये मुकदमे को लेकर मंगलवार को जिला मुख्यालय पर सैकड़ों पत्रकार एकत्रित हुये।

कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित पत्रकार भवन में आयोजित बैठक में उक्त प्रकरण की निन्दा करते हुये इस मामले को लेकर मुख्यमंत्री से मिलने का निर्णय लिया गया। साथ ही कलेक्ट्रेट परिसर में सांसद बीपी सरोज के गार्ड द्वारा बदतमीजी का विरोध करने पर कुछ पत्रकारों के खिलाफ दर्ज कराये गये एससी/एसटी के मुकदमे पर चर्चा हुई। साथ ही इस प्रकरण की निन्दा करते हुये एक बार मेडिकल मुआयना कराने के बाद सत्ता के दबाव में पुनः मेडिकल मुआयना को गलत बताया गया। इसके बाद पत्रकारों का प्रतिनिधिमण्डल पुलिस अधीक्षक डा. अजय पाल शर्मा से मिलकर उन्हें शिकायत पत्र दिया जिस पर उन्होंने जांच कर न्यायोचित कार्यवाही का आश्वासन दिया। इस अवसर पर राजकुमार सिंह, जय प्रकाश मिश्र, अजय शुक्ला, राकेशकान्त पाण्डेय, शम्भू सिंह, अजीत सिंह, शशिराज सिन्हा, राजेश श्रीवास्तव, विद्याधर राय विद्यार्थी, विश्व प्रकाश श्रीवास्तव, अरविन्द पटेल, आदित्य भारद्वाज, दीपक सिंह, मंगला प्रसाद तिवारी, राहुल कुमार, संजय चौरसिया, अनूप कुमार, अजीत बादल चक्रवर्ती, वीरेन्द्र पाण्डेय, रामजी जायसवाल के अलावा पीड़ित पत्रकार विनोद कुमार व अरविन्द यादव मौजूद रहे।



एसपी को पत्रक सौंपते पत्रकार


## शराबी युवक ने भाभी को मारपीट कर किया जख्मी

**गौराबादशाहपुर।** थाना क्षेत्र के गजना गांव के एक शराबी व्यक्ति ने शराब के नशे में अपनी ही भाभी को मारपीट कर घायल कर दिया। सूचना पर जब पुलिस पहुंची तो वह मौके से फरार हो गया।

थाना क्षेत्र के गजना गांव के डबलू ने मंगलवार की शाम को लगभग साढ़े चार बजे अपनी ही भाभी खालिमा बानो 26 को अचानक गाली गलौज देते हुए मारने पीटने लगा। मारने पीटने के बाद महिला के घर के घरेलू सामान को बाहर निकालकर फेंक दिया। डबलू द्वारा मारने पीटने के कारण खालिमा बानो चिल्लाते हुए घर से बाहर भागी और डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दिया। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गयी। पुलिस को देखते ही डबलू घर से फरार हो गया। इस मामले में पूछे जाने पर थाना प्रभारी देवानंद रजक ने बताया कि मामले की जानकारी नहीं है। यदि लिखित तहरीर दी जाती है तो कार्रवाई की जाएगी।

## छात्रों के नैतिक मूल्यों का विकास करना संस्थान की जिम्मेदारी : डॉ. त्रिपाठी

**कुटीर पीजी कॉलेज चक्के में कार्यशाला का हुआ आयोजन**



कार्यशाला को सम्बोधित करते वक्ता

**पराऊगंज।** कुटीर पीजी कॉलेज चक्के में परम्परा कृषि में नई तकनीकी जल संरक्षण नवाचार एवं 21वीं शताब्दी के कौशल पर आधारित कार्यशाला का आयोजन जेपी सिह हाल में मंगलवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य मेजर डॉ. रमेश मणि त्रिपाठी ने कहाकि किसी भी संस्थान की प्राथमिक जिम्मेदारी होती है कि सभी छात्रों के नैतिक मूल्यों का विकास करना। प्रोफेसर डॉ. आरके पाण्डेय, डॉ. अमरेश कुमार, वाचस्पति त्रिपाठी एवं अनिमेष त्रिपाठी ने कृषि जल संरक्षण कृषि से लाभ तथा कृषि में नवाचार क्यों जरूरी है सहित विभिन्न विषयों पर सभी छात्र एवं छात्राओं को संबोधित किया। कार्यक्रम के आरंभ में मां सरस्वती एवं संस्थापक के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर हुआ। संपूर्ण कार्यक्रम के आयोजक नेहरू युवा केंद्र जौनपुर उत्तर प्रदेश युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित हुआ। इस मौके पर राम सिंह यादव, आलोक यादव, रंजीत कुमार, प्रेमचंद भारती, देवेश सिह, अजीत कुमार मिश्र, दुर्गा प्रसाद तिवारी, डॉ. अनूप, मुकेश यादव, लालमणि भारती, कृष्ण कुमार मिश्र समेत छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन डॉ. अनुज कुमार शुक्ल ने किया।

## संक्षेप

### अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार की मौत

**सिरकोनी।** क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग पर सैदाबाद गांव के समीप मंगलवार की दोपहर को अज्ञात वाहन की चपेट में आकर एक वर्षीय युवक की मौत हो गयी। घटना के बाद युवक का शव क्षत विक्षत हो गया। आधार कार्ड से उसकी शिनाख्त हुई। मृतक के पास से मिले आधार कार्ड के मुताबिक देवमणि यदुवंशी पुत्र छोटेलाल यादव निवासी बालेमऊ थाना गौराबादशाहपुर वाराणसी की तरफ से जौनपुर की तरफ आ रहा था। उक्त स्थान पर उसे किसी बड़े वाहन ने कुचल दिया। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को कब्जे ने लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। मृतक के घर पर सूचना भिजवा दिया गया है।

### पीड़िता ने मुख्यमंत्री और एसपी से की ऑनलाइन शिकायत

**खुटहन।** सुइथाखुर्द गांव में पांच दिनों पूर्व पुरानी रंजिश को लेकर घर में घुसकर मनबढ़ युवक के द्वारा महिलाओं को अपशब्द व धमकी दिए जाने के मामले में थाने से कोई कार्रवाई न किए जाने से आहत पीड़िता ने मुख्यमंत्री पोर्टल व पुलिस अधीक्षक से आनलाइन शिकायत दर्ज करा कर कार्रवाई की मांग की है। गांव निवासी इसरावती देवी पत्नी बच्चूलाल गुप्ता का आरोप है कि गत 24 मार्च को गांव का ही एक मनबढ़ युवक पुरानी रंजिश को लेकर उसके घर में घुस आया। उस समय घर के भीतर महिलाएं ही मौजूद थीं। उसने महिलाओं को अपशब्द कहते हुए जान से मारने की धमकी दिया। मौके पर अगल बगल के कई लोगों के आ जाने पर वह भाग गया।

### जौनपुर की बेटी ने अपने जन्मदिन पर फिर की अनूठी पहल



गरीब बच्चों में वस्त्र वितरित करता अतुल्य वेलफेयर ट्रस्ट परिवार

**जौनपुर।** अतुल्य वेल्फेयर ट्रस्ट परिवार की सबसे छोटी सदस्य और माडलिंग और ऐक्टिंग की दुनिया में तहलका मचाने वाली छोटी बिटिया अतुलिका सिंह ने एक बार फिर से मानवता की मिशाल पेश किया और अपने जन्मदिन पर विशेष रूप से हर बार की तरह अलग ढंग से मनाया। अतुलिका ने हर बार की तरह इस बार भी लख्मीपुर की बस्ती में गरीब असहाय बच्चों के बीच में कपड़े बैग और जरूरत के सामानों का वितरण करके उन बच्चों के साथ केक काटकर जन्मदिन मनाया। अतुलिका सिंह विगत कई वर्षो से अपना जन्मदिन घर पर न मनाते हुए असहाय निर्धन या विशेष बच्चों के बीच में मनाती हैं और उनके बीच समय समय पर कपड़े और जरूरत की सामग्री को वितरित करती है। अपने जन्मदिन पर बच्चों को फल मीठा और जरूरत की सामग्री देकर मनाया। उर्वशी सिंह ने कहा कि अपने लिए तो हर कोई जीता है कभी दूसरों के और ऐसे असहाय लोगों के साथ कोई खुशियां मनाइए तो खुशी दुगनी हो जाती है। उर्वशी सिँह ने कहा कि अतुलिका हमारे घर के लिए एक वरदान के स्वरुप में आयी है जिसमें उनका पूरा परिवार भी साथ रहता है। जन्मदिन में विशेष रूप से ट्रस्ट के नागेंद्र नाथ सिंह, राधिका सिंह, कंचन सिंह, दीक्षा सिंह, चंद्रशेखर राय के साथ सभी बच्चे और अन्य लोग उपस्थित रहे।

### एसपी ने थाने का किया निरीक्षण, दिया निर्देश

**पवांरा।** पुलिस अधीक्षक डॉ. अजय पाल शर्मा ने मंगलवार की दोपहर थाने का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना कार्यालय, सीसीटीएनएस कक्ष, आवास, महिला हेल्प डेस्क, भोजनालय एवं थाना परिसर का निरीक्षण किया और अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव एवं उचित साफ-सफाई के लिए थानाध्यक्ष को निर्देशित किया। उन्होंने थानाध्यक्ष से थाने के विभिन्न मामलों के बारे में जानकारी ली और अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस गश्त तेज करने का भी निर्देश दिया। न्यायालय से जुड़े मामलों के त्वरित निस्तारण करने का आदेश थानाध्यक्ष को दिया। उन्होंने पुलिस व पब्लिक के बीच समन्वय बनाने की बातें कहीं। एसपी के जाने के बाद सभी पुलिसकर्मियों ने राहत की सांस ली। इस दौरान थानाध्यक्ष, एसआई शितलू राम, अंजनी सिंह सहित थाने के सभी पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।



निरीक्षण के दौरान रजिस्टर चेक करते पुलिस अधीक्षक

### आग लगने से दो किसानों की खड़ी फसल जलकर राख

**केराकत।** मंगलवार को ब्लॉक क्षेत्र के बेलहरी गांव में बिजली तार के शार्ट सर्किट से गेंहू के खेत में आग लग गई जिससे गांव के दो किसान सुभाष राम और सुभाष पाठक की गेंहू की खड़ी फसल जलकर राख हो गई। जानकारी के अनुसार सुभाष राम का 10 बिस्वा और सुभाष पाठक का 8 बिस्वा की फसल का नुकसान हुआ है। आग लगने का पता चलने पर भारी संख्या में ग्रामीण खेतों में पहुंच गए और लाठी डंडे से पीटकर आग को फैलने से रोका। घटना की जानकारी होने पर क्षेत्रीय लेखपाल इन्द्रेश यादव ने पहुंच कर निरीक्षण किया और नुकसान की रिपोर्ट तैयार की।



# सीएमओ ने ऑक्सीजन प्लांट की क्रियाशीलता परखी



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेहटी का निरीक्षण करती सीएमओ

**जौनपुर।** मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. लक्ष्मी सिंह ने मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेहटी जलालपुर का निरीक्षण किया। उन्होंने कोविड-19 के मद्देनजर आक्सीजन प्लांट की क्रियाशीलता देखी और वहां के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आलोक कुमार सिंह को प्लांट सुचारू रखने का निर्देश दिया। साथ ही सर्दी-जुकाम बुखार के मरीजों की हर हाल में जांच कराने का निर्देश दिया।

डॉ. आलोक कुमार ने बताया कि उन्होंने आम लोगों को कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने के लिए कहा। एक-दूसरे के बीच आवश्यक दूरी बना कर रखने तथा पर्याप्त साफ-सफाई रखने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने अस्पताल परिसर की साफ-सफाई के लिए वहां के वार्ड ब्वाय और एएनएम पर नाराजगी जताई और हर हाल में साफ सफाई दुरुस्त रखने को कहा। निरीक्षण के दौरान डॉ. विनय कुमार, डॉ. प्रवीन कुमार, डॉ. आकृति तिवारी, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी राकेश कुमार चौबे सहित सारा स्टाफ उपस्थित मिला।

## किशोर का अपहरण कर किया अप्राकृतिक दुष्कर्म

**बदलापुर।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी 12 वर्षीय किशोर को 24 मार्च की देर शाम पड़ोस के गांव के एक युवक ने उसका अपहरण कर उसे घर से करीब एक किलोमीटर दूर बघैला घाट के समीप ले जाकर उसके साथ जबरन अप्राकृतिक दुराचार का प्रयास किया। वहीं किशोर अपहरणकर्ता के चंगुल से किसी तरह भागकर रोते बिलखते हुए अपने घर पहुंचा और परिजनों से आप-बीती सुनाई।

**एक बार फिर इंसानियत हुई शर्मशार मुकदमा दर्ज**

परिजनों ने इसकी सूचना डायल 112 पुलिस को देते हुए कार्रवाई की मांग की। बात नहीं बनी तो पीड़ित किशोर की दादी ने लिखित शिकायती पत्र कोतवाली पुलिस को देते हुए कार्रवाई की मांग की। पुलिस मामले की जांच पड़ताल करते हुए तीन दिन बाद मंगलवार को प्राथमिकी दर्ज करते हुए अग्रिम कार्रवाई में जुटी हुई है।

# भारतीय प्रेस परिषद ने जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को भेजा नोटिस

**जनसंदेश न्यूज**


**केराकत।** गौशाला में गायों के तड़प तड़प कर मरने की खबर छापने और दिखाने पर पत्रकारों के खिलाफ दर्ज कराए गए मुकदमें से भारतीय प्रेस परिषद हैरान है। प्रेस परिषद के सचिव नंगसंगलेम्बा आओ ने इसे प्रेस की स्वतंत्रता में कटौती मानते हुए अपनी चिंता जताई है। उसने दो सप्ताह के भीतर प्रदेश के मुख्य सचिव, गृह सचिव सहित पुलिस महानिरीक्षक, जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को जवाब के लिए नोटिस जारी किया है। प्रेस परिषद की नोटिस से प्रशासन में हड़कंप मच गया है।

**रोष**

**गौशाला की दुर्दशा की खबर छापने पर चार पत्रकारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की है शिकायत**

**21 मार्च को पत्रकारों ने न्यूज कवर किया 24 मार्च को तहसील प्रशासन के इशारे पर करा दिया गया मुकदमा**

विदित हो कि 21 मार्च को स्वतंत्र पत्रकार आदर्श मिश्रा सहित तहसील क्षेत्र के चार पत्रकार पंकज कुमार सिंह, विनोद कुमार और अरविन्द कुमार यादव मुफ़्तीगंज ब्लॉक क्षेत्र के पेसारा गांव में स्थित अस्थाई गौशाला की दुर्दशा का न्यूज कवर करने गए थे। पत्रकारों के अनुसार गौशाला में दो गायें मरी पड़ी थीं और इतनी ही मरणासन्न थीं। उन्हें कौवे नोच रहे थे। गौशाला में गायों के बीच गोबर की मोटी परत जमी पड़ी थी। उन्होंने मौके का फोटो लिया और वीडियो बनाया तथा वहीं से एसडीएम नेहा मिश्रा को गौशाला की स्थिति से अवगत कराया और उनका पक्ष भी जाना। पत्रकारों के अनुसार एसडीएम का जवाब तल्ख था। बहरहाल पत्रकारों ने अपने अपने अखबारों में न्यूज छापा और सोशल मीडिया पर भी वायरल किया। न्यूज छपने



के तीन दिन बाद 24 मार्च को तहसील के जिम्मेदार अधिकारियों ने गांव की ग्राम प्रधान चंदा देवी पर दबाव बनाकर चारों पत्रकारों के खिलाफ केराकत थाने में एससीएसटी एक्ट की धारा 3 (2) व आईपीसी की धारा 504, 506, 384 और 429 के तहत मुकदमा दर्ज करवा दिया। पत्रकारों को भयभीत करने और उन्हें दबाने की भावना से दर्ज कराए गए मुकदमे को लेकर ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के तहसील अध्यक्ष संजय शुक्ल के नेतृत्व में पत्रकारों ने अपना रोष व्यक्त किया और भारतीय प्रेस परिषद सहित उच्च अधिकारियों से इसकी शिकायत की। जिसके चलते भारतीय प्रेस परिषद ने मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव, गृह सचिव समेत जिले के डीएम और एसपी को जवाब देने की नोटिस भेज दी।

# संस्कार भारती ने आयोजित किया नव वर्ष महोत्सव

**शाहगंज।** कला एवं साहित्य की अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती द्वारा चैत शुक्ल प्रतिपदा के उपलक्ष्य में नव वर्ष महोत्सव का आयोजन सोमवार की देर शाम लक्ष्मी नारायण वाटिका में किया गया। कार्यक्रम में प्रयागराज से आये पूर्णिमा एण्ड ग्रुप, वाराणसी के अर्पिता ग्रुप एवं स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

**कार्यक्रम**

**लक्ष्मी नारायण वाटिका में हुआ आयोजन, सांस्कृतिक कार्यक्रम ने मन मोहा**

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पूर्व पालिकाध्यक्ष गीता जायसवाल रहीं। वहीं प्रायोजक समाजसेवी एवं गोपेश्वर महादेव मन्दिर भावसिंहका धर्मशाला ट्रस्टी शीतल प्रसाद अग्रवाल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता किया। विशिष्ट अतिथि संघ प्रांत प्रचारक रामचंद, नितिन एवं सुभाष चंद्र यादव चन्दू रहे। संचालन रचित चौरसिया ने किया। आगंतुकों का बैज अलंकरण के उपरांत शंखनाद तदुपरांत दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम शुभारंभ किया गया। रुचि अग्रहरि ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में भारतीय सांस्कृतिक से सम्बंधित कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। पूर्णिमा द्वारा लोक नृत्य, अर्पिता द्वारा कत्थक, स्थानीय कलाकारों में सरस्वती शिशु मंदिर के बच्चों द्वारा योग पर आधारित कार्यक्रम एवं मातृशक्ति संस्कार भारती अनुपमा, संगीता और सीमा द्वारा नौ देवी दुर्गा की झांकी प्रस्तुत की गयी। आभार अध्यक्ष अमित जायसवाल एवं महामंत्री विरेन्द्र यादव वीरु ने जताया। इस दौरान पूर्व पालिकाध्यक्ष जय प्रकाश गुप्त, प्रदीप जायसवाल, दिलीप अग्रहरि, हनुमान अग्रहरि, दिनेशकान्त यादव, अमलेन्द्र गुप्ता, सुनीता अग्रवाल, जागृति चित्रवंशी, ममता गुप्ता, अंजु बरनवाल, सुमन गुप्ता, सुनीता गुप्ता, रेखा गुप्ता, मनोज सोनी, अशोक अग्रहरी, सुनील अग्रहरि, टप्पू शीम प्रकाश सिम्पू, आनन्द अग्रहरि, सुशील सेठ बागी, दिपक सिंह आदि मौजूद रहे।



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार

## सरे बाजार माशूका ने प्रेमी को पीटा

**जफराबाद।** क्षेत्र के कल्याणपुर बाजार में मंगलवार को एक युवक को दूसरी लड़की के साथ देख उसकी माशूका ने चप्पल से पीट दिया। यह देख बाजार के लोग भौंचक रह गए।

उक्त बाजार से कल्यानपुर गांव जाने वाली सड़क पर एक युवक एक लड़की से बातचीत कर रहा था। सूत्रों की माने तो इसकी जानकारी किसी लड़की ने ही युवक की प्रेमिका को दे दिया। प्रेमिका दस मिनट के भीतर ऑटोरिक्शा से उक्त बाजार में पहुंच गई। बाजार में पहुंचने पर उसे एक लड़की ने इशारा करके युवक को दिखा दिया। प्रेमिका तत्काल मौके पर पहुंच गयी और युवक को चप्पल से पीटना शुरू कर दिया। अचानक हुई इस घटना के बाद जो लड़की युवक से बात कर रही थी उसने भी उसको झूठा कहकर गाली गलौज देना शुरू कर दिया। बहुत देर तक ड्रामा चलता रहा। उसके बाद धीरे धीरे लोगों की भीड़ बढ़ती देख वे तीनों वहां खिसक गये।

# न्यायालय में गलत रिपोर्ट देने पर एसओ को फटकार, किया तलब

**खुटहन।** ग्राम न्यायालय में चल रहे मारपीट के वाद में न्यायाधिकारी ने थानाध्यक्ष खुटहन राजेश कुमार यादव को गलत रिपोर्ट देने पर फटकार लगाते हुए 31 मार्च तक न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया।

स्टेट बनाम चंद्र प्रकाश व अन्य के वाद में न्यायालय द्वारा गवाह पिंकी दुबे उर्फ रजनी पत्नी चंद्र प्रकाश को सम्मन जारी किया था। थाने से न्यायालय को आख्या भेजी गई कि सम्मन तामील कराने पुलिस उक्त पते पर पहुंची तो घर वालों ने बताया कि पिंकी पत्नी ओम प्रकाश बक्शा थाना क्षेत्र के मई गांव में रहती है। आख्या में खुटहन पुलिस ने थाना बक्शा पुलिस से सम्मन तामील कराए जाने की बात लिखी। न्यायाधिकारी दिनेश कुमार दिवाकर ने इस जवाब पर नाराजगी जताते हुए कहा कि सम्मन पिंकी पत्नी चंद्रप्रकाश के नाम जारी था, ना कि पिंकी पत्नी ओमप्रकाश के खिलाफ। पुलिस की आख्या में दर्ज पिंकी पत्नी ओमप्रकाश दर्ज था। न्यायाधिकारी ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि पुलिस अपने दायित्वों के प्रति लापरवाह है। उन्होंने कहा कि पता बदलने पर संबंधित थाने के जरिए वारंट तामील कराया जाता है, ना कि अदालत को वापस भेज दिया जाता है। उन्होंने कहा कि यह कर्तव्यों के प्रति घोर लापरवाही है। न्यायालय द्वारा जारी आदेश को थाने पर गम्भीरता से नहीं लिया जाता। केवल खानापूर्ति करके वापस भेज दिया जाता है। न्यायाधिकारी ने पूछा कि क्यों न आपके विरुद्ध भ्रष्टतापूर्ण प्रतिकूल रिपोर्ट देने पर भादसं की धारा 219 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कराया जाए। पुलिस अधिनियम की धारा 29 के तहत दण्डित किया जाए। लापरवाही के लिए पुलिस अधीक्षक को पत्र भेजकर विभागीय कार्रवाई का निर्देश दिया जाए। न्यायाधिकारी ने 31 मार्च तक न्यायालय में पेश होकर स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया।

# स्पोर्ट्स

## मियामी ओपन टेनिस के चौथे दौर में पहुंचे बियांका और टॉमी सहित चार खिलाड़ी

मियामी। कनाडा की बियांका आंद्रीस्कू, बेलिंडा बेनसिच के अलावा अमेरिका के टॉमी पॉल व टेलर फ्रिट्ज ने यहां महिला और पुरुष एकल में अपने-अपने मुकाबले जीतकर मियामी ओपन टेनिस के चौथे दौर में प्रवेश किया है। बियांका ने तीसरे दौर में अमेरिका की सोफिया केनिन को 6-4, 6-4 से हराया। वहीं एक अन्य मैच में टोक्यो ओलिम्पिक की स्वर्ण पदक विजेता बेलिंडा बेनसिच ने भी रूस की कैटरीना एलेक्सांद्रोवा को 7-6, 6-3 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। एक अन्य मुकाबले में चेक गणराज्य की माकेर्टा वोंद्रोयूसोवा ने अपने ही देश की कैरोलिना प्लिस्कोवा को 6-1, 6-2 से हराया। दूसरी ओर पुरुष एकल में अमेरिका के टॉमी और टेलर फ्रिट्ज ने आसान जीत के साथ ही अगले दौर में प्रवेश किया। पॉल ने स्पेन के एलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना को 6-3, 7-5 से हराया जबकि फ्रिट्ज ने कनाडा के डेनिस शापोवालोव पर 6-4, 6-4 से जीत दर्ज की। एक अन्य मुकाबले में विश्व के 8वें नंबर के होल्गर रूने ने अर्जेंटीना के डिएगो श्वार्टजमैन को 6-4, 6-2 से हराया।

## बांग्लादेश ने पहले टी-20 में आयरलैंड को 22 रनों से हराया

**ढाका।** बांग्लादेश ने यहां पहले ही टी20 क्रिकेट मैच में आयरलैंड को 22 रनों से हराया दिया। वर्षाबाधित इस मैच में डकवर्थ लुइस प्रणाली के आधार पर मैच में बांग्लादेश को जीत मिली। बांग्लादेश की जीत में रोनी तालुकदार की अहम भूमिका रही। रोनी ने मैच में एक अर्धशतक लगाया। तालुकदार ने इस मैच में 38 गेंद में सात चौकों और 3 छक्कों की सहायता से 67 रन बनाए। इस प्रकार बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट पर 207 रन बनाये। बारिश के कारण मैच में आयरिश टीम को 8 ओवर में 104 रनों का लक्ष्य मिला जिसका पीछा करते हुए आयरलैंड की टीम पांच विकेट पर 81 रन ही बना पायी। बांग्लादेश की ओर से रोनी तालुकदार और लिटन दास ने तेजी से खेलते हुए पहले पावरप्ले में 81 रन बनाये। लिटन ने 23 गेंद में चार चौकों और तीन छक्कों की मदद से 47 रन बनाए। तालुकदार ने 24 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। नजमुल हुसैन शांतो 14 जबकिशमीम हुसैन ने 20 गेंद में 30 रन बनाए।

# श्रीलंकाई प्रीमियर लीग 31 जुलाई से, 22 अगस्त को खेला जाएगा फाइनल

**कोलंबो।** श्रीलंकाई प्रीमियर लीग क्रिकेट टूनार्मेंट (एलपीएल) का चौथा सत्र 31 जुलाई से शुरू होगा जबकि इसका खिताबी मुकाबला 22 अगस्त को खेला जाएगा। श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने कहा कि एलपीएल लीग 31 जुलाई से शुरू होगी और 22 अगस्त को इसका फाइनल खेला जाएगा। यह पहली बार है जबक जुलाई-अगस्त में यह टूनार्मेंट खेला जाएगा।

इसमें पिछले सत्र की तरह ही 5 टीमों का टूनार्मेंट तीन स्थानों कैंडी, हंबनटोटा और कोलंबो में खेला जाएगा। इसमें हर टीम ज्यादा से ज्यादा 20 खिलाड़ियों को अनुबंधित कर सकती है जिनमें से 14 स्थानीय होने चाहिए जबकि 6 विदेशी क्रिकेटर रहेंगे। वहीं संयुक्त राज्य अमरीका में मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) टूनार्मेंट और इंग्लैंड में द हंड्रेड होने से इस लीग के लिए शीर्ष क्रिकेटरों को मिलने में परेशानी होगी। इसके बाद भी आयोजन समिति को उम्मीद है कि उसे अच्छे क्रिकेटर मिल जाएंगे। एलपीएल टूनार्मेंट निदेशक समांथा डोडानवेला ने कहा, हमने इस साल जुलाई और अगस्त के दौरान टूनार्मेंट आयोजित करने का फैसला किया है क्योंकि इस अवधि के दौरान टूनार्मेंट आयोजित करने से हमें शीर्ष अंतरराष्ट्रीय प्रतिभाओं को अपनी ओर खींचने का अवसर मिलेगा।

# आईपीएल में कमेंटेटर के तौर पर नजर आ सकते हैं स्मिथ

सिडनी। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर स्टीव स्मिथ आईपीएल में कमेंटेटर के तौर पर वापसी कर सकते हैं। स्मिथ ने अब तक 6 आईपीएल फ्रेंचाइजी के लिए खेला है पर साल 2021 सत्र के बाद से वह इस टी20 लीग से बाहर हैं। वह गत वर्ष हुई नीलामी में नहीं बिके थे। उन्होंने 2023 सत्र से पहले नीलामी से अपना नाम वापस ले लिया था। स्मिथ ने अपने प्रशंसकों को एक वीडियो संदेश में कहा, नमस्ते इंडिया। मेरे पास आपके लिए कुछ अच्छी खबर है। मैं आईपीएल 2023 में शामिल हो रहा हूं। मैं भारत में एक असाधारण टीम में शामिल हो रहा हूं।

गौरतलब है कि स्मिथ ने आईपीएल में 103 मैच खेलते हुए 2012 से 2021 के बीच 2485 रन बनाए हैं जिसमें एक शतक भी शामिल है। माना जा रहा है कि स्मिथ आईपीएल में अपनी कमेंट्री की शुरूआत करने के लिए भारत जा रहे हैं। इसी दौरान काउंटी चैंपियनशिप भी होगी अब देखना है कि स्मिथ वहां खेलेंगे या कमेंट्री करेंगे।



असुनसियोन में अर्जेंटीना के स्टार फुटबॉलर लियोनन मैसी अपने एक स्टेच्यू के बगल में खड़े होकर फीफा विश्वकप ट्रॉफी की एक प्रतिकृति उठाए हुए।

# रोहित को क्रिकेट किट के लिए दूध के पैकेट बेचने पड़े थे : प्रज्ञान



**मुम्बई।** पूर्व क्रिकेटर प्रज्ञान ओझा ने भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा की प्रशंसा करते हुए कहा है कि रोहित ने यहां तक पहुंचने के लिए काफी मेहनत की है। प्रज्ञान ने पुराने दौर को याद करते हुए कहा कि एक समय रोहित को क्रिकेट किट के पैसों के लिए दूध के पैकट तक बेचने पड़े थे।

ओझा ने कहा, रोहित एक मध्यवर्गीय परिवार से थे और मुझे याद है कि एक बार जब हमने बात की तो उन्होंने बताया कि उन्हें इसके लिए दूध के पैकेट बेचने पड़े थे। अब जब मैं उसे देखता हूं, तो मुझे बहुत गर्व महसूस होता है कि हमारी यात्रा कैसे शुरू हुई और हम कहां पहुंचे।

प्रज्ञान ने कहा कि जब वह पहली बार अंडर-15 राष्ट्रीय शिविर में रोहित से मिले थे तो हर कोई कह रहा था कि वह विशेष खिलाड़ी थे। उन्होंने कहा उस समय रोहित उनके खिलाफ क्रिकेट के मैदान में काफी आक्रामक थे, लेकिन बाद में वह अच्छे दोस्त बन गए। उन्होंने कहा, जब मैं पहली बार अंडर-15 राष्ट्रीय शिविर में रोहित से मिला, तो सभी ने कहा कि वह एक बहुत ही खास खिलाड़ी है। वहां, मैंने उनके खिलाफ खेला और उनका विकेट लिया। रोहित तब ज्यादा बात नहीं करता था पर वह आक्रामक था। मुझे यह भी हैरानी थी कि जब हम एक-दूसरे को नहीं जानते थे तो वह मेरे साथ इतना आक्रामक क्यों था, लेकिन उसके बाद हमारी दोस्ती बढ़ने लगी। इसके बाद ओझा ने 2008 में आईपीएल के दौरान डेक्कन चार्जर्स में रोहित और अपने दिनों को याद किया, उन्होंने कहा कि रोहित में तभी से नेतृत्व करने की क्षमता थी।

# मैंने ऋषभ को गाड़ी धीरे चलाने को कहा था : धवन

**नई दिल्ली।** अनुभवी सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने कहा है कि उन्होंने विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को कार धीरे चलाने को कहा था। ऋषभ गत वर्ष 30 दिसंबर को हुए कार हादसे में घायल होने के बाद से ही अभी इलाज के दौर से गुजर रहे हैं। ऋषभ की कार दुर्घटना के बाद धवन का एक वीडियो काफी वायरल हुआ था, इसमें वह इस युवा क्रिकेटर को गाड़ी धीरे चलाने की सलाह दे रहे थे। अब उसी वीडियो पर धवन का एक बयान सामने आया है, जिसमें उन्होंने कहा कि यह सलाह उन्हें दिल से दी थी।

धवन ने कहा, सबसे पहले, मुझे खुशी है कि ऋषभ दुर्घटना में बच गए और अब वह ठीक हो रहे हैं। मैं उनसे बात करता रहता हूं। मैंने उसे एक बार ड्राइव करते हुए देखा था और जब उन्होंने मेरा साक्षात्कार लिया तो मैंने उन्हें सावधानी से ड्राइव करने के लिए कहा था। मुझे यह बात याद भी नहीं थी, लेकिन किसी तरह यह सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। मैंने उन्हें दिल से सच्ची सलाह दी थी और सावधानी से गाड़ी चलाने के लिए कहा था। धवन ने आगे कहा, जब आप 20-21 साल के होते हैं तो सभी में वह उत्साह होता है। ऋषभ अकेले नहीं हैं, जिन्होंने तेजी से गाड़ी चलाई है। मैंने भी ऐसा तब किया था जब मैं उस उम्र का था। कई अन्य युवाओं ने भी ऐसा ही किया होगा। इस पर लगाम लगाना जरूरी है। मैंने उन्हें थोड़ी देर से सलाह दी थी, लेकिन हाँ मैंने उन्हें वह सलाह दी थी।

गौरतलब है कि ऋषभ के कार हादसे के बाद वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें वह और धवन आपस में बातचीत कर रहे थे। इसमें वह धवन से पूछते हैं कि आप कौनसी एक सलाह मुझे देंगे, जिसके जवाब में धवन ने कहा था, गाड़ी आराम से चलाया कर। ऋषभ अब ठीक हो रहे हैं पर अभी उनके फिट होने में समय लगेगा।

# पाकिस्तान ने तीसरे टी-20 में अफगानिस्तान टीम को 66 रनों से हराया

**शारजाह।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम ने यहां शारजाह में खेले गये तीसरे टी-20 क्रिकेट मैच में अफगानिस्तान टीम को 66 रनों से हराकर सीरीज में एकमात्र जीत दर्ज की है। वहीं अफगानिस्तान ने 2-1 से सीरीज जीत ली है। इस सीरीज के पहले दोनो ही मैचों में पाक टीम को हार का सामना कारना पड़ा था। अंतिम टी20 में अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर पाक को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया। पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान टीम ने अफगानिस्तान टीम को जीत के लिए 183 रनों का लक्ष्य दिया जिसका पीछा करते हुए अफगान टीम 116 रन ही बना पायी। पाक की ओर से कप्तान शादाब खान ने तीन विकेट लेकर एक अहम उपलब्धि हासिल की। वह पाक की तरफ से क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट में 100 विकेट लेने वाले पहले पाक खिलाड़ी बने। उन्होंने अपने 87वें टी-20 मुकाबले में यह खास उपलब्धि हासिल की। शादाद के अलावा पाक की ओर से एसानुल्लाह ने भी तीन विकेट लिए। इमाद वसीम, जमान खान और मोहम्मद वसीम जूनियर को एक-एक विकेट मिला। पाकिस्तान टीम की शुरूआत अच्छी नहीं रही। सलामी बल्लेबाज मोहम्मद हारिस पहले ओवर की तीसरी गेंद पर ही एक रन बनाकर आउट हो गये। इसके बाद सईम अयूब ने टीम की पारी को संभाला और 40 गेंदों पर 49 रन बनाये। तय्यब ताहिर ने 9 गेंदों पर 10 रन बनाए। वहीं अब्दुल्लाह शफीक 23 रन ही बना पाए। इफ्तिखार अहमद ने 31 रनों की पारी खेली। शादाब खान ने 28 रन बनाए। इस प्रकार पाक टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट पर 182 रन बनाये। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए अफगानिस्तान टीम का शीर्ष क्रम विफल रहा। सलामी बल्लेबाज रहमानफल्लाह गुरबाज ने 18 रन बनाए। इसके बाद सेदिकुल्लाह अटल ने 11 रन बनायेए। इब्राहिम भी 3 रन बनाकर आउट हो गये। अफगान टीम की ओर से सबसे ज्यादा 21 रन अजमतउल्लाह ओमरजाई ने बनाए। वहीं राशिद खान भी 16 रन बनाकर पेवेलियन लौटै।

# केकेआर की कप्तानी से क्षमताओं को दिखाने का अवसर मिला : राणा

**कोलकाता।** श्रेयस अय्यर की जगह पर कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के नये कप्तान बनाये गये बल्लेबाज नीतिश राणा ने कहा है कि यह उनके पास अपनी नेतृत्व क्षमताओं को दिखाने का सबसे अच्छा अवसर है। नीतिश ने कहा कि वह अपनी ओर से बेहतर प्रदर्शन करने के साथ ही टीम की ओर से भी अच्छा प्रदर्शन चाहेंगे। इस क्रिकेटर ने का कि साल 2018 से ही केकेआर से खेलने के कारण अब ये मेरे लिए घर जैसा हो गया है। इसमें टीम की कप्तानी करना गर्व की बात है। इससे मुझे शीर्ष स्तर पर अच्छे प्रदर्शन की प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने कहा कि मैं स्वयं ही नहीं बल्कि टीम को भी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए प्रेरित करुंगा। साथ ही कहा कि मेरी कामना है कि श्रेयस शीघ्र ठीक होकर वापसी करें।

इससे पहले इस क्रिकेटर ने सैयद मुश्ताक अली ट्राफी में दिल्ली की ओर से 12 टी20 मैचों में कप्तानी की थी जिसमें टीम को आठ में जीत और चार में हार का सामना करना पड़ा था। केकेआर की टीम इस सत्र में एक अप्रैल को अपने पहले मैच में पंजाब किंग्स से खेलेगी।।

नीतिश ने आईपीएल के 91 मैचों में 2181 रन बनाए हैं। उनकी स्ट्राइक रेट 134 तो औसत 28 रही है। इस दौरान उन्होंने 15 अर्धशतक भी लगाये हैं। उन्होंने 2022 सीजन में 361, 2021 सीजन में 383, 2020 सीजन में 352 तो 2019 सीजन में 344 रन बनाए थे।



डुबलिन में यूईएफए यूरो कप फुटबॉल क्वालीफायर में खेलते हुए खिलाड़ी।

# बारिश के कारण श्रीलंका-न्यूजीलैंड एकदिवसीय रद्द

क्राइस्टचर्च। बारिश के कारण श्रीलंका और न्यूजीलैंड के बीच होने वाला दूसरा एकदिवसीय क्रिकेट मैच नहीं हो पाया है। यह श्रीलंकाई टीम के लिए एक बड़ा झटका है। इससे उसके विश्वकप के लिए सीधे प्रवेश की संभावनाएं घटीं हैं। इस मैच में एक भी ओवर नहीं फेंका जा सका जिसके कारण अंपायरों ने इसे रद्द घोषित कर दिया। इस मैच के शुरू होने का समय स्थानीय समयानुसार शाम सात बजकर दो मिनट था पर अंपायरों ने शाम चार बजकर 25 मिनट मैदान का जायजा लेकर मैच रद्द कर दिया। इस ड्रॉ के बाद दोनों टीमों को विश्व कप सुपर लीग में बराबर अंक बांट दिये गये हैं। नियम अनुसार सुपर लीग की शीर्ष आठ टीमों को विश्व कप में सीधा प्रवेश दिया जाता है। श्रीलंका की टीम इस समय

**श्रीलंका के विश्व कप में सीधे क्वालीफाई करने की उम्मीदें घटीं**

82 अंकों के साथ 9वे स्थान पर है, जबकि उसे विश्व कप से पहले केवल एक और एकदिवसीय मैच खेलना है। श्रीलंका को अब शुक्रवार को होने वाले तीसरे एकदिवसीय में न्यूजीलैंड को हरानो होगा। ऐसे में वह 92 अंक के साथ वेस्ट इंडीज (88) को पीछे कर तालिका में आठवें स्थान पर आ जाएगा। इसके साथ ही श्रीलंका को प्रार्थना करनी होगी कि दक्षिण अफ्रीका की टीम इस हफ्ते नीदरलैंड के खिलाफ होने वाले दो एकदिवसीय मैचों में से केवल एक ही जीत पाये।

दक्षिण अफ्रीका 78 अंक लेकर इस समय तालिका में 10वें स्थान पर है!



मियामी में यूनान के स्टेफनोस टेसिसिपास मियामी ओपन टेनिस में खेलते हुए।

## अश्लील ऑडियो वायरल होने के बाद क्रिकेट कोच नरेंद्र ने जहर खाया

देहरादून। यहां अश्लील बातचीत के ऑडियो वायरल होने के मामले में फंसे क्रिकेट कोच नरेंद्र शाह ने जहर खा लिया। इसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कोच की हालत गंभीर है और वह वेंटिलेटर पर हैं। इस मामले में कोच पर पॉक्सो एक्ट के तहत मामला भी दर्ज किया गया है। इससे पहले कोच नरेंद्र के लड़कियों से अश्लील बातचीत के ऑडियो वायरल हुए थे। इसके बाद ही तीन किशोरियों ने उनकी शिकायत पुलिस में की थी। इसी के बाद कोच पर पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था।पुलिस के अनुसार कोच को गंभीर हालत में दून मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया और वर्तमान में वेंटीलेटर सपोर्ट पर हैं। उनके खिलाफ मुकदमा भी दर्ज है। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि शाह ने कुछ दिनों पहले सोशल मीडिया पर एक छात्रा से अश्लील तरीके से बात की थी। इसके कुछ ऑडियो क्लिप सामने आने के बाद ही उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया। कठोर कदम उठाया।
शाह पर 3 क्रिकेटरों की शिकायत पर पॉक्सो और अश्लील हरकतें करने (आईपीसी 354ए) की धाराओं में केस दर्ज किया है। वहीं राज्य क्रिकेट बोर्ड ने भी नरेंद्र को हटा दिया था। नरेंद्र देहरादून में लिटिल मास्टर क्लब चलाते हैं, जबकि चमोली जिला संघ के सचिव भी थे। रिपोर्ट्स है कि उत्तराखंड क्रिकेट संघ में उनके पास महिला क्रिकेट की जिम्मेदारी भी थी उनके पास, लेकिन मामला सामने आने के बाद उन्हें जिम्मेदारी से हटा दिया गया है।

## मोरक्को फुटबॉल टीम पर नस्लीय पोस्ट करने वाला गिरफ्तार

मैड्रिड। मोरक्को की फुटबॉल टीम पर नस्लीय टिप्पणी करने के मामले में एक होटल कर्मचारी को गिरफ्तार किया गया है। मोरक्को की टीम अभी स्पेन दौरे पर है और वहीं का ये मामला है। इस होटल कर्मचारी ने सोशल मीडिया पर अपमानजनक सामग्री पोस्ट की थी। उसे देखने के बाद होटल के अन्य कर्मचारियों ने उसकी आलोचना की थी। इस पोस्ट में अपमानजक सामग्री के साथ मोरक्को के खिलाड़ियों की तस्वीरें भी थीं। मोरक्को की फुटबॉल टीम यहां अपने पहले मैच में पेरू से खेलेगी।

# क्रिकेटर केदार जाधव के पिता मिले

पुणे। क्रिकेटर केदार जाधव के पिता महादेव जाधव मिल गये हैं। पुलिस ने उन्हें ढूंढ लिया है। केदार के पिता पुणे स्थित अपने घर से सोमवार सुबह से ही लापता हो गए थे। इसके बाद केदार ने पुलिस में शिकायत दर्ज करायी थी। इसमें कहा था कि उन्हें डेमेंशिया (भूलने की बीमारी) है। इसके बाद पुलिस को वह मुंधवा क्षेत्र में मिले। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया था कि केदार की शिकायत के अनुसार उनके 75 वर्षीय पिता को भूलने की बीमारी है। इस अधिकारी ने कहा कि महादेव सुबह की सैर के लिए निकलने के बाद घर नहीं लौटे थे। रिहाइशी परिसर के दरवाजे से निकलने के बाद से वह नजर नहीं आए। पुलिस ने मामला दर्ज किया और उनकी तलाश की।

वहीं इसके बाद पुलिस ने जाधव को उनके पिता के मिलने की जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि महादेव मुंधवा इलाके में पाए गए। मुंधवा थाने के वरिष्ठ निरीक्षक अजीत लकड़े ने कहा, उनकी हालत ठीक है और उन्हें उनके परिवार से मिला दिया गया है। वहीं केदार ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक फोटो पोस्ट की जिसमें उन्होंने अपने पिता के ठीक होने की जानकारी देते हुए प्रार्थनाओं के लिए लोगों को धन्यवाद कहा। केदार ने भारत की ओर से 73 एकदिवसीय और 9 टी20 आई मैच खेल चुके हैं।

# मियामी ओपन : सिटसिपास ने क्वालीफायर क्रिस्टियन को हराया, बियांका बाहर

मियामी गार्डन्स। यूनान के शीर्ष खिलाड़ी स्टेफानोस सिटसिपास ने मियामी ओपन टेनिस में चिली के क्वालीफायर क्रिस्टियन गारिन को 6-3, 4-6, 6-4 से हराकर पुरुष एकल के दूसरे दौर में प्रवेश किया है। वहीं महिला एकल में कनाडा की बियांका आंद्रिस्कू को पैर में चोट के बाद बाहर होना पड़ा है। बियांका मैच में 18वीं वरीयता प्राप्त एकातेरिना अलेक्जेंद्रोवा के खिलाफ दूसरे सेट में चोटिल हो गयीं थीं। महिला वर्ग में ही अमेरिका की जेसिका पेगुला ने पोलैंड की मागडा लिनेटे को 6-1, 7-5 से हराया।

सिटसिपास का मुकाबला अब अगले दौर में कारेन खाचानोव से होगा। खाचानोव ने एक अन्य मुकाबले में चेक गणराज्य के जिरि लेहेस्का को 6-2, 6-4 से हराया। अर्जेंटीना के फ्रांसिस्को सेरूंडोलो ने पांचवीं वरीयता प्राप्त कनाडा के फेलिक्स आगर एलियास्सिमे को 6-2, 7-5 से पराजित किया। अब उनका मुकाबला इटली के लोरेंजो सोनेओग से होगा जिसने फ्रांसिस टियाफो को 6-3, 6-4 से हराया था। अमेरिका के क्रिस यूबैंक्स ने फ्रांस के ग्रेगोइर बारेरे को 6-3, 7-6 से हराया जबकि फ्रांस के केंटिन हेलिस ने अमेरिका के मैकेंजी मैकडोनाल्ड को 7-6, 6-3 से शिकस्त दी।



मियामी में बियांका एंड्रियूसी मियामी ओपन टेनिस में फोरहैंड शॉट लगाती हुई।

## अब 300 रुपए में होंगे केदारनाथ और बद्रीनाथ के विशेष दर्शन

देहरादून। अब केदारनाथ और बद्रीनाथ के विशेष दर्शन के लिए 300 रुपए देने होंगे। इसकी घोषणा श्री बद्रीनाथ-केदारनाथ टेंपल कमेटी (बीकेटीसी) ने की है। इसके साथ ही केदारनाथ में 100 किलोग्राम के त्रिशूल की स्थापना की जाएगी। प्रोटोकॉल की व्यवस्था टेंपल कमेटी के कर्मचारी ही देखेंगे। बीकेटीसी ने पिछले दिनों देश के 4 प्रमुख मंदिरों तिरुपति बालाजी, श्रीवैष्णो देवी, श्रीमहाकालेश्वर और श्रीसोमनाथ मंदिरों में पूजा, दर्शन की व्यवस्थाओं के प्रबंधन के अध्ययन के लिए 4 टीमें भेजी थीं। टीम की रिपोर्ट के आधार पर बीकेटीसी ने बद्रीनाथ और केदारनाथ मंदिर में दर्शन के लिए आने वाले सभी तरह के वीआईपी से विशेष दर्शनों और प्रसाद के लिए प्रति व्यक्ति 300 रुपए का शुल्क निर्धारित किया गया है। बीकेटीसी के कैनाल रोड स्थित कार्यालय में अध्यक्ष अजेंद्र अजय की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में बजट को बोर्ड के समक्ष रखा गया।

# आरआरआर की टीम ने 80 करोड़ रुपए खर्च कर पाया ऑस्कर!

### एसएस राजामौली कार्तिकेय के बेटे ने बताई सच्चाई

**मुंबई।** 95वें अकादमी पुरस्कार में ऑस्कर अवॉर्ड जीतकर भारत का नाम रोशन करने वाली फिल्म आरआरआर को लेकर फैंस अभी खुशी ही मना रहे थे कि अचानक इस अवॉर्ड को पैसे देकर खरीदे जाने की खबरों ने तूल पकड़ ली। पिछले कई दिनों से इस बात की चर्चा है कि आरआरआर के लिए ऑस्कर अवॉर्ड खरीदे गए थे। इसके लिए टीम ने 80 करोड़ खर्च भी किए थे। वहीं, अवॉर्ड के लिए पैसे खर्च करने की असल सच्चाई क्या है, इसका खुलासा एसएस राजामौली के बेटे कार्तिकेय ने किया है।

मीडिया के अनुसार कार्तिकेय ने एक इंटरव्यू में इस बात से पर्दा उठाया कि ऑस्कर जीतने के लिए आरआरआर की टीम ने पैसे खर्च किए या नहीं। उन्होंने इस बात को कन्फर्म किया कि टीम ने ऑस्कर कैंपेन के लिए पैसे जरूर खर्च किए, लेकिन यह अमाउंट उतना बड़ा नहीं था, जितना कि बताया जा रहा है। उन्होंने खुलासा किया कि जहां वोटर्स बड़ी संख्या में बुलाए जाते हैं, वहां ज्यादा पैसे खर्च किए जाते हैं। राम चरण, जूनियर एनटीआर, प्रेम रक्षित, काल भैरव, राहुल स्पिलिगुंज जैसे लोगों को ऑफिशियल न्योता भेजा गया था, लेकिन अगर यह अपने साथ किसी और को भी लेकर आ रहे हैं, तो इसके लिए अकादमी को मेल कर बताना होता है। साथ ही इसके लिए अलग से पेमेंट भी करनी होती है। उन्होंने कहा कि आरआरआर से जितने भी लोग गए थे, उन सबके लिए पेमेंट की गई थी। सबसे ऊपर वाली सीट के लिए 750 रुपये हर एक व्यक्ति के अनुसार और नीचे वाली सीट के लिए 1500 रुपये दिए गए थे।

उन्होंने आगे कहा कि ऑस्कर को खरीदा नहीं जा सकता। उसमें लोगों का प्यार होता है, जिसे खरीदा नहीं जा सकता। फिल्म को लोगों की नजरों में लाने के लिए उसके कैंपेन पर भारी मात्रा में खर्च करना होता है। बता दें कि इस बार ऑस्कर की तरफ से तीन भारतीय फिल्में नॉमिनेट की गई थीं। इनमें आरआरआर के अलावा गुनीत मोंगा की द एलिफेंट व्हिसपर्स और शौनक सेन की ऑल डैट ब्रीद्स भी शामिल थी। इनमें से दो फिल्मों को ऑस्कर मिला, जिसमें आरआरआर शामिल है। इस फिल्म को नाटू-नाटू गाने के लिए बेस्ट ओरिजिनल सॉन्ग की कैटेगरी में अवॉर्ड मिला है। यह पहली बार है, जब किसी इंडियन फिल्म को इस कैटेगरी में अवॉर्ड मिला हो।




हेम्बर्ग में प्रदर्शन कर रहे जर्मनी के लोग आंतरिक मंत्री के नाम वाले बैनर लेकर विरोध प्रदर्शन करते हुए।

## मैक्सिको प्रवासी सेंटर में लगी भीषण आग, 37 लोगों की मौत

मैक्सिको सिटी। अमेरिकी सीमा के पास मैक्सिको के शहर स्यूदाद जुआरेज में एक प्रवासी सेंटर में आग लग गई। जिसमे कम से कम 37 लोगों की मौत हुई और करीब 100 अन्य घायल हो गए। आग मैक्सिको और अमेरिका को जोड़ने वाले स्टैंटन-लेडरे ब्रिज के पास स्थित राष्ट्रीय प्रवासन संस्थान (आईएनएम) के कार्यालय में लगी। यह घटना सोमवार देर रात करीब 71 प्रवासियों को सेंटर में लाए जाने के कुछ ही देर बाद हुई। आग लगने के कारणों या पीड़ितों की राष्ट्रीयता का अभी पता नहीं चल पाया है।

## राहुल गांधी के मामले को करीबी से देख रहा अमेरिका

वाशिंगटन। सूरत की एक अदालत मानहानि के मामले में कांग्रेस नेता और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को 2 साल की सजा होने के बाद उनकी लोकसभा की सदस्यता खत्म हो गई। इसके बारे में अमेरिका ने कहा है कि वह भारतीय अदालतों में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के मामले पर लगातार अपनी नजर रख हुए है। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रधान उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने कहा कि अमेरिका अभिव्यक्ति की आजादी सहित लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए एक साझा प्रतिबद्धता पर भारत सरकार के साथ जुड़ा हुआ है। उन्होंने राहुल गांधी के संसद से निष्कासन के बारे में एक सवाल के जबाव में कहा कि कानून का शासन और न्यायिक स्वतंत्रता के लिए सम्मान किसी भी लोकतंत्र की आधारशिला है। पटेल ने कहा कि ह्यहम भारतीय अदालतों में राहुल गांधी के मामले को देख रहे हैं। यह पूछने पर कि क्या अमेरिका भारत या राहुल गांधी के साथ बातचीत कर रहा है, तब उन्होंने कहा कि ह्यमेरे पास बताने के लिए कुछ खास जानकारी नहीं हैङ्घ लेकिन जैसा कि आप जानते हैं कि यह सामान्य बात है। जहां भी हमारे द्विपक्षीय संबंध हैं, हमारे लिए किसी भी देश में विपक्षी दलों के सदस्यों के साथ जुड़ना सामान्य बात है।

## अमृतपाल लापता, नेपाल में भी की जा रही तलाश

काठमांडू। खालिस्तानी समर्थक अमृतपाल सिंह पिछले कई दिनों से फरार चल रहा है। पंजाब पुलिस और केंद्रीय एजेंसियां उसकी तलाश कर रही है, लेकिन वो अभी तक हाथ नहीं आ सका है। अमृतपाल को लेकर नेपाल में अलर्ट जारी हुआ है। भारत के अलावा नेपाल में भी उसकी तलाश की जा रही है। नेपाल सरकार के अप्रवास विभाग ने अमृतपाल को लेकर अलर्ट जारी किया है। मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार नेपाल में खासतौर पर अपने एयरपोर्ट पर स्थित दफ्तरों में अलर्ट जारी किया है। आशंका है कि अमृतपाल अपने पासपोर्ट या फर्जी पासपोर्ट के जरिए किसी तीसरे देश में भाग सकता है। डीजी झलकराम अधिकारी ने बताया कि भारतीय दूतावास ने उनके कार्यालय को पत्र लिखकर अमृतपाल सिंह को किसी तीसरे देश में भागने से रोकने में मदद मांगी थी।

उल्लेखनीय है कि अमृतपाल के नेपाल में छिपे होने की आशंका है। इसके चलते काठमांडू स्थित भारतीय दूतावास ने नेपाल सरकार को एक चिट्ठी लिखी है। चिट्ठी में सरकारी एजेंसियों से अनुरोध किया है कि यदि अमृतपाल सिंह नेपाल से भागने की कोशिश करता है तो उसे गिरफ्तार किया जाए। चिट्ठी में कहा गया कि अगर अमृतपाल भारतीय पासपोर्ट या किसी अन्य फर्जी पासपोर्ट का उपयोग करके नेपाल से भागने का प्रयास करता है तो उसे गिरफ्तार कर लिया जाए। भारतीय दूतावास ने अमृतपाल की फोटो से लेकर सभी जानकारी नेपाली सरकार को दी है। राम अधिकारी ने कहा कि हवाई अड्डे से विदेश जाने वाले सभी यात्रियों की जांच की जाएगी, जिससे अमृतपाल भाग न सके। उन्होंने बताया कि भारतीय दूतावास के अनुरोध पर हमने अमृतपाल को वॉच लिस्ट में शामिल किया है। अधिकारी ने बताया कि सबसे पहले भारतीय दूतावास ने अमृतपाल को वॉच लिस्ट में शामिल करने का अनुरोध किया था। दूतावास ने विभाग के साथ तस्वीरों के साथ विवरण साझा किया था। उन्होंने कहा कि भारतीय दूतावास ने चेतावनी दी है कि अमृतपाल नेपाल में प्रवेश करने और वहां से भागने के लिए फर्जी पासपोर्ट का इस्तेमाल कर सकता है। अमृतपाल के ठिकाने को लेकर अभी कोई जानकारी नहीं है।

## प्रतिबंधों के बाद भी साइबर अटैक कर पैसे की उगाही करता है सनकी तानाशाह

लंदन। उत्तर कोरिया पर 2 हजार से ज्यादा पाबंदियां लगी हुई हैं। इसके पहले रूस, ईरान और सीरिया का नंबर आता है। इतनी बंदिशों में जीने के बाद भी उ.कोरिया अपनी सैन्य ताकत दिखाता रहा। यहां तक कि वहां के तानाशाह किम जोंग उन अक्सर पश्चिमी देशों को धमकाते भी रहे। ये ताकत हवा-हवाई नहीं, बल्कि इसके पीछे रूस और चीन जैसे बड़े देशों का हाथ है। साल 2020 में नॉर्थ कोरिया का डेटा जारी किया। इसके मुताबिक देश की जीडीपी लगभग 18 बिलियन डॉलर थी। अपने पड़ोसी देश दक्षिण कोरिया की तुलना में ये कम है, लेकिन ग्रोथ रेट लगातार दिख रही है। खासकर व्यापार के लिए उसपर जितने प्रतिबंध हैं, यह देखकर ये जीडीपी कम नहीं।

ये देश खुद को सैन्य तौर पर भी मजबूत कर रहा है। इसमें एक के बाद एक मिसाइल परीक्षण भी शामिल है। बीते साल फरवरी में आई यूएन की रिपोर्ट में नॉर्थ कोरिया की ओर से परमाणु कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने का शक जताया गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि नॉर्थ कोरिया मिसाइलों को बनाने, तेजी से उनकी तैनाती, समुद्र के रास्ते उन्हें लाने-ले जाने और मिसाइल ताकत में तेजी से बढ़ोत्तरी करने की दिशा में है।

यूएन की रिपोर्ट कहती है कि अपने परमाणु कार्यक्रमों और मिसाइलों के लिए पैसे जुटाने के लिए क्रिप्टोकरेंसी एक्सचेंज पर साइबर अटैक कर पैसे की उगाही इस देश के लिए आय का प्रमुख स्रोत है। ये रिपोर्ट यूएनएससी प्रतिबंध कमेटी के सामने इसी हफ्ते पेश की गई। और इसमें नॉर्थ कोरिया के सीक्रेट वीपन प्रोग्राम के बारे में कई दावे किए गए हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि क्रिप्टो करेंसी एक्सचेंज और वित्तीय संस्थाओं पर साइबर अटैक से पैसे जुटाना नॉर्थ कोरिया के लिए आय का सबसे बड़ा स्रोत है। साइबर अटैक से साल 2020 में और साल 2021 के मध्य तक नॉर्थ कोरियन साइबरअटैकर्स ने नॉर्थ अमेरिका, यूरोप और एशिया के तीन क्रिप्टोकरेंसी एक्सचेंज से ही 50 मिलियन डॉलर से अधिक की रकम चुरा ली।

## दुनिया में सबसे ज्यादा टैटू बनवाने वाले चार्ल्स का 81 साल में निधन

**पत्नी को भी टैटू बनवाने का जबरदस्त शौक**

लंदन। प्यार में लोग एक-दूसरे की कमी को अपना लेते हैं। पसंद-नापसंद को मान लेने के बाद उनकी लाइफ काफी अच्छी हो जाती है। उसपर भी अगर कपल का शौक एक ही तरह की चीज में हो, तब सोने पर सुहागा हो जाता है। इसतरह की खुशकिस्मत शख्स थे चार्ल्स चक। जी हां, टैटू प्रेमी चार्ल्स को जो पार्टनर मिली, उसे भी टैटू करवाने का काफी शौक था। लेकिन अब ये परफेक्ट कपल हमेशा के लिए अलग हो गया है। चार्ल्स ने 81 की उम्र में दुनिया को अलविदा कर दिया है। दुनिया में सबसे ज्यादा टैटू बनवाने वाले सीनियर सिटीजन चार्ल्स का नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड्स में दर्ज है। उनकी बॉडी का 97.05 प्रतिशत हिस्सा टैटू से भरा था। 12 मार्च को चार्ल्स ने अपनी पत्नी और बच्चों के बीच आखिरी सांसें ली। इसी के साथ उनकी लव स्टोरी का भी अंत हो गया और उनके टैटू प्रेम का भी। दुनिया ने इस टैटू लवर को खो दिया। उनके पीछे अब 74 साल की उनकी पत्नी चार्लोट गुटेनबर्ग और बच्चे रह गए हैं। ये परिवार अमेरिका में रहता था। कपल के बारे में बताया जाता है कि दोनों को ही टैटू बनवाने का शौक था। उन्होंने एक साथ करीब दो हजार घंटे टैटू बनवाने में गुजारे थे। लेकिन 12 मार्च को फ्लोरिडा के घर में चार्ल्स ने आखिरी सांसें ली। बताया जा रहा है कि अपने पति के गुजर जाने के बाद से उनकी पार्टनर काफी गुमसुम है। इस हैप्पी कपल के बीच का रिश्ता काफी मजबूत था। चार्ल्स ने 2016 में अपने नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड को दर्ज किया था और ये रिकॉर्ड आज भी कायम है।

वैसे मेल केटेगरी में चार्ल्स का नाम मौजूद है, लेकिन उनकी पत्नी का नाम भी फीमेल सीनियर केटेगरी में शामिल है। हालांकि, अगर दोनों को कम्पेयर करे, तब बीवी की बॉडी पर ज्यादा टैटूज हैं। चार्लोट की बॉडी 98.75 प्रतिशत टैटू से कवर है। चार्ल्स की टैटू जर्नी 1959 से शुरू हुई थी। उस समय चार्ल्स की उम्र सिर्फ 18 साल थी। इसके बाद से उसने कभी पीछे पलट कर नहीं देखा। वहीं उनकी बीवी का टैटू प्रेम 57 की उम्र में शुरू हुआ और इस तरह दोनों लाइफ पार्टनर बन गए।



ताइपे में संसद से निकलती हुई चेक गणराज्य की स्पीकर मार्केर्ला पैकारोवा।

## विदेशी महिला से पैदा हुआ व्यक्ति कभी देशभक्त नहीं हो सकता

**भाजपा सांसद का विवादित बयान**

नई दिल्ली। भाजपा सांसद ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को लेकर एक विवादित बयान दिया है। मोदी सरनेम पर राहुल गांधी की विवादित टिप्पणी का विरोध कर भाजपा सांसद संजय जायसवाल ने गांधी परिवार पर निजी हमला किया। जायसवाल ने कहा कि एक विदेशी महिला से पैदा हुआ व्यक्ति कभी भी देशभक्त नहीं हो सकता है।

भोपाल से भाजपा सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने भी माह की शुरूआत में इसी तरह की टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा कि राहुल को देश में राजनीति नहीं करने देनी चाहिए और उन्हें भारत से बाहर कर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि वे इस बात से सहमत हैं कि राहुल गांधी भारत से नहीं हैं। उन्होंने 11 मार्च को कहा, हम जानते हैं, कि आप भारत से नहीं हैं... चाण्यण ने कहा था कि विदेशी महिला से पैदा हुआ बेटा कभी भी देशभक्त नहीं हो सकता और राहुल गांधी ने इस बात को सही साबित कर दिया है।

राहुल गांधी की लंदन में भारतीय लोकतंत्र पर की गई टिप्पणियों का जिक्र कर भाजपा सांसद जायसवाल ने कहा, राहुल गांधी ने विदेशों में देश का अपमान किया है। अगर आप कहते हैं कि हमारा लोकतंत्र, अदालतें और पत्रकार सभी गलत हैं, तब यह स्पष्ट है कि आप भारत पर भरोसा नहीं करते हैं। इसी दौरान उन्होंने कहा, एक विदेशी महिला से पैदा हुआ व्यक्ति कभी भी देशभक्त नहीं हो सकता है।

## प्रियंका चोपड़ा के सपोर्ट में उतरी कंगना

**करण जौहर जैसे लोगों के कारण इंडस्ट्री का माहौल खराब हुआ**

मुंबई। प्रियंका चोपड़ा का बॉलीवुड छोड़ने की वजह पर दिया बयान चर्चा में है। अब कंगना रनौत ने इस पर प्रतिक्रिया दी है। कंगना ने इंडस्ट्री का माहौल बिगाड़ने का जिम्मेदार करण जौहर को ठहराया है। लिखा है कि शाहरुख से प्रियंका की दोस्ती की वजह से उन्हें भारत छोड़ने पर मजबूर किया गया था और इसके पीछे करण जौहर का हाथ था। कंगना ने अपने ट्वीट में करण के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली है। हालांकि, प्रियंका ने किसी का नाम लिए बिना कहा था कि उन्हें बॉलीवुड में काम नहीं मिलने दिया जा रहा था और इंडस्ट्री के गंदे खेल से थक चुकी थीं। प्रियंका ने हिंट दी है कि लोग उनका करियर बर्बाद करने पर तुले थे। अब कंगना ने लिखा है कि एक सेल्फ मेड महिला को भारत छोड़ना पड़ा। हर कोई जानता है कि करण जौहर ने उन्हें बैन किया था।

प्रियंका के बयान के बाद कंगना ने ट्वीट किया है, प्रियंका ने बताया है कि बॉलीवुड में लोगों ने उनके खिलाफ गैंग बनाया, बुली किया और इंडस्ट्री से बाहर कर दिया। एक सेल्फ मेड महिला को भारत छोड़ना पड़ा। सभी को पता है कि करण जौहर ने उन्हें बैन किया था। मीडिया ने करण जौहर से उनके विवाद की वजह शाहरुख खान से प्रियंका की दोस्ती के बारे में बहुत कुछ लिखा था।

कंगना ने एक और ट्वीट में लिखा है कि



अमिताभ बच्चन और शाहरुख खान भी आउटसाइडर थे, लेकिन उनके वक्त इंडस्ट्री का कल्चर खराब नहीं था। इस करण जौहर जैसे लोगों ने खराब किया। वह लिखती हैं, इस बेहूदा, जलनखोर और जहरीले इंसान को फिल्म इंडस्ट्री का कल्चर खराब करने और माहौल बिगाड़ने के लिए जिम्मेदार ठहराना चाहिए जो कि अमिताभ और शाहरुख के दिनों में कभी नहीं था। दरअसल प्रियंका चोपड़ा ने कहा था, मुझे इंडस्ट्री में किनारे लगाया जा रहा था। लोग मुझे कास्ट नहीं कर रहे थे, मेरे विचार लोगों से नहीं मिल रहे थे, मैं उस तरह के गेम खेलने में अच्छी नहीं हूं, तब मैं राजनीति से थक गई थी और मुझे एक ब्रेक चाहिए था। बता दें कि प्रियंका ने जब बॉलीवुड छोड़ा, तब उनके और शाहरुख खान के अफेयर की खबरें सुर्खियों में थीं। कई रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि करण ने प्रियंका को शाहरुख से दूर करने के लिए कई पैंतरे अपनाए थे।

## मेगास्टार अमिताभ को होम मेड स्लिंग पहने देखा गया, प्रशंसकों को किया नमस्ते

मुंबई। बिग बी अमिताभ बच्चन ने प्रोजेक्ट के के सेट पर घायल होने के बाद पहली बार अपने घर के बाहर अपने प्रशंसकों का अभिवादन किया। उन्हें घर में बना पट्टा (होम मेड स्लिंग) पहने देखा गया, उन्होंने अपने प्रशंसकों से मिलने पर नमस्ते किया, कुछ ऐसा जो वह हर हफ्ते धार्मिक रूप से करते थे। अभिनेता ने अपने ब्लॉग पर जैकेट के साथ सफेद कुर्ता पायजामा पहने कई तस्वीरें साझा कीं। बिग बी ने हाथीदांत के रंग का हैंड स्लिंग भी पहना था। उन्होंने अपने ब्लॉग पर लिखा और काम जारी है, शुभचिंतकों का आशीर्वाद, मेरा प्यार स्नेह और आभार। आंध्र प्रदेश के हैदराबाद में प्रोजेक्ट के की शूटिंग के दौरान बिग बी घायल हो गए थे। अभिनेता बच्चन ने अपने स्वास्थ्य अपडेट को अपने ब्लॉग पर साझा किया।हैदराबाद के एआईजी अस्पताल में डॉक्टर से सलाह लेने और सीटी स्कैन कराने के बाद वह मुंबई के लिए रवाना हो गए, जहां वह अपने घर पर आराम कर रहे हैं। 80 वर्षीय अभिनेता को फिल्म के एक एक्शन सीक्वेंस के दौरान उनकी दाहिनी पसली की मांसपेशियों में चोट लग गई थी। उन्होंने लिखा कि इस घटना के बाद फिल्म की शूटिंग टाल दी गई। प्रोजेक्ट के अश्विनी दत्त द्वारा लिखित और निर्देशित साइंस फिक्शन फिल्म है। तेलुगू और हिंदी में एक साथ शूट किए जा रहे इसमें अमिताभ, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी हैं।

## नमाजियों पर नमाज पढ़ते वक्त हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा

**सपा विधायक ने प्रशासन से मांगी अनुमति**

लखनऊ। यूपी के बिजनौर के चांदपुर विधानसभा क्षेत्र से सपा विधायक स्वामी ओमवेश नमाजियों पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा करना चाहते हैं। विधायक ने नमाजियों पर नमाज पढ़ते वक्त पुष्प वर्षा हेलीकॉप्टर से करने के लिए जिलाधिकारी बिजनौर को चिट्ठी लिखकर अनुमति मांगी है। विधायक ओमवेश ने ईद के मौके पर पुष्प वर्षा करना चाहते हैं, इसके लिए प्रशासन उन्हें अनुमति दे। चांदपुर में काफी संख्या में मुसलमान रहते हैं। ईद मुसलमानों का सबसे बड़ा त्यौहार है, इसके बाद वह जनप्रतिनिधि होने के नाते ईद की नमाज के वक्त दो क्विंटल फूल से पुष्प वर्षा कर मुस्लिम भाइयों का स्वागत करना चाहते हैं। चिट्ठी में लिखा गया है कि हेलीकॉप्टर से किसी को कोई परेशानी नहीं होगी।

## जेपी नड्डा के गृहजिले में भाजपा को झटका

बिलासपुर। हिमाचल प्रदेश में सता परिवर्तन के बाद बिलासपुर में जिला परिषद की सत्ता बदलने वाली है। जिला परिषद की सरदारी को लेकर राजनैतिक जंग तेज हो गई है। यहां पर भाजपा समर्थित जिला परिषद अध्यक्ष मुस्कान और उपाध्यक्ष प्रेम ठाकुर ने इस्तीफा दे दिया। इनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था मुस्कान और प्रेम ठाकुर ने अपने-अपने त्याग पत्र उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक को सौंप दिए। गौरतलब है कि यह भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का गृहजिला है और इसके बाद अब भाजपा को यहां पर झटका लगा है।

उल्लेखनीय है कि बिलासपुर जिला परिषद में भाजपा समर्थित आठ और कांग्रेस समर्थित छह पार्षद हैं। हालांकि, अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव में भाजपा और कांग्रेस समर्थित 11 पार्षदों ने संयुक्त रूप से हस्ताक्षर किए थे। उपायुक्त सादिक ने कहा कि जिला परिषद अध्यक्ष मुस्कान एवं उपाध्यक्ष प्रेम ठाकुर ने अपने पद से त्याग पत्र दे दिया है। अब जैसे ही पंचायती राज विभाग इनके त्याग पत्र मंजूर करेगा, तब उसके बाद दोनों पदों पर चुनाव करवाए जाएंगे। जिला परिषद के 14 सदस्यों में से 11 सदस्य मदन धीमान, आईडी शर्मा, विमला देवी, बेली राम टैगोर, शालू रनौत, प्रोमिला बसु, राजकुमार, शैलजा शर्मा, गौरव शर्मा, मान सिंह और पूजा रानी ने अविश्वास प्रस्ताव लाने की मांग की थी।

मुस्कान ने जनवरी 2021 में निर्दलीय चुनाव जीता था और बाद में भाजपा के समर्थन पर उन्हें जिला परिषद का उपाध्यक्ष बनाया गया था। तब प्रदेश में जयराम की सरकार थी। एक रात में सारे समीकरण बदल गए थे। मुस्कान ने अध्यक्ष बनने से पहले तत्कालीन सीएम जयराम ठाकुर से मुलाकात की थी।



इक्वेडोर में आये तूफान के बाद मिट्टी में दबा एक घर।

# शेयर बाजार हल्की गिरावट के साथ बंद

मुम्बई। शेयर बाजार मंगलवार को मामुली गिरावट पर बंद हुआ। बाजार में ये गिरावट दुनिया भर के बाजारों से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 40.14 अंक करीब 0.07 फीसदी नीचे आकर 57,613.72 अंक पर बंद हुआ। वहीं कारोबार के दौरान सेंसेक्स 57,949.45 के उच्च स्तर तक पहुंचा था। वहीं इसी प्रकार पचास शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 34 अंक तकरीबन 0.02 फीसदी नीचे आया है। कारोबार के अंत में निफ्टी 16,951.70 अंक पर नीचे आकर बंद हुआ। वहीं यह 17,061.75 तक ऊपर आया था। आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स के शेयरों में 12 शेयर लाभ के साथ ही हरे निशान पर बंद हुए। इंडसइंड बैंक, पावर ग्रिड, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, और एनटीपीसी सेंसेक्स के शेयरों को सबसे ज्यादा लाभ हुआ। इंडसइंड बैंक का शेयर सबसे अधिक 2.13 फीसदी तक उछला। वहीं दूसरी ओर सेंसेक्स के शेयरों में 18 शेयर नुकसान के साथ ही लाल निशान पर बंद हुए। इसमें टेक महिंद्रा, टाटा मोटर्स, भारती एयरटेल, विप्रो और बजाज फिनसर्व आदि शेयर रहे। सबसे अधिक करीब 2.92 फीसदी तक नुकसान टेक महिंद्रा के शेयरों को हुआ।

वहीं एशियाई बाजारों की बात करें तो दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और हांगकांग का हैंगसेंग ऊपर आया है जबकि चीन का शंघाई कम्पोजिट गिरा है। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में तेजी रही। अमेरिकी बाजारों में गत दिवस मिला-जुला कारोबार हुआ था वहीं ब्रेंट क्रूड 0.50 फीसदी बढ़कर 78.51 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

इससे पहले आज सुबह दुनिया भर के बाजारों से ?मिले अच्छे संकेतों की वजह से बाजार की शुरूआत बढ़त के साथ हुई है। सेंसेक्स 174.97 अंक की बढ़त के साथ 57,828.83 के स्तर पर कारोबार कर रहा था। वहीं निफ्टी 62.25 अंक की बढ़त के साथ 17,047.95 के स्तर पर कारोबार कर रहा था पर समय के साथ ही बिकवाली हावी होने से इसमें गिरावट आने लगी।

# इस सप्ताह 7000 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल सकती है डिज्नी

नई दिल्ली। वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी, मेटा, अमेजन और गूगल के बाद डिज्नी ने भी छंटनी का ऐलान किया है। कंपनी ने कहा है कि वह कॉर्पोरेट खर्च को कम करने और फ्री कैश फ्लो को बढ़ावा देने के लिए इस सप्ताह लगभग 7,000 कर्मचारियों को नौकरी से ?निकाल सकती है। डिज्नी के मीडिया और डिस्टीब्यूशन डिवीजन, पार्क एंड रिसॉर्ट्स और ईएसपीएन छंटनी से प्रभावित होंगे। डिज्नी का दावा है कि नौकरी में कटौती से कंपनी को 5.5 अरब डॉलर की लागत में कटौती करने में मदद मिलेगी। सूत्रों से पता चला है कि डिज्नी के सीईओ बॉब इगर ने कहा है कि छंटनी का दूसरा दौर बहुत बड़ा होगा। अप्रैल के महीने में कई हजार कर्मचारियों को कटौती के बारे में सूचित किया जाएगा। गर्मियों की शुरूआत से पहले तीसरे और अंतिम दौर की अधिसूचना की उम्मीद है। एक मेमो में डिज्नी के कर्मचारियों को इगर ने लिखा, हमने कंपनी के रणनीतिक पुनर्गठन के हिस्से के रूप में लगभग 7,000 नौकरियों को समग्र कार्यबल से कम करने का कठिन निर्णय लिया है, जिसमें अधिक प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण लागत-बचत उपाय शामिल हैं। हमारे उन कर्मचारियों के लिए, जो प्रभावित नहीं हैं, मैं यह स्वीकार करना चाहता हूं कि निःसंदेह आगे चुनौतियां होंगी।

# रुपया बढ़त के साथ बंद

मुंबई। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले मंगलवार को रुपया दो पैसे की बढ़त के साथ ही 82.18 पर बंद हुआ। इससे पहले रुपया 82.20 पर खुला, फिर बढ़त के साथ 82.16 के स्तर पर आ गया। अमेरिकी डॉलर में कमजोरी के चलते निवेशकों की धारणा मजबूत होने से रुपया शुरूआती कारोबार में 15 पैसे ऊपर आकर 82.16 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। वहीं अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 82.20 पर खुला, फिर बढ़त के साथ ही 82.16 के स्तर पर आ गया यह पिछले कारोबारी दिन के मुकाबले 15 पैसे की बढ़त को दिखाता है।

वहीं छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.25 फीसदी फिसलकर 102.59 पर आ गया।

# एलआईसी के आईपीओ में पैसा लगाने वाले निवेशकों का बट्टा बैठा

मुंबई। भारतीय जीवन बीमा निगम के शेयर में पैसा लगाने वाले निवेशकों को हर रोज बुरी खबर मिल रही है। एलआईसी का शेयर अब तक उनका 43 फीसदी पैसा डुबा चुका है। सोमवार को इस शेयर ने अपना ऑल टाइम लो हिट किया और अपने आईपीओ प्राइस से करीब 43 फीसदी नीचे चला गया। मंगलवार को एलआईसी के स्?टॉक ने तेजी के साथ कारोबार शुरू किया था, लेकिन 10 बजते-बजते ही यह लाल निशान में चला गया और कल के बंद भाव से 0.87 फीसदी गिरकर 538 रुपये पर ट्रेड करने लगा। सोमवार को भी शेयर 544.10 रुपये पर बंद हुआ था। लिस्टिंग के बाद से एलआईसी का यह सबसे निचला क्लोजिंग प्राइस लेवल था।

**1 लाख लगाने वाले के बचे 56,891 रुपये**

एलआईसी का शेयर रिटेल निवेशकों को 949 रुपये में मिला था। लेकिन, लिस्टिंग के बाद से ही यह लगातार नीचे आ रहा है। अपने आईपीओ प्राइस से एलआईसी शेयर अब तक 43 फीसदी गिर चुका है। हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट आने के बाद से एलआईसी का शेयर तेजी से टूटा है। हिंडनबर्ग की रिपोर्ट जारी होने के दौरान एलआईसी का शेयर 702 रुपये पर ट्रेड कर रहा था। उस स्?तर से एलआईसी शेयर अब 23 फीसदी के करीब नीचे जा चुका है।

सोमवार को भी एलआईसी के शेयर ने अपना ऑल टाइम लो पर था। सोमवार को एलआईसी का शेयर 560 रुपये पर खुला और 4 फीसदी की गिरावट के साथ दिन में एक बार 539.10 रुपये तक जा लुढ़का। शाम को यह शेयर 544.10 रुपये पर बंद हुआ। एलआईसी का शेयर पांच कारोबारी सत्रों में 6.48 फीसदी गिर चुका है।

एलआईसी के आईपीओ में पैसा लगाने वाले निवशकों को भारी नुकसान हो रहा है। एलआईसी ने 949 रुपये प्रति शेयर के भाव पर आईपीओ में पैसे जुटाए थे। आज यह शेयर 539.90 रुपये का हो गया है। यानि निवेशकों को 409 रुपये प्रति शेयर की चपत लग रही है। अगर एलआईसी के आईपीओ में किसी निवेशक ने 1 लाख रुपये लगाए थे, तब आज उसका निवेश 56,891 रुपये ही बचा है। यानी उसके 43,109 रुपये डूब चुके हैं।

# रिलायंस कैपिटल के लिए दूसरी नीलामी चार अप्रैल को

नई दिल्ली। कर्ज में फंसी कंपनी रिलायंस कैपिटल के कर्जदाताओं ने समाधान प्रक्रिया के तहत अधिक राशि जुटाने के लिए चार अप्रैल को दूसरे दौर की नीलामी करने का फैसला किया। सूत्रों ने बताया कि कर्जदाताओं की समिति (सीओसी) ने नीलामी के दूसरे दौर की योजना पर आगे बढ़ने का फैसला किया गया। इस बीच पहले दौर की नीलामी में शामिल हिंदुजा समूह की कंपनी आईआईएचएल ने 9,000 करोड़ रुपए की संशोधित बोली पर टिके रहने के फैसले से सीओसी को अवगत कराया है। नए दौर की नीलामी के लिए कर्जदाताओं ने 9,500 करोड़ रुपए की शुरूआती बोली तय की है जिसमें न्यूनतम नकद राशि 8,000 करोड़ रुपए की होगी।

# खाने के तेलों की कीमतों का मिलाजुला रुख रहा

नई दिल्ली। देश में शुल्क मुक्त आयात की कोटा व्यवस्था के तहत सूरजमुखी और सोयाबीन तेल का आयात बढ़ने और विदेशों में भाव कमजोर होने के बीच दिल्ली तेल-तिलहन बाजार में सोमवार को खाने के तेलों की कीमतों में मिलाजुला रुख रहा। सस्ते आयातित तेलों के दबाव में एक ओर जहां सरसों तेल-तिलहन और सोयाबीन तेल के दाम में गिरावट आई, वहीं मलेशिया एक्सचेंज के मजबूत होने से कच्चा पामतेल (सीपीओ) और पामोलीन तेल कीमतों में सुधार आया। मूंगफली तेल-तिलहन, सोयाबीन तिलहन और बिनौला तेल के भाव पूर्वस्तर पर ही बंद हुए। सोमवार को तेल-तिलहनों के भाव इस प्रकार रहे- सरसों तिलहन 5,210-5,260 (42 प्रतिशत कंडीशन का भाव) रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली 6,765-6,825 रुपए प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल मिल डिलिवरी (गुजरात) 16,580 रुपए प्रति क्विंटल, मूंगफली रिफाइंड तेल 2,530-2,795 रुपए प्रति टिन, सरसों तेल दादरी 10,600 रुपए प्रति क्विंटल। सरसों पक्की घानी 1,675-1,745 रुपए प्रति टिन, सरसों कच्ची घानी 1,675-1,795 रुपए प्रति टिन। तिल तेल मिल डिलिवरी 18,900-21,000 रुपए प्रति क्विंटल। सोयाबीन तेल मिल डिलिवरी दिल्ली 10,980 रुपए प्रति क्विंटल। सोयाबीन मिल डिलिवरी इंदौर 10,880 रुपए प्रति क्विंटल। सोयाबीन तेल डीगम, कांडला-9,240 रुपए प्रति क्विंटल, सीपीओ एक्स-कांडला 8,600 रुपए प्रति क्विंटल, बिनौला मिल डिलिवरी (हरियाणा) 9,250 रुपए प्रति क्विंटल, पामोलिन आरबीडी, दिल्ली 10,050 रुपए प्रति क्विंटल, पामोलिन एक्स कांडला 9,100 रुपए (बिना जीएसटी के) प्रति क्विंटल, सोयाबीन दाना 5,205-5,355 रुपए प्रति क्विंटल, सोयाबीन लूज 4,965-5,015 रुपए प्रति क्विंटल और मक्का खल (सरिस्का) 4,010 रुपए प्रति क्विंटल।

# वैश्विक अर्थव्यवस्था की रफ्तार 2030 तक सबसे कम रह सकती है: वर्ल्ड बैंक

**- पिछले तीन दशकों में ग्रोथ और समृद्धि बढ़ाने वाली सभी आर्थिक ताकतें कमजोर हुई**

नई दिल्ली। ग्लोबल इकोनॉमी पर मंदी के बादल मंडरा रहे हैं। अमेरिका और यूरोप में बैंकिंग संकट ने स्लोडाउन की आशंका को और बढ़ा दिया है। अब वर्ल्ड बैंक ने अपनी एक रिपोर्ट में चेतावनी दी है। वर्ल्ड बैंक ने कहा है कि वै?श्विक अर्थव्यवस्था की रफ्तार 2030 तक तीन दशक में सबसे कम रह सकती है। वर्ल्ड बैंक ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि प्रोडक्टिविटी और लेबर सप्लाई को बढ़ावा देने, निवेश को बढ़ावा देने के साथ-साथ सर्विस सेक्टर की क्षमताओं को बेहतर तरीके से इस्तेमाल करना होगा. रिपोर्ट में कोविड-19 और रूस-यूक्रेन के बाद पोटेंशियल आउटपुट ग्रोथ रेट का वैल्यूएशन किया गया है। वर्ल्ड बैंक ने अपनी रिपोर्ट में इस बात पर चिंता जताई है कि पिछले तीन दशकों में ग्रोथ और समृद्धि को बढ़ावा देने वाली लगभग सभी आर्थिक ताकतें कमजोर हो गई हैं। इस गिरावट की वजह से 2022-2030 के बीच एवरेज ग्लोबल पोटेंशियल जीडीपी ग्रोथ में कमी आने की आशंका है।

यह ट्रेंड सिर्फ विकसित इकोनॉमी तक ही सीमित नहीं है। विकसित देशों में भी ग्रोथ कम होने का अनुमान है। इस देश के बाकी समय में वार्षिक ग्रोथ चार फीसदी रह सकती है। अगर वैश्विक संकट आता है तो हालात और भी बिगड़ सकते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि जिस मंदी का हम जिक्र कर रहे हैं वो और तेज हो सकती है। यदि एक और वैश्विक वित्तीय संकट उभरता है, खासकर अगर वह संकट वैश्विक मंदी के साथ हो तो ये मंदी विकास की संभावनाओं को प्रभावित कर सकती है। अमेरिका और यूरोप के बैंकिंग संकट ने दुनिया भर के बाजारों को झकझोर दिया है। भारतीय बाजार में भी इसका असर देखने को मिल रहा है। बैंकिंग स्टॉक्स पर दबाव दिख रहा है। अमेरिका में दो बैंकों पर ताला लग गया है और कई दूसरे बैंकों पर भी इस संकट का साया गहराता नजर आ रहा है। आशंका जताई जा रही है कि सिलिकॉन वैली बैंक और सिग्नेचर बैंक के डूबने के बाद अमेरिका का बैंकिंग संकट अपनी चपेट में कई और बैंकों को भी ले सकता है। यूरोप का क्रेडिस सुइस बैंक संकट में फंसकर बिक गया। वित्तीय संकट से जूझ रहे स्विट्जरलैंड के बैंक क्रेडिट सुइस का अधिग्रहण यूनियन बैंक ऑफ स्विट्जरलैंड करेगा।

# ईपीएफओ ने बढ़ाई पीएफ पर ब्याज दर

नई दिल्ली। सरकार ने वित्त वर्ष 2022- 2023 के लिए पीएफ की ब्याज दर बढ़ा दी है। ईपीएफओ की ब्याज दर 8.10 फीसदी से बढ़ाकर 8.15 फीसदी तय की गई है। सेंट्रल बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज (सीबीटी) की बैठक में इसको सहमति मिली है। मालूम हो कि हर साल मार्च के महीने में सीबीटी की बैठक में ब्याज दरों पर फैसला लिया जाता है। इस बार ये बैठक 27-28 मार्च को हुई थी। श्रम और रोजगार मंत्रालय की ओर से हाल ही में जारी पेरोल डेटा से पता चला है कि ईपीएफओ ने जनवरी 2023 में 14.86 लाख ग्राहक जोड़े। वहीं 3.54 लाख मेंबर्स ईपीएफओ से बाहर हुए। पिछले वित्त वर्ष के लिए सरकार ने 40 साल में सबसे कम ब्याज देने का फैसला किया गया था। 2021-22 के लिए 8.1 फीसदी ब्याज तय किया गया था। इससे पहले ये 8.5 फीसदी मिल रहा था। साल 1977-78 में ब्याज दर 8 फीसदी थी। इसके बाद से हमेशा 8.25 फीसदी से ऊपर ही रही। वित्त वर्ष 2018-19 में 8.65 फीसदी, 2017-18 में 8.55 फीसदी, 2016-17 में 8.65 फीसदी और वित्त वर्ष 2015-16 में 8.8 फीसदी ब्याज मिला था। आप अपने पीएफ अकाउंट का पासबुक चेक कर-के ये देख सकते हैं कि आपका ब्याज का पैसा आया है या नहीं। आप इसके लिए या तो ईपीएफओ की ऑफिशियल वेबसाइट पर जा सकते हैं या फिर 7738299899 नंबर पर ईपीएफओएचओ यूएएन ईएनजी मैसेज भी भेज सकते हैं।

9966044425 भी एक नंबर है, जिसपर मिस्ड कॉल भेजकर पीएफ बैलेंस चेक किया जा सकता है। इसके अलावा, उमंग ऐप के जरिए भी पीएफ अकाउंट एक्सेस किया जा सकता है।



स्विटजरलैंड में वांडरर्स जेनेवा एक्सपो को देखती हुई एक महिला। इसमें घड़ियों के साथ ही 48 ब्रांड को शामिल किया गया।

# तुअर दाल के स्टॉक की निगरानी करने के लिए समिति गठित

नई दिल्ली। सरकार ने जमाखोरी एवं सट्टेबाजी को रोकने के लिए आयातकों, मिलों, स्टॉकिस्टों और व्यापारियों के पास मौजूद तुअर दाल के स्टॉक की निगरानी करने के लिए एक समिति का गठन किया है। एक सरकारी बयान में कहा गया है कि सरकार घरेलू बाजार में बाकी दालों के स्टॉक की स्थिति पर भी करीब से नजर रख रही है ताकि आने वाले महीनों में कीमतों में अप्रत्याशित वृद्धि की स्थिति में जरूरी कदम उठाए जा सकें। बयान में कहा गया है कि यह निर्णय अच्छी मात्रा में आयात होने के बावजूद बाजार के कारोबारियों द्वारा स्टॉक जारी नहीं करने की खबरों के मद्देनजर लिया गया है। उपभोक्ता मामलों के विभाग में अतिरिक्त सचिव निधि खरे की अध्यक्षता वाली समिति राज्य सरकारों के साथ समन्वय में अरहर के स्टॉक की निगरानी करेगी। इससे पहले पिछले साल 12 अगस्त को सरकार ने राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों को आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के तहत तुअर दाल के संबंध में स्टॉक खुलासा लागू करने के लिए एक परामर्श जारी किया था। इसके अलावा सुचारू और निर्बाध आयात की सुविधा के लिए सरकार ने गैर-एलडीसी (गैर-कम विकसित देशों) देशों से अरहर के आयात के लिए लागू 10 प्रतिशत शुल्क को हटा दिया है क्योंकि यह शुल्क एलडीसी से शून्य शुल्क वाले आयात के लिए भी प्रक्रियात्मक बाधाएं पैदा करता है। स्टॉक के खुलासे की निगरानी के लिए हाल में समिति का गठन बाजार में जमाखोरों और सटोरियों से निपटने के लिए सरकार की मंशा को बताता है। बयान में कहा गया है कि यह आने वाले महीनों में अरहर की कीमतों को नियंत्रण में रखने के सरकार के दृढ़ संकल्प को भी दशार्ता है।

# अरशद वारसी और उनकी पत्नी मारिया को सैट से अंतरिम राहत

मुंबई। प्रतिभूति अपील पंचाट (सैट) ने अरशद वारसी और उनकी पत्नी मारिया वारसी को अंतरिम राहत प्रदान की। साधना ब्रॉडकास्ट के शेयरों की कीमतों में यूट्यूब के जरिये हेरफेर में कथित तौर पर उनके शामिल होने के मामले में यह राहत मिली। पंचाट ने हालांकि अपीलकताओं वारसी दंपती और वारसी के भाई इकबाल हुसैन वारसी को इससे हुई कथित अवैध कमाई का 50 फीसदी एस्क्रो खाते में जमा कराने का आदेश दिया। नियामक की तरफ से इन्हें प्रतिभूति बाजार में प्रवेश से रोकने वाले आदेश पर रोक लगाते हुए सैट ने अपीलकताओं से कहा कि जांच के दौरान वे सिर्फ साधना ब्रॉडकास्ट के शेयरों में खरीद-बिक्री नहीं कर सकते। पंचाट ने सेबी से कहा है कि छह हफ्ते के भीतर वह जांच पूरी करे।

सेबी ने 2 मार्च को जारी आदेश में 31 प्रतिभागियों को प्रतिभूति बाजार में ट्रेडिंग से रोक दिया था और अवैध कमाई जमा कराने को कहा था।

# एप्पल अब खत्म कर सकता है वर्क फ्रॉम होम

**- कर्मचारियों को हफ्ते में 3 दिन ऑफिस आने का आदेश, न आने वालों की होगी छुट्टी**

नई दिल्ली। दिग्गज टेक कंपनी ऐपल अब वर्क फ्रॉम होम खत्म करने पर विचार कर रहा है। कंपनी ने उन कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई करने की धमकी दी है जो हफ्ते में कम से कम तीन दिन ऑफिस नहीं आ रहे हैं। ऑफिस में न आने वाले कर्मचारियों की नौकरी भी जा सकती है। ऐपल बैज रिकॉर्ड के जरिए ऑफिस में कर्मचारियों की मौजूदगी पर नजर रख रही है। कोविड-19 के समाप्त हो जाने के बाद भी बहुत से कर्मचारी ऑफिस आकर काम करने को राजी नहीं है। वे चाहते हैं कि कंपनी उन्हें घर से ही काम करने की छूट दे। ऐपल अब यह छूट देने के मूड में नहीं है। कंपनी का मानना है कि वर्क फ्रॉम होम से कंपनी की उत्पादकता कम हो रही है। हालांकि कर्मचारियों का कहना है कि कोविड-19 के कठिन दौर में भी कर्मचारियों ने घर में रहकर काम किया और अपने टार्गेट अचीव किए थे। इसलिए कंपनी को वर्क फ्रॉम होम पूरी तरह खत्म नहीं करना चाहिए। हर सप्ताह कर्मचारी को मंगलवार और गुरुवार को हर हाल में ऑफिस आना होगा! बाकी के एक दिन का सेलेक्शन टीम लीडर की तरफ से किया जाएगा। ऐपल कर्मचारी कंपनी के इस फैसले से नाखुश हैं।

कर्मचारियों का कहना है कि उन्होंने वर्क फ्रॉम होम के दौरान काफी बेहतर काम किया है। मार्च 2022 में कंपनी की हाइब्रिड वर्क कल्चर का ऐलान करते हुए सीईओ टिम कुक ने रिमोट वर्क को मदर ऑफ ऑल एक्सपेरिमेंट बताते हुए कहा था कि ये काम करने का अच्छा तरीका नहीं है।

# हयूदै कर रही नई मिनी/माइक्रो एसयूवी की टेस्टिंग

**-आने वाले महीनों में इसका ग्लोबल डेब्यू होने की उम्मीद**

नई दिल्ली। दक्षिण कोरिया अपने बाजार में हयूदे एक नई मिनी/माइक्रो एसयूवी की टेस्टिंग कर रही है। इसके आने वाले महीनों में 5-सीटर का ग्लोबल डेब्यू होने की उम्मीद है। आगामी बजट पेशकश की पहली स्पाई इमेज भारत से इंटरनेट पर सामने आई है.आंतरिक रूप से एआई3 कोडनेम, इसे डोमेस्टिक लाइनअप में वेन्यू कॉम्पैक्ट एसयूवी के नीचे रखा जाएगा और यह सीधे टाटा पंच और एंट्री-लेवल कॉम्पैक्ट एसयूवी जैसे निसान मैग्नाइट और रेनॉल्ट किगर के खिलाफ प्लेस की जाएगी।एसयूवी इंटरनेशनल मार्केट्स में सेल की जाने वाली कैस्पर से इंस्पायर्ड है लेकिन उनके बीच काफी फीचर्स अलग होंगे.भारत में स्पॉट किया गया प्रोटोटाइप सिर्फ साइड प्रोफाइल और रियर की झलक दिखाता है।रेकड फ्रंट विंडशील्ड, सनरूफ और ऊंचे पिलर साफ देखे जा सकते हैं।इसे ग्रैंड आई10 नियोज के समान प्लेटफॉर्म पर बनाया जाएगा, जिसे हाल ही में नया रूप दिया गया है। प्रदर्शन के लिए, परिचित 1.2एल एनए पेट्रोल इंजन का उपयोग किया जाएगा.कप्पा एनए पेट्रोल इंजन 83 पीएस का मैक्सिमम पावर आउटपुट और 113.8 एनएम का पीक टॉर्क पैदा करने के लिए काफी अच्छा है।इसे फाइव-स्पीड मैनुअल या फाइव-स्पीड एएमटी ट्रांसमिशन के साथ जोड़ा जाएगा। उपकरणों की सूची ग्रैंड आई10 नियोज की तरह एक सेमी-डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर, डुअल-टोन इंटीरियर फिनिश, माउंटेड कंट्रोल के साथ स्टीयरिंग व्हील, क्रूज कंट्रोल, टाइप सी चार्जिंग पोर्ट, टीपीएमएस, ईएससी, एचएसए और वैकल्पिक छह एयरबैग की नकल कर सकती है। कोरिया में सामने आई स्पाई तस्वीरों से साफ है कि हयूदे एआई3 में स्प्लिट हेडलैंप क्लस्टर, नई एलईडी डेटाइम रनिंग लाइट्स, रैपअराउंड टेल लैंप्स होंगे.हम उम्मीद करते हैं कि इंटीरियर टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम और कनेक्टिविटी विकल्पों जैसी सुविधाओं से भरपूर होगा।हयूदै एआई 3 भारत में अपनी वॉल्यूम बिक्री को और बढ़ाने के लिए ब्रांड के कदम का हिस्सा होगी क्योंकि इसकी कीमत रुपये के बीच हो सकती है।

# पेट्रोल और डीजल की कीमतें कुछ राज्यों में बदली

नई दिल्ली। वैश्विक बाजार में क्रूड की बढ़ती कीमतों ने एक बार फिर दबाव बढ़ाना शुरु कर दिया है। बीते 24 घंटे में क्रूड 2 डॉलर से भी ज्यादा महंगा हो गया है। इस बीच मंगलवार पेट्रोल-डीजल की खुदरा कीमतों में भी बदलाव दिख रहा है। सरकारी तेल कंपनियों के अनुसार गाजियाबाद में पेट्रोल 32 पैसे सस्ता हुआ और 96.26 रुपए लीटर हो गया, जबकि डीजल 30 पैसे गिरकर 89.45 रुपए लीटर बिक रहा है। हरियाणा की राजधानी गुरुग्राम में पेट्रोल 4 पैसे महंगा हुआ और 96.97 रुपए लीटर हो गया है, जबकि डीजल 4 पैसे चढ़कर 89.84 रुपए लीटर हो गया है। राजस्?थान की राजधानी जयपुर में पेट्रोल 68 पैसे महंगा होकर 109.46 रुपए लीटर पहुंच गया है, जबकि डीजल यहां 62 पैसे चढ़कर 94.61 रुपए लीटर बिक रहा है। कच्चे तेल में बीते 24 घंटे में उछाल आया है। ब्रेंट क्रूड का भाव 2 डॉलर से ज्यादा बढ़कर 77.93 डॉलर प्रति बैरल के भाव पहुंच गया है। डब्ल्यूटीआई भी 3 डॉलर बढ़कर 72.75 डॉलर प्रति बैरल हो गया है।

# देश में चार पहिया इलेक्ट्रिक वाहनों की डिमांड बढ़ी, ढाई माह में 2.78 लाख ईवी बिके

नई दिल्ली। देश में लोगों को दोपहिया से लेकर चार पहिया इलेक्ट्रिक व्हीकल खूब पसंद आ रहे हैं। इसकारण धीरे-धीरे लोग इलेक्ट्रिक व्हीकल की ओर शिफ्ट हो रहे हैं। केन्द्र और राज्य सरकारों की ओर से इलेक्ट्रिक व्हीकल खरीदने पर कई तरह की सब्सिडी दी जा रही है। आंकड़ों को देखकर लगाता हैं कि इस वर्ष इलेक्ट्रिक व्हीकल्स की रिकार्ड बिक्री होने की संभावना है। इसके साथ ही, सरकार इलेक्ट्रिक व्हीकल्स को चार्ज करने के लिए हाईवे पर चार्जिंग प्वाइंट भी तेजी से बना रही है।

सड़क परिवहन एवं राज्यमार्ग मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2022 में कुल 10.20 लाख इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री पूरे देश में हुई है, जबकि इस वर्ष की अगर बात करें तब 19 मार्च तक 2.78 लाख इलेक्ट्रिक व्हीकल्स की बिक्री हो चुकी है। बिक्री के इन आंकड़ों से इलेक्ट्रिक व्हीकल्स इंडस्ट्री से जुड़े लोग काफी खुश हैं। उनका मानना है कि अगर ढाई माह में इतनी बिक्री हुई है,तब अभी तब पूरा वर्ष पड़ा है। केन्द्र सरकार इलेक्ट्रिक व्हीकल्स स्वामियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जगह जगह चार्जिंग प्वाइंट बनवा रही है। आंकड़ों के अनुसार इस वर्ष इन वाहनों के लिए 25 राज्यों के 68 शहरों में 2877 वाहन चार्जिंग लगाने की तैयारी है। जिससे वाहन चालक सुविधा अनुसार सडकों पर भी अपने वाहन चार्ज कर सकते हैं।

इतना ही नहीं फेम इंडिया योजना के दूसरे चरण के तहत 9 एक्सप्रेसवे और 16 राजमार्गो पर 1576 चार्जिंग स्टेशनों को भी मंजूरी दी गई है। इन्हें लगाने की भी शुरूआत भी जल्द होगी। दिल्ली-आगरा एक्सप्रेसवे पर 4 दाईं तरफ और 4 बाईं तरफ चार्जिंग स्टेशन बनाए जाएंगे। वहीं दिल्ली-जयपुर हाईवे पर 20 इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन बनाए जा रहे हैं, जिससे वाहन चालक दिल्ली के साथ साथ इन दोनों हाईवे पर आराम से सुविधाजनक सफर कर सकें।

# होंडा ने पिछले माह घरेलू बिक्री और निर्यात गिरावट दर्ज की

मुंबई। होंडा ने पिछले एक माह में घरेलू बिक्री और निर्यात दोनों में गिरावट दर्ज की है। फरवरी 2023 में घरेलू बाजार में 2,27,084 यूनिट्स की बिक्री हुई, जो फरवरी 2022 में बिकी, 2,85,706 यूनिट्स के मुकाबले 58,622 यूनिट्स कम थी। फरवरी 2023 में निर्यात भी 25.36 प्रतिशत घटकर 20,111 यूनिट रहा। वहीं, फरवरी 2022 में 26,944 यूनिट्स का निर्यात किया गया था। घरेलू बाजार में होंडा एक्टिवा का कोई तोड़ नहीं है। यह एक मात्र ऐसी टू-व्हीलर है, जिसकी सेल्स में पॉजिटिव ग्रोथ मिली। इसकी बिक्री फरवरी 2023 में 1,74,503 यूनिट रही, जो फरवरी 2022 में बेची गई 1,45,317 यूनिट्स की तुलना में 20.08 प्रतिशत ज्यादा है। इस लिस्ट में एक्टिवा की हिस्सेदारी 76.85 प्रतिशत है। फरवरी 2023 में एक्टिवा ही देश में सबसे ज्यादा बिकने वाला स्कूटर था, जिसकी बिक्री टीवीएस जूपिटर और सुजुकी एक्सेस से अधिक थी।

दूसरे नंबर पर होंडा की ही सीबी शाइन रही। फरवरी 2023 में बिक्री 56.43 प्रतिशत घटकर 35,594 यूनिट रह गई, जो फरवरी 2022 में 81,700 यूनिट थी। डियो स्कूटर की बिक्री में भी 6.44 प्रतिशत की गिरावट के साथ 14,489 यूनिट रही, जबकि यूनिकॉर्न की बिक्री 89.55 प्रतिशत घटकर 1,339 यूनिट रह गई। पिछले महीने होंडा ड्रीम की केवल 471 यूनिट की बिक्री हुई। यह फरवरी 2022 में बेची गई 15,476 यूनिट की तुलना में 96.96 प्रतिशत की गिरावट थी। फरवरी 2022 में बेची गई 3,009 यूनिट्स की तुलना में हार्नस 350 की बिक्री भी पिछले माह 89.71 प्रतिशत घटकर 319 यूनिट्स रही। ग्राजिया की बिक्री क्रमशः 97 फीसद और 95.26 फीसद गिरकर 222 यूनिट और 135 यूनिट रही। वहीं, सीबी300आर, सीबी 200एक्स, सीबीआर 650 और सीबी 500 को एक भी ग्राहक नहीं मिले। इसकी बिक्री 0 यूनिट तक गिर गई।

ग्लोबल मार्केट में होंडा नई स्कूटर की सबसे ज्यादा मांग रही। फरवरी 2023 में बिक्री 8,783 यूनिट्स रही, जो फरवरी 2022 में बेची गई 7,767 यूनिट्स की तुलना में 13.08 प्रतिशत की वृद्धि थी। नई स्कूटर की हिस्सेदारी 43.67 प्रतिशत थी। इसके बाद फरवरी 2023 में डियो स्कूटर 36.68 प्रतिशत की सालाना गिरावट के साथ 3,434 यूनिट्स के साथ नंबर 2 पर रहा, जो फरवरी 2022 में 5,423 यूनिट्स की बिक्री से कम था। होंडा यूनिकॉर्न का निर्यात फरवरी 2023 में 1700 प्रतिशत बढ़कर 2,160 यूनिट हो गया, जो फरवरी 2022 में बेची गई केवल 120 यूनिट से ज्यादा था। होंडा सीबी शाइन और एक्स-ब्लेड को फरवरी 2023 में क्रमशः 73.47 प्रतिशत और 74.55 प्रतिशत की 1,020 यूनिट्स और 796 यूनिट्स की गिरावट का सामना करना पड़ा।

हालांकि, यह ग्राजिया स्कूटर था, जिसने फरवरी 2022 में बेची गई 320 यूनिट्स की तुलना में फरवरी 2023 में 112.50 प्रतिशत की 680 यूनिट्स की मांग में कुछ वृद्धि देखी।

# तीन अंतरराज्यीय गोवंश पशु तस्कर गिरफ्तार

जनसंदेश न्यूज


पुलिस की गिरफ्तार में पशु तस्कर

**बदलापुर।** पुलिस अधीक्षक डॉ. अजय पाल शर्मा के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शैलेन्द्र सिंह के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी शुभम तोदी के कुशल पर्यवेक्षण में कोतवाली पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र भ्रमण व शांति व्यवस्था संदिग्ध व्यक्तियों वाहनों की चेकिंग दौरान मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि कुछ शातिर गो तस्कर एक पिकअप से कुछ जानवरों को लादकर तियरा होते हुए गावों के रास्ते से मछलीगाँव, बदलापुर खुर्द होते हुए मुरीदपुर के रास्ते से जाकर हाइवे पकड़कर बिहार जाने वाले है।

सूचना पर पुलिस टीम द्वारा बदलापुर खुर्द से मुरीदपुर गांव की ओर आने वाले रास्ते पर रात्रि पिकअप को रुकवाने का प्रयास किया गया। पुलिस टीम को जान से मारने की नियत से पिकअप चढ़ाने का प्रयास किया गया किंतु पिकअप अनियंत्रित होकर गढ्ढे में फंस गयी। पुलिस टीम द्वारा चार गोवध पशु तस्कर अभियुक्तों को हिरासत में लेते हुए अभियुक्तगणों को उनके अपराध से बोध कराते हुए उनके विरुद्ध थाना स्थानीय पर धारा-307 भादवि व 3/5ए/8 गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रुरता अधिनियम पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तों में सैफ शाह पुत्र मुसाफिर शाह निवासी ग्राम कोठवाँ थाना जलालपुर, सिन्टू हरिजन पुत्र मोहन हरिजन निवासी ग्राम बछाड़ी थाना सिंगरामऊ, प्रदीप कुमार यादव पुत्र फूलचन्द्र यादव निवासी ग्राम बछाड़ी थाना सिंगरामऊ शामिल रहे।

# एक और नये लायन्स क्लब जौनपुर रायल का गठन

जनसंदेश न्यूज



**जौनपुर।** लोगों की सेवा करने के उद्देश्य से जनपद में एक और नया लायन्स क्लब जौनपुर रायल का गठन हुआ। मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सौरभ कांत ने इस नये लायन्स क्लब के खुलने की घोषणा की।

नये क्लब खुलने के लिए एक बैठक संयोजक शशांक सिंह रानू की अध्यक्षता में राजमहल रेस्टोरेंट में हुई, जिसमें इस क्लब के गठन व चार्टर सदस्यों की घोषणा हुई, जिसमें चार्टर अध्यक्ष अजय गुप्ता, चार्टर सचिव रसाल बरनवाल, चार्टर कोषाध्यक्ष राजेश किशोर श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष मधुसूदन बैंकर एवं संजीव साहू बनाये गये। इस नये रायल क्लब को लायन्स क्लब जौनपुर क्षितिज ने प्रायोजित किया तथा सह- प्रायोजक लायन्स क्लब जौनपुर मेन है। क्लब के गाइडिंग लायन विष्णु सहाय बनाये गये।

इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सौरभ कांत ने कहा कि ये बड़े हर्ष व गौरव की बात है कि लायन्स क्लब इंटरनेशनल से प्रभावित होकर लोगों को सेवा पहुचाने के उद्देश्य से जौनपुर में एक और नये लायन्स क्लब का गठन हुआ है। इसके लिए उन्होंने सभी चार्टर सदस्यों व प्रायोजित क्लब को बधाई दिया।

उन्होंने आगे बताया कि लायन्स क्लब इंटरनेशनल विश्व की सबसे बड़ी समाज सेवी संस्था है जो कि विश्व के 210 देशों में सेवा कार्य कर रही है। एरिया लीडर जीएटी डा. क्षितिज शर्मा ने कहा कि लायन्स क्लब इंटरनेशनल का उद्देश्य लोगों की सेवा करना व सौहार्द बढ़ाना है। इसके लिए क्लब वृद्धि व सदस्यता वृद्धि पर विशेष बल दिया जाता है, क्योंकि जितने अधिक क्लब व संस्था में जितने अधिक सदस्य होगें उतने ही अधिक लोगों को सेवा पहुंचाई जा सकती है। इस अवसर पर टीबी मुक्त भारत अभियान के मण्डल चेयरमैन सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा, रीजन चेयरमैन अशोक मौर्य ने नवगठित क्लब के सभी चार्टर सदस्यों व पदाधिकारियों को बधाई दिया। इस अवसर पर चार्टर सदस्य अभिताश गुप्ता, रसाल बरनवाल, संजीव साहू, आशीष कुमार गुप्ता, राजेश अग्रहरी, पीयूष गुप्ता, आशीष चौरसिया, रवि कुमार शर्मा, अभिषेक बैंकर, मनोज साहू, बाल कृष्ण साहू, अभिषेक गुप्ता, रूपेश कसौधन, विनोद अग्रहरी, राकेश साहू, राजकुमार कश्यप,राजा सुचंद्र जी, शशि गुप्ता, गोपाल जी साहू, आदि उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### संचारी रोग नियंत्रण को लेकर हुई बैठक

**सुइथाकला।** स्थानीय ब्लाक मुख्यालय के सभागार में मंगलवार को खंड शिक्षा अधिकारी राजेश वैश्य व यूनीसेफ के पदाधिकारियों के संयुक्त तत्वावधान में विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान पर रोग के प्रभावी नियंत्रण एवं कार्यवाही के संबंध में शिक्षा विभाग के साथ एक आवश्यक बैठक आहूत की गई। जिसमें पदाधिकारियों द्वारा जल जनित बीमारियों और मच्छरों से होने वाली 6 जानलेवा बीमारियों के बारे में शिक्षकों संग विस्तारपूर्वक विचारों को साझा किया गया। आगामी कार्य योजना के अनुरूप कार्य संपादित करने और बच्चों को नियमित टीकाकरण के महत्त्व के बारे में जानकारी देते हुए विस्तार से बताया। गौरतलब हो कि उक्त रोग पर नियंत्रण पाने के लिए एक अप्रैल से एक माह का अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के बीपीएम पवन शर्मा व यूनीसेफ के बीएमसी अतुल कुमार सिंह समेत तमाम शिक्षक मौजूद रहे।

### गायत्री महायज्ञ की निकाली गई भव्य कलश यात्रा


कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु महिलाएं

**सुजानगंज।** स्थानीय क्षेत्र के नरहरपुर गांव में हीरालाल प्रजापति के निज आवास पर स्थापित गायत्रीपुरम परिसर में गायत्री महायज्ञ की भव्य कलश यात्रा निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं एवं बच्चियों ने अपने सिर पर कलश रखकर कलश यात्रा में चल रही थीं। कलश यात्रा के दौरान गायत्री माता के जयकारे लग रहे थे। कलश यात्रा मंदिर परिसर से निकलकर नरहरपुर गांव से सुल्तानपुर गांव होते हुए बसरही से गायत्रीपुरम में पहुंचकर यात्रा का समापन किया गया। गायत्री महायज्ञ 28 मार्च से प्रारंभ होकर 31 मार्च तक चलकर पूणार्हुति हवन एवं विशाल भंडारे के साथ संपन्न होगा। इस अवसर पर डॉ. सुरेश चंद्र प्रजापति, डॉक्टर सुभाष चंद्र प्रजापति, डॉक्टर रमेश चंद्र प्रजापति, डॉक्टर गिरीश चंद्र प्रजापति सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### श्रीमद्भागवत कथा में उमड़ी श्रोताओं की भीड़



**सुजानगंज।** जौनपुर नव दुर्गा पूजा समिति परिवार के द्वारा हरीपुर के परिसर में आयोजित साप्ताहिक श्रीमद् भागवत कथा के मुख्य कथा वाचक हरि प्रिया दास महाराज ने कथा के छठवें दिन की कथा में श्रोताओं को कथा का रसपान कराते हुए बताया कि महारास कोई साधारण रास नहीं है, जब गोपियों के देह रूपी आसक्ति छूट जाती है, देंह, गेह का भान नहीं रहता और गोपियां अनंग रूप से भगवान की सेवा में पहुंच कर अश्लेष प्राप्त करती हैं, उसी को महारास कहा जाता है। महाराज ने बताया कि महारास श्रीमद् भागवत पंचम प्राण के स्वरूप हैं। कथा में उन्होंने उद्धव चरित्र एवं भगवान श्री कृष्ण और रुक्मणी के मंगलमय विवाह का महोत्सव मनाया गया जिसमें भगवान कृष्ण और रुक्मणी विवाह की झांकी देख पंडाल में बैठे सभी श्रोताओं ने पुष्प वर्षा कर भगवान श्रीकृष्ण के जयकारे लगाए जयकारों की ध्वनि से पूरा पंडाल भक्तमय हो गया। इस अवसर पर दिनेश मिश्र (मुन्ना), शैलेंद्र मिश्रा अधिवक्ता, ओम प्रकाश उपाध्याय, प्रदीप पांडेय पूर्व प्रधान, कुलदीप शर्मा अधिवक्ता, रुस्तम अहमद, सौरभ उपाध्याय, नीरज, राहुल, सचिन, अवधेश, मुश्ताक, प्रवीण उपाध्याय, अरुण सिंह आदि सहित बड़ी संख्या में श्रोता मौजूद रहे।

# डायट प्राचार्य ने बीआरसी का किया निरीक्षण

**जायजा**

**एआरपी से दस विद्यालयों को निपुण बनाने की कार्ययोजना की ली जानकारी**

जनसंदेश न्यूज

**गौराबादशाहपुर।** डायट प्राचार्य डॉ. राकेश सिंह ने बीआरसी धमार्पुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने एआरपी से दस विद्यालयों को निपुण बनाने के कार्ययोजना के सम्बंध में जानकारी ली।

मंगलवार को डायट प्राचार्य डॉ. राकेश सिंह ने बीआरसी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपस्थित एआरपी महेंद्र यादव, अखिलेश यादव, प्रवीण सिंह व राजू सिंह से दस विद्यालयों को निपुण बनाने के कार्ययोजना के संदर्भ में जानकरी ली। डायट प्राचार्य ने बीईओ अरविंद यादव से कैशबुक व बीआरसी पर शिक्षकों को कितनी बार किन किन विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया है उसके बारे में जानकारी ली।

डायट प्राचार्य ने बीईओ को ब्लॉक क्षेत्र के समस्त प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों व शिक्षकों को नई कक्षाओं में बढ़ चढ़कर नए एडमिशन करवाने के लिए निर्देशित करने का निर्देश दिया।

इस दौरान बीआरसी कार्यालय में फाइलों का रख रखाव देख कर प्रसन्नता जताई। इस दौरान बीईओ धमार्पुर अरविंद यादव, एआरपी महेंद्र यादव, उमेश मिश्रा, राजू सिंह, अखिलेश चंद यादव, प्रवीण सिंह आदि मौजूद रहे।

# अजोशी महावीर धाम पर उमड़े श्रद्धालु



**सिकरारा।** क्षेत्र के अजोशी महावीर धाम पर मंगलवार को भक्तों का रेला उमड़ पड़ा। लोग धाम स्थित दुर्गा माता की पूजा अर्चना के साथ साथ हनुमान जी का दर्शन पूजन कर मन्नतें मांगे।

धाम के पुजारी पण्डित अरविंद शास्त्री ने बताया कि इस नवरात्रि में पड़ने वाले मंगलवार के दिन शक्ति उपासना के साथ साथ बजरंग बली की पूजा अर्चना विशेष फलदायी होती है। इस दिन धाम पर भक्तों की ज्यादा संख्या पहुंचने के अनुमान के साथ विशेष व्यवस्था की गई थी। भोर में पुजारी आकाश मिश्र की देखरेख में वैदिक मंत्रों के बीच विग्रह का भव्य श्रृंगार करते हुए मंगला आरती के साथ धाम का मुख्य कपाट भक्तों के लिए खोल दिया गया। फाटक खुलते ही श्रद्धालु मंदिर में पहुंच कर पूजन अर्चन किया। महिला श्रद्धालुओं ने पचरा सोहर गाते नाचते धाम में पहुँचकर पूजा किया। इस मौके पर स्वामी नाथ मिश्र, इन्द्रसेन सिंह, त्रिभुवन दास, हरिगेन शास्त्री व दया शंकर आदि सक्रिय रहे। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस चक्रमण करती रही।

# ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार घायल

**बदलापुर।** कोतवाली क्षेत्र के मिरशादपुर ग्राम पंचायत स्थित फोरलेन पर ट्रक की चपेट में आने से एक बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद हालात गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। यह भी बताते चलें कि प्रतापगढ़ जनपद के आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के सोनपुरा निवासी जगरनाथ गौतम जौनपुर तारीख देखने जा रहे थे। वह मिरशादपुर फोरलेन पर पहुंचे तभी एक ट्रक की चपेट में आने से घायल हो गए।

# एसी कोच में यात्रा कर रही महिला यात्री का बैग हुआ चोरी

**मीरगंज।** जंघई बाजार निवासी एक महिला का रेल यात्रा के दौरान गहनों का बैग चोरी हो गया। पीड़ित महिला के अनुरोध पर भी जंघई रेलवे पुलिस ने मुकदमा दर्ज न कर उसे वाराणसी में मुकदमा दर्ज कराने के लिए कह कर हटा दिया। जंघई बाजार निवासी अंजना जायसवाल मंगलवार को हावड़ा से पँजाब मेल ट्रेन की एसी कोच से जंघई आ रही थी। उसका गहनों वाला बैग पटना से दानापुर के बीच उचक्के लेकर फरार हो गए। उसके अनुसार कुछ नकदी के अतिरिक्त बैग में डेढ़ लाख के जेवरात थे।

## संक्षेप

### श्रीराम जन्मोत्सव शोभायात्रा कल

**गोपीगंज।** नगर में सुप्रभातम प्रचार समिति के तत्वावधान में मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्म उत्सव गुरुवार को धूमधाम के साथ संपन्न होगा। जानकारी के मुताबिक दोपहर 12:00 बजे अभिजीत मुहूर्त में भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव सदर मोहाल में मनाया जाएगा, जिसमें 51 किलो पंचामृत से भगवान श्रीराम का अभिषेक कराया जाएगा। तदुपरांत सायं काल 5:00 बजे विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी जो पूरे नगर भ्रमण करने के पश्चात समाप्त होगी। इस शोभायात्रा में भगवान श्रीराम के सुसज्जित रथ के साथ मां दुर्गा, राधा कृष्ण, बजरंगबली, श्री गणेश सहित एक दर्जन झांकियां भी निकाली जाएगी। यह जानकारी सुप्रभातम प्रचार समिति के विनीत मिश्रा चुल्ली ने दी है।

### कट्टे व जिंदा कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**गोपीगंज।** कोतवाली क्षेत्र के तिलंगा तिराहे के पास से एक युवक जिसका नाम आदर्श कुमार यादव पुत्र योगेश कुमार यादव निवासी गोबराह थाना चील्ह जनपद मिजार्पुर को गिरफ्तार कर नाजायज कट्टा व जिंदा कारतूस के साथ पकड़ने सफलता मिली है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि सोमवार को मुखबिर द्वारा पुलिस को सूचना मिली कि एक व्यक्ति अपने ननिहाल में आया हुआ है, जो किसी घटना को अंजाम दे सकता है। मुखबिर की सूचना के आधार पर चौकी इंचार्ज मनोज राय, हेड कांस्टेबल दीवान एजाज खान अपने हमाराहियो के साथ रामनवमी और रमजान के पर्व के मद्देनजर चौकसी बरत रहे थे। मुखबिर की सूचना के आधार पर ज्ञानपुर रोड स्टेशन के तिलगा तिराहे के पास युवक को घर दबोचा। पुलिस के अनुसार जामा तलाशी में उसके पास से एक कट्टा व जिंदा कारतूस बरामद हुए। पुलिस ने उसके विरुद्ध कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया।

### 20 लीटर अवैध शराब के साथ दो गिरफ्तार, भेजे गए जेल

**गोपीगंज।** चौकी इंचार्ज मनोज कुमार राय हमराह का. अतुल कुमार व उ.नि. भरतराम प्रजापति, हमराह योगेश कुमार को सूचना मिली कि दो व्यक्ति अवैध देशी शराब लेकर रामलीला मैदान में बने मंच के पास खड़े है, जो कही जाने के फिराक में सवारी के इंतजार में खड़े है यदि जल्दी किया जाए तो पकडे जा सकते हैं। मुखबिर खास की सूचना पर विश्वास कर पुलिस गिरफ्तारी एवं बरामदगी हेतु मिजार्पुर तिराहे रामलीला मैदान पहुचा तो मंच के पास खड़े दो व्यक्ति को मुखबीर ने इशारा कर बताया कि वही दो व्यक्ति खडे है जिनके हाथ में प्लास्टिक की पिपिया है। इशारा कर मौके से हट बढ़ गया जैसे ही हम पुलिस वाले आगे बढ़े कि पुलिस वालो को अपनी तरफ आता देखकर माडल शाप की तरफ मुड़कर भागना चाहे कि एक बारगी दबिश देकर माडल शाप के पीछे दरवाजे के पास पकड़ लिया गया। पुलिस के अनुसार नाम पता पूछते हुए भागने का कारण पूछा गया तो एक ने अपना नाम रितेश कुमार पुत्र रामजित राम बिन्द पता सराई मिश्रानी थाना गोपीगंज जनपद भदोही व दूसरे ने अपना नाम अतुल कुमार पुत्र घनश्याम दुबे पता सराई मिश्रानी थाना गोपीगंज जनपद भदोही बताया और तलाशी के दौरान अतुल कुमार उपरोक्त के दाहिने हाथ से 10 लीटर प्लास्टिक की एक अदद पिपिया बरामद हुयी। पुलिस ने दोनों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही के बाद न्यायालय में पेश किया। जिसके बाद उन्हें जेल भेज दिया गया।

### मौसम में पुनः होगा बदलाव, आंधी पानी की है संभावना

**भदोही।** पश्चिमी विक्षोभ का पुनः प्रभाव जनपद में 30 मार्च से 2 अप्रैल के बीच आंधी–पानी के रूप में देखने को मिलेगा। इस बीच 30 मार्च तक तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि दर्ज की जाएगी। कृषि विज्ञान केंद्र बेजवां के कृषि व मौसम विशेषज्ञ सर्वेश बरनवाल ने जारी एक प्रेस नोट के माध्यम से बताया कि 31 मार्च से 2 अप्रैल के बीच तापमान में 3 से 5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की जाएगी। 30 मार्च से 2 अप्रैल के बीच बादलयुक्त मौसम होने के साथ अच्छी बारिश के आसार है। 3 अप्रैल से मौसम साफ होने के कारण तापमान बढ़ते हुए क्रम में देखा जाएगा। जिससे 7 अप्रैल के आसपास फिर आंधी पानी की स्थितियां बन सकती है।

जनसंदेश टाइम्स प्रा. लि. के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** 8/6 ताशकंद मार्ग, सिविल लाइन्स, प्रयागराज से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।

**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**

स्थानीय सम्पादक - प्रवीण कुमार कुशवाहा

पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।

फोन नं. -0532 - 2400063

आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46202**

डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13.

# डेरवां में मां शीतला का किया अलौकिक श्रृंगार


मां शीतला का किया गया अलौकिक श्रृंगार

**चैत्र नवरात्र**

**दर्शन पूजन के लिए लगी भक्तों की कतार**

**गोपीगंज।** क्षेत्र के डेरवा भवानीपुर गांव मे गंगा तट पर विराजमान मां शीतला का अलौकिक स्वरुप मे श्रृंगार किया गया जिनका दर्शन पूजन कर श्रद्धांलु निहाल हो गये। सोमवार को मंगला आरती के साथ प्रातः काल से ही शुरू हुआ दर्शन पूजन का क्रम देर शाम तक चलता रहा।

चैत्र नवरात्र मे छठवें दिन साप्ताहिक मेला के अवसर पर मां शीतला का रंग बिरंगे सुगंधित पुष्पों से भव्य श्रृंगार कराया गया। प्रातःकाल मंगला आरती के साथ दर्शन पूजन के लिए लगी कतार लम्बी होती चली गई, देर शाम तक चले दर्शन पूजन के लिए जुटे श्रद्धालुओ के जयकारे से परिसर गुंजायमान रहा। वैसे तो यहां दर्शनार्थियों की हमेशा भारी भीड़ होती है लेकिन नवरात्र के दिनों में मेले जैसा माहौल रहता है।

## खड़ी कार का शीशा तोड़ उसमें रखा बैग उठा ले गए चोर

**भदोही।** कोतवाली क्षेत्र के स्टेशन रोड पर स्थित निर्यात भवन परिसर में मंगलवार को खड़ी एक कार के साइड का शीशा तोड़कर उसमें रखा बैग चोर उठा लें गए। पीड़ित द्वारा इसकी सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस सीसीटीवी के फुटेज को खंगालने में जुटी रही। क्षेत्र के पिपरीस गांव निवासी राजेंद्र मिश्र पुत्र स्व.श्री बब्बन मिश्र मंगलवार को अपना आधार कार्ड अपडेट कराने के लिए निर्यात भवन में आएं हुए थे। निर्यात भवन परिसर के पीछे वह अपनी मारुती स्विफ्ट कार यूपी 66 क्यूं 9522 को खड़ी कर आधार कार्ड अपडेट कराने चले गए। कार में एक आफिस बैग रखा हुआ था। कार के एक साइड के छोटे शीशे को तोड़कर उसमें रखा बैग चोर उठा ले गए। हालांकि उसमें रुपया नहीं था। चोर रुपया समझकर उसको उड़ा ले गए। जब आधार कार्ड अपडेट कराकर राजेंद्र कार के पास पहुंचे तो देखा कि अंदर रखा आफिस बैग गायब हैं। उन्होंने इसकी सूचना लिखित तहरीर के माध्यम से पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस सीसीटीवी फुटेज को खंगालने में जुटी रही। फिलहाल मामले में अभी किसी के विरुद्ध पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज नहीं किया गया था।

# नवीन शैक्षिक सत्र की शुरुआत उत्सव के रूप में करें : बीएसए

**बैठक**

**नए शैक्षिक सत्र में होने वाली गतिविधियों के संचालन हेतु बीएसए ने की बैठक**

जनसंदेश न्यूज


शिक्षक संकुलों की अनिवार्य बैठक में अपनी बातों को रखते बीएसए भूपेंद्र नारायण सिंह

**ज्ञानपुर।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान ज्ञानपुर के सभागार में मंगलवार को जनपद के शिक्षक संकुलों की अनिवार्य बैठक आहूत की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जनपद के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बीएन सिंह ने आगामी सत्र 2023- 24 की रणनीति के बारे में चर्चा की और लर्निंग आउटकम की प्राप्ति की विधियों के बारे में बताया।

बैठक का मुख्य केंद्र शैक्षिक सत्र 2023-24 में होने वाली गतिविधियों का संचालन रहा। यह बैठक कुल तीन पालियों में आयोजित की गई। प्रथम पाली में डीघ, सुरियावां और नगर क्षेत्र के संकुलों ने प्रतिभाग किया। द्वितीय पाली में अभोली और औराई के संकुल उपस्थित रहे तथा भदोही एवं नगर के संकुल तृतीय पाली में प्रतिभाग किये।

बैठक में यू डायस डेटा को भरा जाना भी महत्वपूर्ण बिंदु रहा। जिसके बारे में एमआईएस इंचार्ज महेश गुप्ता ने सभी को बताते हुए ध्यान देने योग्य बातों के बारे में सभी को बताया। उनके द्वारा गलत भरी गयी सूचनाओं को सही करने के निर्देश भी दिए गए। उसके पश्चात एसआरजी रत्नेश पाण्डेय, विनय पाण्डेय एवं धीरज सिंह ने अकाडमिक पक्ष पर चर्चा करते हुए गुणवत्ता से सम्बंधित बिंदुओं पर सभी संकुलों का उन्मुखीकरण किया गया। सभी विद्यालयों को टीएलएम आदि से सजाने और योजनाबद्ध तरीके से शिक्षण प्रक्रिया करने के बारे में बताया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र नारायण सिंह के द्वारा नवीन शैक्षिक सत्र की शुरूवात उत्सव रूप में करने हेतु सभी को निर्देशित किया गया।

# संचारी रोगों के नियंत्रण हेतु सीडीपीओ ने दिया प्रशिक्षण

जनसंदेश न्यूज


आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को संचारी रोग से सम्बंधित ट्रेनिंग देती सीडीपीओ अर्बन शाहिना महमूद

**भदोही।** सीडीपीओ अर्बन शाहिना मैहमूद ने मंगलवार को अर्बन के आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर संचारी रोग से सम्बंधित ट्रेनिंग दिया। ट्रेनिंग के दौरान बताया कि एक अप्रैल से तीस अप्रैल तक संचारी कार्यक्रम रहेगा। जिसमे 17 अप्रैल से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान चलेगा। जिसमे टीम द्वारा हर घर में दस्तक देंगी व संचारी रोगों के प्रति लोगों की जागरूक करंगे तथा लोगो को बचने का भी तरीका बताएंगी।

ट्रेनिंग के दौरान सीडीपीओ अर्बन शाहिना मैहमूद ने बताया कि आगनवाडी व आशा क्षेत्र में लोगों को जागरूक करते हुए बताएंगी की मच्छरों से बचाव का तरीका, स्वच्छ पेय जल का सेवन के बारे में, शौचालय का प्रयोग, आस पास झाड़ियों का कटाव व कूलर व फ्रिज की नियमित सफाई करते रहना है। 17 अप्रैल से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान चलेगा।

ट्रेनिंग के दौरान सीडीपीओ ने बताया कि आगनवाडी व आशा की टीम घर घर दस्तक के दौरान पांच तरह की सूचियां बनाएंगी, जिसमे मुख्य रूप से टीबी के रोगियों की सूची, बुखार के रोगियों, कुपोषित बच्चों व सांस के रोगियों की और ऐसे घरों की सूची जिनमे मच्छरों के लार्वा मिले हैं। इस मौके पर बसन्त लाल यादव (एचइओ), यूनिसेफ से जेबा अफसर बीएमसी सहित नगर की सभी आगनवाड़ी कार्यकत्रियां मौजूद रही।

# भदोही में 11 अक्तूबर से लगेगा चार दिवसीय कालीन मेला

**तैयारी**

**सीईपीसी ने की घोषणा तैयारी में जुटा परिषद**

जनसंदेश न्यूज


इम्तियाज अहमद

**भदोही।** कालीन निर्यात संवर्धन परिषद् द्वारा आयोजित 44 वा इंडिया कार्पेट एक्सपो नई दिल्ली की आपार सफलता के बाद परिषद् द्वारा 45 वा इण्डिया कार्पेट एक्सपो की घोषणा कर दिया गया है। जिसका आयोजन भदोही जिले मे बने भदोही कार्पेट एक्सपो मार्ट मे 8 अक्टूबर से 11 अक्टूबर 2023 तक होगा।

परिषद् के सक्रिय सदस्य इम्तियाज अहमद ने कहा कि भदोही जिले में पहली बार अंतर्राष्ट्रीय कालीन मेले का आयोजन अक्टूबर 2022 में हुआ था जिसमे 240 निर्यातकों के भागीदारी के साथ साथ 48 देशों के लगभग 213 विदेशी खरीदारों ने प्रतिभाग किया था। इस एक्सपो में लगभग कुल 500 करोड़ का व्यापार भी हुआ था। कालीन निर्यात संवर्धन परिषद् के सभी पदाधिकारी आगामी अंतरराष्ट्रीय इंडिया कार्पेट एक्सपो के तैयारी मे जुट गए है। और इस बार लगभग 300 निर्यातकों की भागीदारी की संभावना है। परिषद द्वारा विदेशी खरीदारों को आगामी एक्सपो की जानकारी हेतु ईमेल भी भेजा जा रहा है। अभी नई दिल्ली स्थित एन एस आई सी ओखला के प्रदर्शनी मैदान में संपन्न हुए 44 वा इंडिया कारपेट एक्सपो 15 से 18 मार्च 2023 में विश्व भर से लगभग 68 देशों से 366 विदेशी खरीददारों ने प्रतिभाग किया और और लगभग 500 करोड़ का व्यापार होने संभावना है।

परिषद के सक्रिय सदस्य ने बताया कि आगामी दिनों में होने वाली प्रशानिक समिति बैठक में एक्सपो संबंधित निर्णय लिए जायेंगे जिसमे मूल्य निर्धारण भी होगा। इस एक्सपो की बुकिंग के लिए परिषद द्वारा एक्सपो के मूल्य निर्धारण के बाद सभी निर्यातक सदस्यो को एक्सपो संबंधित विवरण सकुर्लेट किया जाएगा उसके बाद से इसकी बुकिंग शुरू हो जाएगी।



कमजोर वर्ग के बच्चों तक शिक्षा पहुंच सके इसी उद्देश्य से **हरसेवानंद** पब्लिक स्कूल की पड़ी नींव

# उच्च पद पर आसीन बच्चे बढ़ा रहे स्वामी हरसेवानंद स्कूल की शोभा

**50** बच्चों से शुरू हुआ सफर आज आठ हजार बच्चों का परिवार बना

## शिक्षा के साथ ही बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य के प्रति समर्पित हैं शिक्षक

अश्वनी कुमार श्रीवास्तव

वाराणसी। ब्रिटिश हुकुमत में ही गुरु शिष्य परम्परा हो जीवंत रखते हुए लोगों को धर्म के मार्ग दिखाने वाले बाबा स्वामी आत्मविवेकानंद महाराज ने 1925 में बनारस में गंगा के तट पर गढ़वाघाट आश्रम की स्थापना किया। शिक्षा की अलख जगाने के उद्देश्य से वर्ष 2003 में स्वामी हरसेवानंद पब्लिक स्कूल की स्थापना की गयी। जनसंदेश टाइम्स से खास मुलाकात में स्कूल के प्रबंधक बाबा प्रकाशध्यानानंद ने बताया कि विद्यालय खोलने का उद्देश्य कि हर वर्ग तक शिक्षा का संदेश पहुंचे, इसके साथ स्कूल वहां खोला जाता है जहां सही मायने में शिक्षा की जरुरत हो, बताया कि 50 बच्चों के साथ शुरू हुआ यह विद्यालय आज आठ हजार बच्चों का एक परिवार है। स्वामी हरसेवानंद पब्लिक स्कूल में बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ मानसिक स्वाथ्य पर भी ध्यान दिया जाता है इसके साथ ही स्पोटर्स पर भी विद्यालय का फोकस रहता है।



खास मुलाकात



**व्यक्तित्व** हरसेवानंद पब्लिक स्कूल के प्रबंधक बाबा प्रकाशध्यानानंद महाराज 1985 से इस आश्रम से जुड़े हैं, गुरु के प्रति समर्पित प्रकाशध्यानानंद सुबह चार बजे उठते हैं और फिर गुरू चरणों में वंदन के साथ दिनचर्या का शुभारम्भ करते हैं, जिन जिन कार्यालयों में वह बैठते हैं उन सभी स्थानों पर गुरु की फोटो जरुर है, कार्य शुरू करने से पूर्व व गुरु का स्मरण करना नहीं भूलते, इसके साथ ही वह विद्यालय की सभी शाखाओं का निरीक्षण कर वहां होने वाली गतिविधियों को समझते हैं। इसके साथ ही वह सप्ताह में एक बार चुर्क व घोरावल विद्यालय व महाविद्यायल में भी जाते हैं, किस विद्यालय में किस सामाग्री की जरुरत है मौका मिला तो वह सामाग्री खरीदने में भी झिझकते नहीं हैं। यह उनकी दिनचर्या में शामिल है। बताया कि प्रतिदिन रात 12 बजे सोते हैं।



### मेहनत पर करते हैं विश्वास

बाबा प्रकाशध्यानानंद बतातें हैं कि आश्रम की स्थापना के साथ पूज्य गुरु जी ने सभी का यह शिक्षा दी कि किसी से मांग कर नहीं बल्कि अपनी मेहनत से जीवन जीना और खाना सीखना होगा। वहीं मंत्र स्कूलों में बच्चों को भी दिया जाता है, बच्चों को बताया जाता है कि जीवन में बिना मेहनत के सफलता नहीं हासिल होगी। इसलिए लक्ष्य को तय कर मेहनत से आगे बढ़ते जाओ।

### बच्चों को उच्च पद पर देख खुशी

बाबा प्रकाशध्यानानंद ने बताया कि वर्ष 2003 से आज तक विद्यालय से सैकड़ों ऐसे बच्चें हैं जो देश भर में नामी गिरामी कंपनियों में उच्च पद पर हैं, दर्जनों बच्चों सरकारी यूनिट में भी कार्यरत हैं। बताते हैं कि ऐसे बच्चें आज भी उनके दिलों में अपने विद्यालय की स्मृति जीवंत है।

### स्पोर्ट्स में शामिल बच्चों सहित गरीब को नि:शुल्क शिक्षा

बताया कि कैरम में अव्वल आने वाले बच्चों को विद्यालय की ओर से नि:शुल्क शिक्षा दी जाती थी, चूंकि सीबीएसई की ओर से कैरम प्रतियोगिता को बंद कर दिया गया इसके बाद भी स्पोटर्स में अव्वल आने वाले बच्चों को नि:शुल्क शिक्षा दी जाती है, इसके साथ ही गरीब बच्चों को भी नि:शुल्क शिक्षा दी जाती है।

### पांच पब्लिक स्कूल व एक महाविद्यालय

स्वामी हरसेवानंद पब्लिक स्कूल गढ़वाघाट, बनपुरवां, जगतगंज, चुर्क, घोरावल और चुर्क में ही महाविद्यालय है। करीब आठ हजार बच्चे इन सभी शाखाओं में शिक्षा ग्रहण कर रहें हैं। बाबा प्रकाशध्यानानंद ने बताया कि पांच पब्लिक स्कूल नर्सरी से इंटर मीडियट तक की शिक्षा दे रहा है।

### मानसिक स्वास्थ्य पर भी ध्यान

बाबा प्रकाशध्यानानंद बताते हैं कि हॉस्टल से लगायत पब्लिक स्कूल व महाविद्यालय में बच्चों को सिर्फ किताबी शिक्षा ही नहीं दी जाती, बल्कि उनके शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य का भी ध्यान रखा जाता है। हॉस्टल में एक निश्चित समय पर सुबह योगा, ध्यान, व ईश्वरीय प्रार्थना करायी जाती है। इसके साथ ही खेलकूद में भी बच्चों को उनकी रुची के अनुसार शिक्षा दी जाती है।

### आम ओ खास भी ले सकें शिक्षा

बाबा प्रकाशध्यानानंद बताते हैं कि समाज में आम ओ खास दोनों वर्ग के बच्चों तक शिक्षा पहुंच सके इसी उद्देश्य से वर्ष 2003 में स्वामी हरसेवानंद पब्लिक स्कूल की स्थापान की गयी। विद्यालय की फीस ऐसी रखी गयी है जिससे गरीब का बेटा भी शिक्षित हो सके, क्योंकि जब समाज का प्रत्येक वर्ग शिक्षित होगा तभी सभ्य समाज की स्थापन की जा सकती है।

### बनपुरवां शाखा में भी ग्रेजुएशन की शिक्षा

बाबा प्रकाशध्यानानंद ने बताया कि आने वाले सत्र में बनपुरवां शाखा में महाविद्यालय की स्थापना कर दी जायेगी, इस पर कार्य शुरू कर दिया गया है। ग्रेजुएशन की कक्षा संचालित करने के लिए भवनों का भी निर्माण किया जा रह है। बनपुरवा शाखा में बच्चों के लिए हॉस्टल की भी सुविधा दी गयी है। इसके साथ ही आधुनिक लैब की भी स्थापित हैं जो बच्चों को उनके बौद्धिक क्षमता को विकसित करता है। बताया कि विद्यालय में लगातार आयोजनों के देखते हुए ।आयोजन से संबंधित सभी सामाग्री उनके पास है, किसी भी वस्तु को किराये पर मंगाने की आवश्यता नहीं होती है।



### पर्यावरण के प्रति बचपन से प्रेम

स्वामी हरसेवानंद के प्रबंधक बाबा प्रकाशध्यानानंद की मानें तो पर्यावरण के प्रति उन्हें बचपन से ही प्रेम था, आज भी विद्यालय के सभी शाखओं में माली को उनके द्वारा ही गमलों में फूलों की वैरायटी बतायी जाती है, इसके साथ ही उनके द्वारा स्वयं किस मौसम में कौन सा पौधा लगाना है खरीदा जाता है।

# महाश्मशान पर धधकती चिताओं के समक्ष नगर वधुओं ने पेश की नृत्यांजलि

## एक ओर घाट पर शोक-संताप, दूसरी तरफ नगर वधुओं का नृत्य

**आयोजन**

**नगर वधुओं का नृत्य देखने को लगी रही भीड़, मोक्ष की नगरी काशी में मृत्यु भी है उत्सव**





**वाराणसी।** धर्म और आध्यात्म की नगरी काशी में सैकड़ों परम्पराएं जीवंत हैं। जिनका पालन लोग सदियों से करते आ रहे हैं। समय और आवश्यकता के हिसाब से लोग इन परम्पराओं में आमूल-चूल परिवर्तन करते रहते हैं। काशी को दुनिया के सबसे पुराने धार्मिक शहर होने का दर्जा मिला हुआ है। यहां दूर-दूर से लोग दर्शन करने आते हैं। वैसे तो काशी विश्वनाथ मंदिर विश्व भर में प्रसिद्ध है, लेकिन कॉरिडोर बन जाने के बाद से विश्व भर के लोगों का यहां पर तांता लगा रहता है। काशी में शाम के समय में घाटों की खूबसूरती बेहद बढ़ जाती है। इन्हीं घाटों में से एक है काशी का महाश्मशान घाट। इस घाट के बारे में ऐसी मान्यता है कि यहां की अग्नि कभी ठंडी नहीं होती। वहीं इस घाट से जुड़ी एक और परंपरा है, जहां एक और चिता जलती है तो दूसरी ओर नगरवधूओं का नृत्य होता है। इस परम्परा को कुछ अजीब ही कहा जा सकता है। एक ओर महाश्मशान घाट पर अन्येष्टि करने आये लोग, शोक-संताप में डूबा माहौल और दूसरी ओर पांवों में घुंघरू बांधे नगर वधुओं का धधकती चिताओं के समक्ष नृत्य अपने आप में अनोखा ही कहा जायेगा। कहते हैं कि मोक्ष की नगरी काशी में मृत्यु भी उत्सव है। महाश्मशान कहे जाने वाले मणिकर्णिका घाट पर साल में एक बार ऐसा मौका आता है, जब पैरों में घुंघरू बांध नगरवधुएं धधकती चिताओं के समक्ष नाचती हैं। मंगलवार को महाश्मशान घाट पर एक बार फिर यह आयोजन किया गया। इसमें दर्जनों सजी-धजी नगर वधुओं ने नृत्यांजलि पेश की। यह आयोजन चैत्र नवरात्र की सप्तमी तिथि को आयोजित होता है।

### बाबा मसान का तंत्रोक्त विधि से हुई पूजा

मंगलवार को सायंकाल महाश्मशान घाट पर नगर वधुओं के नृत्यांजलि के पूर्व बाबा मसान का तंत्रोक्त विधि से पूजन कर पंचमकार का भोग लगाया गया। बाबा मसान का विभिन्न प्रकार के मौसमी फूलों से भव्य श्रृंगार किया गया था। नवरात्र होने के कारण बाबा मसान को शिव व शक्ति का एकाकार स्वरूप मानते हुए माता मसान काली के साथ विशेष श्रृंगार किया गया जिससे बाबा का स्वरूप देखते ही बन रहा था। श्रृंगार के पश्चात भव्य आरती की गयी। इसके पूर्व नगर वधुओं ने बाबा मसान के समक्ष नृत्य करके अपनी भावांजलि अर्पित की। नगर वधुओं का मानना है कि भगवान किसी को भी इस तरह का न बनायें। उनका कहना था कि नगर वधु के जीवन से उन्हें मुक्ति मिल जाये। बाबा मसान को भावांजलि अर्पित करने के बाद नगर वधुओं का मंच पर नृत्यांजलि हुई। बाबा महाश्मशान नाथ का त्रिदिवसीय श्रृंगार महोत्सव का मंगलवार को तीसरा दिन था।

### बम-बम बोल रहा है काशी..

महाश्मशान घाट पर नगर वधुओं के नृत्यांजलि की शुरुआत बम-बम बोल रहा है काशी से हुई। इसके बाद नगर वधुओं ने गीतों पर जोरदार नृत्य कर वहां मौजूद सभी लोगों को झूमने के लिए बाध्य कर दिया। नगर वधुओं का नृत्य देखने के लिए महाश्मशान घाट पर लोगों की भीड़ जमा थी। एक ओर घाट पर चिताएं धधक रही थी तो दूसरी तरफ नगर वधुओं का नृत्य चल रहा था। इस अवसर पर अध्यक्ष चैनू प्रसाद गुप्ता, गुलशन कपूर, बिहारी लाल गुप्ता, राजू साव, संजय गुप्ता, विजय शंकर पांडेय, मनोज शर्मा, दीपक तिवारी, बड़कु यादव, गजानन पांडेय, अजय गुप्ता समेत काफी लोग मौजूद थे।

### राजा मानसिंह की समय शुरू हुई थी यह परंपरा

समिति के अध्यक्ष ने कार्यक्रम के वर्षों पुरानी परंपरा के बारे में बताया। कहा कि यह परंपरा राजा मानसिंह के जमाने से चली आ रही है। राजा मानसिंह ने महाश्मशान नाथ मंदिर का जीर्णोद्धार कराया था। इस मौके पर राजा मानसिंह एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन कराना चाह रहे थे, लेकिन कोई भी कलाकार इस श्मशान में आने और अपनी कला के प्रदर्शन के लिए तैयार नहीं हुआ। इस सूचना से राजा मानसिंह काफी दु:खी हुए और यह संदेश उस जमाने में धीरे-धीरे पूरे नगर में फैलते हुए काशी के नगरवधुओं तक जा पहुंची। नगरवधुओं ने डरते-डरते अपना संदेश राजा मानसिंह तक भिजवाया कि यह मौका उन्हें मिलता है तो काशी की सभी नगरवधुएं अपने आराध्य संगीत के जनक नटराज महाश्मशानेश्वर को अपनी भावांजलि प्रस्तुत कर सकती हैं। राजा तैयार हो गए। इस दिन से धीरे-धीरे यह उत्सवधर्मी काशी की ही एक परंपरा का हिस्सा बन गई। तब से आज तक चैत्र नवरात्रि की सातवीं निशा में हर साल यहां श्मशानघाट पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है।

## राममय रात में डॉ. राजेन्द्र प्रसाद घाट पर रात्रि तक चलेगा भजन

**वाराणसी।** वाराणसी नागरिक मंच की ओर से 30 मार्च को सायंकाल सात बजे से डा. राजेन्द्र प्रसाद घाट पर इस बार 31वां राममय रात मनाया जायेगा। कार्यक्रम संयोजक सुरेश प्रसाद पांडेय ने बताया कि इस बार भी प्रसिद्ध गायक कलाकार गंगा तट पर भजनों की सुरगंगा बहायेंगे। भारतरत्न उस्ताद बिस्मिल्लाह खां के पौत्र आफाक हैदर शहनाई पर रामधुन पेश कर राममय रात का शुभारंभ करेंगे। इसके साथ ही डा. माधवी सिंह, सरोज वर्मा, पल्लवी पांडेय, सुमन अग्रहरि, राकेश तिवारी, ज्योति शुक्ला, अमरेश पांडेय भगवान श्रीराम की चरणों में भजनों की प्रस्तुति करेंगे। जबकि वसुन्धरा शर्मा व अमृत मिश्र का युगल नृत्य होगा। कृष्णा मोदनवाल रामजन्म महोत्सव पर नृत्य नाटिका व राधिका रंजन तिवारी हनुमान चालीसा की प्रस्तुति करेंगी। स्मृति शर्मा, शौर्य गुप्ता, अनन्या की नृत्य की प्रस्तुति होगी। रात्रि में कवि सम्मेलन होगा।

## महाअष्टमी आज, नवमी कल मनेगी

**वाराणसी।** वासंतिक नवरात्र के क्रम में अष्टमी तिथि 29 मार्च को मनायी जायेगी। जबकि नवमी तिथि 30 को मनायी जायेगी। इसी दिन कुंवारी कन्याओं व बटुकों की पूजा भी की जायेगी। प्रसिद्ध ज्योतिषी पं. विमल जैन के मुताबिक अष्टमी तिथि मंगलवार की रात्रि 7.03 मिनट पर लग गई थी। जो कि अगले दिन बुधवार 29 मार्च को रात्रि 9.08 मिनट तक रहेगी। अष्टमी तिथि की रात्रि में ही घरों में पूजा होगी। 30 मार्च को नवमी तिथि मनायी जायेगी। इसी दिन भगवान श्रीराम का अवतरण दिवस भी मनाया जायेगा। इसके साथ ही कुंवारी कन्याओं की त्रिशक्ति के रूप में पूजा अर्चना की जायेगी। कुंवारी कन्याओं को त्रिशक्ति महाकाली, महासरस्वती व महालक्ष्मी का स्वरूप माना जाता है। जबकि बटुकों को भैरव का स्वरूप माना गया है। कुंवारी कन्याओं को नवरात्र पर मिष्ठान्न, ऋतुफल व नगद द्रव्य आदि भेंट कर उनसे आशीर्वाद लिया जाता है। महानवमी को दुर्गा नवमी भी कहा गया है। जो लोग नवरात्र में नौ दिनों का व्रत न किया हो वह नवमी तिथि यानि 30 मार्च बुधवार को व्रत रख कर मां भगवती की कृपा प्राप्त कर सकते हैं। 31 को नवरात्र व्रत का पारण किया जायेगा।

## तेलियाबाग चौरा माता मंदिर से निकली बधवा यात्रा

**वाराणसी।** तेलियाबाग स्थित प्राचीन चौरा माता मंदिर में त्रिदिवसीय कार्यक्रम मंगलवार से प्रारंभ हुआ। इस क्रम में प्रथम दिन सायंकाल छह बजे तेलियाबाग से गाजे-बाजे के साथ बधावा यात्रा निकाली गई। बधावा यात्रा में पुरुषों के अलावा भारी संख्या में महिलाएं शामिल थीं। बधावा यात्रा तेलियाबाग से शुरू होकर विभिन्न इलाकों में चक्रमण करती हुई पुनः तेलियाबाग चौरा माता मंदिर आकर समाप्त हुई जहां पर रात्रि में चौरा माता की भव्य महाआरती की गई।

आरती रमेश भारद्वाज व सुरेश चन्द्र गुप्ता ने की। इस अवसर पर मंदिर में महिलाओं ने देवी गीतों की सुमधुर प्रस्तुति की। देवी गीतों की प्रस्तुति से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया था। इस मौके पर चौरा माता मंदिर में विद्युत झालरों व फूलों से भव्य सजावट की गई थी। रमेश भारद्वाज के मुताबिक 30 मार्च को रात्रि 8 बजे से कुंवारी कन्याओं का पूजन व भंडारा का आयोजन किया गया है।

## कन्याओं का पूजन कर दिया उपहार



**वाराणसी।** सामाजिक संस्था दीक्षा महिला कल्याण शोध संस्थान की तरफ से नवरात्रि के पावन अवसर पर मंगलवार को 151 कन्याओं का पूजन किया गया। पूजन के बाद सभी कन्याओं को उपहार भेंट किया गया। अपने मन पसंद उपहार पाकर सभी के चेहरे चहक उठे। रामकटोरा स्थित राणी सती मंदिर में आयोजित पूजन के प्रति संस्था की अध्यक्ष संतोषी शुक्ला ने बताया कि सनातन धर्म में नवरात्रों के समय कन्या पूजन का विशेष महत्व है, क्योंकि छोटी कन्याओं को देवी मां का स्वरूप माना जाता है। बताया कि एक कन्या को पूजने का मतलब ऐश्वर्य, दो से मोक्ष, तीन से धर्म, अर्थ, काम, चार से राज्य, पांच से विद्या, छह से सिद्धी, सात से राज्य, आठ से संपदा और नौ से पृथ्वी के प्रभुत्व की प्राप्ति होती है। इस अवसर पर संस्था के संरक्षक अजय सिंह बाबी, विजय कपूर, सुमित सर्राफ, बाबू धानुका, दीपू शुक्ला। सोची चौशन, पलक वर्मा, 9 पूनम शोभा चौरसिया, अरुण मिश्रा, पूनम सिंह आदि थे।

## जय बजरंगी जय हनुमान लाल लंगोटा लाल निशान

**प्रभात फेरी**

**धर्मसंघ से निकली हनुमान ध्वजा यात्रा**



श्री हनुमान ध्वजा प्रभात फेरी में शामिल विधायक सौरभ श्रीवास्तव

**वाराणसी।** श्री हनुमान ध्वजा प्रभात फेरी समिति के तत्वावधान में 15 दिवसीय हनुमान ध्वजा प्रभात फेरी के सातवें दिन मंगलवार को प्रातःकाल धर्मसंघ में क्षेत्रपालेश्वर महादेव मंदिर में पूजन अर्चन किया गया। मुख्य अतिथि कैंट विधानसभा के विधायक सौरभ श्रीवास्तव व कृष्ण कुमार खेमका ने भक्तों को ध्वजा देकर यात्रा की शुभारंभ की। हनुमान ध्वजा यात्रा रविंद्रपुरी, दुर्गाकुंड, त्रिदेव मंदिर होते हुए संकट मोचन मंदिर पहुंची जहां भक्तों ने प्रभु के चरणों में ध्वजा अर्पण किया। इसके पूर्व यात्रा में सबसे आगे हनुमान ध्वजा चल रही थी। गाड़ी पर संकटमोचन का तैलचित्र को गुलाब व रंग बिरंगे फूलों से सजाया गया था। यात्रा में महिलाएं पुरुष बच्चे हनुमान ध्वजा लिए चल रहे थे। रास्ते भर भक्त भजन गाते हुए चल रहे थे। बोल थे- जय बजरंगी जय हनुमान। कमल केडिया ने एक से एक भजनों की प्रस्तुति की। ध्वजा यात्रा मंदिर पहुंचकर प्रभु की आरती उतारी प्रसाद का भोग लगा, भक्तों में वितरण हुआ। संयोजन में कौशल शर्मा, विश्वनाथ पोद्दार, सुरेश तुलस्यान, अरविंद जैन, मनीष गिनोडिया, महेश चौधरी, गोकुल शर्मा, विजय मोदी, राजेश धानुका, निधिदेव अग्रवाल, मनीष लोहिया, मनीष मरोलिया रघुदेव अग्रवाल कैलाश राठी रमेश गोयल राकेश अग्रवाल कृष्ण कुमार काबरा आदि लोग शामिल थे।